RNI-MPHIN/2005/14721
Po.-Malwa Division/244/2017-2019
Despatch Date - 02 July, 2017

अंक–1 (मासिक) वर्ष–13 जुलाई 2017 मूल्य 20/–

अपनों के लिए-अपनी पत्रिका

# श्री माहेश्वरी टाईम्स

## महिला क्रिकेट की 'सुपर स्टार' स्मृति मानधना









संकल्प का एक स्वर ''जय महेश''





श्री माहेश्वरी मेलापक

वैवाहिक डायरेक्ट्री
**श्री माहेश्वरी मेलापक** 2017 (द्वितीय)
बॉयोडाटा का पंजीयन प्रारंभ

फैरों से पहले दिया पर्यावरण का संदेश

जय महेश जय महेश जय महेश

# महेशनवमी की हार्दिक शुभकामनाएँ



**HRJ GROUP**

Listen better. Plan better. Build better




HRJ TRADE CENTER

## भीलवाड़ा शहर के हृदयस्थल रोड़वेज बस स्टेण्ड के सामने सभी सुविधायुक्त एच.आर.जे. ग्रुप द्वारा निर्माणाधीन मल्टी कॉम्पलेक्स



HEMRAJ JAGETIA
Chairman



MUDIT JAGETIA
Director




HRJ PLAZA

SITE : NEHRU PALACE , OPPOSITE TO MISHRA HOSPITAL, BHILWARA

## RITU REALMART PVT. LTD.

Shop No. 2, Ground Floor, Roshan Plaza
Pur Road, Bhilwara - 311 001 (Raj.) Mob. : 98290 45908

अपनों के लिए अपनी पत्रिका

# श्री माहेश्वरी टाईम्स

RNI-MPHIN/2005/14721

अंक-1 ▸ जुलाई, 2017 ▸ वर्ष-13



प्रेरणास्रोत
स्व. श्री बंशीलाल बाहेती
स्व. श्री मदनलाल पलौड़

प्रबंध सम्पादक एवं निदेशक
श्रीमती सरिता बाहेती

सम्पादक
पुष्कर बाहेती

संरक्षक
पद्मश्री बंशीलाल राठी (चैन्नई)
श्री नेमीचन्द तोषनीवाल (कोलकाता)
श्री बनवारीलाल जाजू (इन्दौर)

अतिथि सम्पादक
लादूराम बांगड़, भीलवाड़ा

परामर्शदाता
दिनेश माहेश्वरी (भूतड़ा) मुम्बई/इन्दौर
घनश्याम करनानी (कोलकाता)

कला निदेशक
अक्षय आमेरिया

विधि सलाहकार
राजेन्द्र ईनाणी, एडव्होकेट (बागली)

सम्पादकीय सलाहकार
गोविन्द मालू (इन्दौर)
बाबूलाल जाजू (भीलवाड़ा)
बंशीलाल भूतड़ा 'किरण' (इन्दौर)



कार्यालय-
90, विद्या नगर (टेड़ी खजूर दरगाह के पीछे),
साँवेर रोड, उज्जैन-456010 (म.प्र.)
Phone : 0734-2526561, 2526761
Mobile : 094250-91161
e-mail : smt4news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती सरिता बाहेती द्वारा ऋषि ऑफसेट, श्री माहेश्वरी भवन, गोलामण्डी, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

▸ श्री माहेश्वरी टाईम्स में प्रकाशित सभी लेखों के विचारों पर सम्पादक/प्रकाशक की सहमति हो, यह आवश्यक नहीं है।
▸ सभी प्रसंगों का न्यायक्षेत्र उज्जैन (म.प्र.) होगा।

Sri Maheshwari Times
- PNB A/c. No. : 0459002100043471
  IFSC- PUNB0045900
- ICICI A/c. No. : 030005001198
  IFSC- ICIC0000300

Tariff of Membership
Rs. 800/- for Three years
Rs. 3100/- for Life Time (12 Years)





विचार क्रांति

## स्वार्थ में नहीं परमार्थ में जीएं

*आज का मनुष्य समझदार कम और स्वार्थी ज्यादा हो गया इसलिए इसके कर्म भी अब समझदारी भरे नहीं अपितु स्वार्थ भरे ज्यादा होने लगे। शुभ कर्म तो आज का आदमी कर रहा है मगर इसका उद्देश्य बदल गया है। यह अब मंदिर अर्चना करने कम और याचना करने ज्यादा जाने लगा है।*

*समझदारी की बातें करने वाला यह आदमी अपनी स्वार्थ पूर्ति के लिए कहाँ तक जा सकता है, कुछ कहा नहीं जा सकता। निम्नता का कोई ऐसा गर्त नहीं जहाँ आज का आदमी अपनी स्वार्थ सिद्धि के लिए न पहुँचा हो।*

*स्वसुख के लिए किए जाने वाला प्रत्येक श्रेष्ठ कर्म भी स्वार्थ व परहित की दृष्टि से संपन्न प्रत्येक सामान्य कर्म भी परमार्थ है। स्वार्थ क्षणिक सुख है और परमार्थ शाश्वत आनंद। अतः स्वार्थ में नहीं परमार्थ में जीना सीखो।*

# दान-धर्म का उत्कर्ष

शास्त्र कहते हैं कि उत्कर्ष की राह दान-धर्म है। चातुर्मास की परंपरा इसी का एक प्रकल्प है। हमारे धर्मगुरु चौमासों में समाज को जागृत और कर्तव्यनिष्ठ बनाकर उन्हें उत्कृष्टता की ओर जाने के लिए प्रेरित करते रहे हैं। परम्परा से मिला यह ज्ञान हमारे संपूर्ण मानस को एक दूसरे की मदद के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। समाज में भी इन दिनों कुछ ऐसा नया घटित हो रहा है, जो इस परमार्थ भावना को और मजबूत बनाता है। यही सामाजिक सद्भाव और संगठन शक्ति की नींव सींचता है। इसी भाव से समाज के बीच आपसी भ्रातृत्व का भाव पुष्पित-पल्लवित होता है, जिनके कारण समाज अक्षय वटवृक्ष का स्वरूप पाता है।

श्री माहेश्वरी महासभा की आगामी बैठक इन्हीं मनोभावों को समाज में स्थापित करने का आयाम बनेगी। महासभा में नए ट्रस्टों को मंजूरी का बड़ा मुद्दा आने की संभावना है। इसके अलावा महासभा अपने संविधान पर फिर से विचार करेगी? कोशिश यह है कि संविधान समाजजनों के लिए कैसे ज्यादा उपयोगी बन सकता है, इस पर मंथन कर निर्णय लिए जाएंगे। संविधान का सरलीकरण होना चाहिये, यह हमारा विचार है। समाज के संगठनों का फायदा समाजजनों को मिले यह जतन जिम्मेदारों को करना चाहिए। महासभा से भी समाज को यही उम्मीद रहती है।

बात परमार्थ से शुरू हुई है, तो बांगड़ मेडिकल वेलफेयर ट्रस्ट का उल्लेख जरूरी है। ट्रस्ट ने समाज को स्वस्थ्य रखने के लिए इलाज में सहायता का काम हाथ में लिया है। ट्रस्ट गंभीर बीमारी में इलाज के लिए एक लाख रुपए तक की मदद देता है। इस साल ट्रस्ट ने 250 मरीजों को मदद देना तय किया है। बद्रीलाल सोनी चेरिटेबल ट्रस्ट ने बच्चों को उच्च शिक्षा में मदद का बीड़ा उठाया तथा आर्थिक मदद सीमा भी बढ़ा दी, जिस पर 75 प्रतिशत ब्याज की मदद ट्रस्ट करेगा। इसी कड़ी में भीलवाड़ा में छात्रावास निर्माण का काम भी शुरू होने को है। परमार्थ के इन कामों के यज्ञ में जिन समाज बंधुओं की समिधा प्राप्त हुई हैं, वे निश्चित ही बधाई व सम्मान के पात्र हैं।

समाज की यही प्रेरणा बच्चों के आगे बढ़ने का मार्ग भी प्रशस्त करती है। क्रिकेट में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर समाज का नाम गौरवान्वित करने वाली स्मृति मानधना के बारे में प्रेरणीय आलेख इस अंक में आप पढ़ सकते हैं। इसके अलावा अनेक प्रेरणीय व्यक्तित्वों का परिचय कराने के साथ इस अंक में आपके लिए वह सब प्रस्तुत करने की कोशिश की है, जो आपकी जिज्ञासा शांत करें, नॉलेज बढ़ाए और प्रफुल्लित करें। आपको यह जानकर हर्ष होगा कि माहेश्वरी टाईम्स आपको आगामी माह में दो सौगात देने जा रही है। एक है, वैवाहिक डायरेक्ट्री 'श्री माहेश्वरी मेलापक' व दूसरी है, श्री माहेश्वरी टाईम्स के नागपुर विशेषांक का प्रकाशन। नागपुर देश के स्वतंत्रता आंदोलन का केन्द्र रहा है और इसके बाद भी देश के विकास में उसने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। अतः श्री माहेश्वरी टाईम्स का नागपुर विशेषांक, नागपुर माहेश्वरी समाज की गौरवशाली संस्कृति तथा उसके समाज एवं राष्ट्र को दिए गए योगदानों को नमन होगा।

श्री महेश नवमी पर देशभर में उत्साह छाया रहा, जिसे हमने समाचारों के रूप में गठित कर प्रस्तुत किया है। निश्चित ही यह अंक आपको हमेशा की तरह पसंद आएगा। अपनी प्रतिक्रिया से अवगत कराना न भूलें।



जय महेश

**पुष्कर बाहेती**
सम्पादक

*कपड़ा तथा वूलन उद्योग में भीलवाड़ा को विशिष्ट पहचान देने वाले श्री लादूराम बांगड़ का जन्म 28 दिसंबर 1952 में सालरियाकलां (बनेड़ा) जिला भीलवाड़ा में हुआ। बीकॉम तक शिक्षा अर्जन के पश्चात 1970 में वूलन का व्यवसाय प्रारंभ किया। सन 1994 में कंचन वूलंस प्रा.लि. की नींव डाली। इसके पश्चात 1996 में कंचन वूलटेक्स प्रा.लि., 1997 में कंचन स्पिनर्स व सन् 2000 में कंचन प्रोसेसर्स की स्थापना कर उद्योग जगत में अपना वर्चस्व कायम कर लिया। वर्तमान में डेनिम तथा कॉटन शूटिंग-शर्टिंग के लिए वीविंग, स्पीनिंग, प्रोसिंग व फीनिशिंग आदि सभी यूनिटों से युक्त उद्योग कंचन इंडिया लि. को चेयरमैन के रूप में संचालित करते हुए कपड़ा उद्योग के क्षेत्र में देश भर में अपनी विशिष्ट छवि रखते हैं। आपके उद्योग भीलवाड़ा के साथ ही सूरत, भदौही, फतेहनगर व ब्यावर में भी स्थापित है। आप समाजसेवा के क्षेत्र में भी सतत सक्रिय हैं। श्री महेश प्रगति संस्थान भीलवाड़ा के मुख्य संरक्षक हैं। आपके मार्गदर्शन व प्रेरणा से ही एक अंतरराष्ट्रीय स्कूल का निर्माण हो रहा है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा के लिये निःस्वार्थ भाव से ब्रजेश बांगड़ मेमोरियल हॉस्पिटल स्थापित किया है। अपने पैतृक ग्राम बनेड़ा में प्रवेश द्वार का स्व. श्री ब्रजेश बांगड़ एवं स्व. श्री सोहनलाल बांगड़ की स्मृति में निर्माण किया है। बनेड़ा में सामुदायिक केंद्र का निर्माण किया है। उनकी सेवा संस्था कंचन चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा सालरियाकलां में मंदिर, भवन व धर्मशाला आदि का निर्माण किया गया है। महेश सेवा संस्थान शास्त्रीनगर के अध्यक्ष है। आदित्य विक्रम मेमोरियल व्यापार सहयोग केंद्र में संस्थापक सदस्य के रूप में सेवा दे रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय सेवा संस्था रेड क्रॉस सोसायटी के आप भीलवाड़ा जिला चेयरमैन है। आपकी छवि समाज में एक निःस्वार्थ सेवाभावी सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में है।*



# योग्यता ही रहे नेतृत्व का मापदंड

माहेश्वरी समाज देश का सदैव ही सबसे प्रतिष्ठित समाज रहा है और उसे यह स्थान दिलाने का श्रेय हमारे पूर्वजों तथा समाज संगठन अभा माहेश्वरी महासभा के योगदानों को ही जाता है। समाज पर लक्ष्मी के साथ ही सदैव सरस्वती का भी आशीर्वाद रहा है। यही कारण है कि जब भी आवश्यकता पड़ी समाजजनों ने तन-मन-धन से राष्ट्र की सेवा की। इसका इतिहास गवाह रहा है। महासभा के योगदान भी देश के इतिहास के स्वर्णिम पृष्ठों पर अंकित हैं। महासभा ने नसिर्फ समाज अपितु राष्ट्र को भी आवश्यकता पड़ने पर मार्गदर्शित किया है। वर्तमान की बदलती परिस्थितियों में फिर देश व समाज के साथ ही समाज के युवा वर्ग की आशाएँ भी समाज संगठन पर आ टिकी हैं। हर कोई अपेक्षा कर रहा है कि महासभा बदलती परिस्थिति में वह अपनी जिम्मेदारी निभाए।

लेकिन विडंबना है कि समाज संगठन की स्थिति भी काफी कुछ हद तक देश की राजनीति की तरह ही हो गई है। समाज में नेतृत्व के पैमाने बदल गये हैं। अब पूर्व की तरह योग्यता व समर्पित सेवा भाव के स्थान पर गुटबंदी ने स्थान ले लिया है। यदि किसी प्रभावशाली गुट विशेष का सहयोग है और उसके कर्ताधर्ता चाहते हैं, तो फिर नेतृत्व के शिखर पर पहुँचने की जैसे राह ही आसान हो जाती है। जो लोग वर्षों से समाज की समर्पित भाव से सेवा कर रहे हैं और वास्तव में संबंधित जिम्मेदारी को निभाने के लिये योग्य हैं, उन्हें किनारे कर दिया जाता है। यदि यह कहें तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी कि वर्तमान में योग्यता व सेवा भावना पर धन-बल तथा गुटबंदी हावी हो गई है। इनके प्रभाव के सामने वास्तविक सेवा भावना तो जैसे इस तरह दबकर रह गई है कि उसे अपने अस्तित्व की रक्षा के लिये भी संघर्ष करना पड़ रहा है।

याद रखें समाज संगठन के पद कोई लाभ के पद नहीं हैं, अपितु ये तो विशुद्ध रूप से निःस्वार्स्थ सेवा के पद हैं और सम्पूर्ण समाज की आशा भी इसीलिये इस पर टिकी रहती है। जब इन पदों पर निहित स्वार्थ हावी होगा तो फिर आम समाजजन आशा किस से करेगा? फिर समाज संगठन के प्रति उसका विश्वास कैसे कायम रहेगा? विश्वास ही तो किसी भी समाज संगठन का आधार है और यदि यही डांवाडोल हो गया तो फिर संगठन का भविष्य कैसा रहेगा? यह विचारणीय है। आज हर कोई इस बात से व्यथीत है कि समाज की युवा पीढ़ी समाज संगठनों से दूर जा रही है। क्या इसका कारण योग्यता व सेवा भावना की यही उपेक्षा तो नहीं है?

समाज संगठन किसी भी गुट की निजी सम्पत्ति नहीं है कि उसके बारे में वह अपने स्तर पर जैसा चाहे वैसा निर्णय कर ले। वह अपनी पसंद-नापसंद को समाज पर थोपता रहे। संगठन तो समाज की आन-बान-शान है, जिसे कायम रखने का अधिकार भी सभी का है और जिम्मेदारी भी सभी की। अतः आम समाजजन की भावना का सम्मान जरूरी है। आम समाजजन को गुटबंदी नहीं बल्कि ऐसा सेवाभावी नेतृत्व चाहिये जो वास्तव में उस पद के योग्य हो और उसमें समाज को उन्नति की ओर ले जाने की क्षमता हो। इतिहास गवाह है कि जहाँ भी योग्यता की उपेक्षा हुई वहाँ उन राष्ट्रों तक का अस्तित्व ही नष्ट हो गया। अतः हम आज भी सचेत हो जाएँ तो कोई बुराई नहीं है, अन्यथा इतिहास हमें माफ नहीं करेगा।

आईये इस पावन पर्व पर संकल्प लें कि हर स्वार्थ व गुट से परे रहकर समाजहित को ही सर्वोपरि रखेंगे। आखिर समाज है, तभी तो संगठन है और तभी हम हैं।

**लादूराम बांगड़,**
अतिथि संपादक

# आनंद इलेक्ट्रिक एण्ड इंजि. स्टोर



राधेश्याम बाहेती

डिस्ट्रीब्यूटर -
फ्लोटोप सबमर्सिबल पम्प, स्वास्तिक व
मधुरम् फ्लोर मिल्स, सर्विस पम्प इक्वपमेंट व
मिराज पाईप्स के होलसेल व रिटेल विक्रेता




काबरा गली, बाजार नं. 2 के पीछे, भोपालगंज, भीलवाड़ा फोन - 01482-223045

# बाहेती एग्रो एण्ड इलेक्ट्रिक कारपोरेशन



ललित बाहेती
94133-58045

डिस्ट्रीब्यूटर -
शार्प पम्पस कोयम्बटुर रक्षा पाईप्स
बैंगलोर, फिल्ड मार्शल इंजन व
सभी तरह की मशीनरी के विक्रेता




8, यश काम्पलेक्स, मुरली विलास रोड, भीलवाड़ा (राज.) फोन - 01482-221007



# माहेश्वरी एग्रो पम्पस एण्ड पाईप्स

उन्नति



डिस्ट्रीब्यूटर - उन्नति व सिल्वर सबमर्सिबल पम्प
सभी तरह के जी.आई., सी.आई पाईप्स, पी.वी.सी. पाईप्स व
मशीनरी के होलसेल व रिटेल विक्रेता

दिलीप बाहेती
98282-99237

होटल रिषभ के नीचे, इन्द्रा मार्केट, भीलवाड़ा (राज.)



कल्पना बाहेती

# कल्पना साड़ीज

सुपरनेट, कलकत्ता, सिन्थेटिक वर्क साड़िया,
वैवाहिक साड़िया
मिलने का विश्वसनीय स्थान



एच-26, आजाद नगर, भीलवाड़ा (राज.) फोन - 7568933990

# श्री लिकासण माताजी



▸▸ नवल माहेश्वरी ( लाखोटिया ) 9302220236

**इस कॉलम में हम माहेश्वरी समाज की कुलदेवियों की जानकारी प्रकाशित कर रहे हैं। इस बार प्रस्तुत है श्री लिकासण माताजी । यह झंवर खिवसरा व धूत खाँप की कुलदेवी है। आईए आपको ले चलें माताजी के धाम।**

श्री लिकासण माताजी अपने चमत्कारी प्रभाव के कारण माहेश्वरी समाज के सभी खाँपों की भी आराध्य है। साथ ही अन्य सभी जातियों के श्रद्धालु भी इनके प्रति अटूट श्रद्धा रखते हैं। माताजी का मूल शक्तिपीठ राजस्थान में नागौर शहर से जयपुर हाई-वे पर छोटी खाटु के पास लिकासण गाँव में है। माताजी का यह शक्तिस्थल स्वयंभु तथा जागृत देवस्थान है। पूराने मंदिर का निर्माण एक हजार साल पूराना बताया जाता है। माताजी की मूर्ति माँ दूर्गा स्वरुप है। मुस्लिम बादशाहों के अतिक्रमण से आज तक पाँच बार मूर्तियाँ स्थापित की गईं। वर्तमान मूर्ति की स्थापना सन् 1438 में वहाँ के नाथजी ने की थी ऐसी मान्यता है।

## चमत्कारिक स्थल

विविध बाधा, व्याधी, संतति, विवाह, शत्रुनाश, आर्थिक सुबलता, कुटम्ब सुख, शांति तथा आरोग्य के लिये श्रद्धालु यहाँ पूजन व आराधना करते हैं। विशेष रूप से विवाह व पुत्र कामना के लिये आने वाले व कामना पूर्ति पर माताजी की मानमिन्नत पूरी करने वाले श्रद्धालुओं की यहाँ अक्सर भीड़ लगी रहती है।

## नवरात्रि उत्सव

माताजी को धूप-दीप कर दूध लापसी व चुरमा का भोग लगाया जाता है। मांगलिक अवसर पर छत्र व वस्त्रालंकार भी भेंट किये जाते हैं। यहाँ दोनों नवरात्रि में नवमी को विशेष उत्सव आयोजित किये जाते हैं।

## यह हैं वर्ज्य

दांत की बनी चुड़ियाँ, बजने वाला घुंघरु, पैरों में पहना जाने वाले डुंगरो गहना, सांकल या चेन वाले गहने, घर का पालना आदि।

## क्षेत्रपाल हैं कालभैरव

माताजी के क्षेत्रपाल मंडोर के कालभैरव हैं। यहाँ माघ सुदी चतुर्दशी व वैशाख सुदी चतुर्दशी को वर्ष में दो बार विशेष पूजन होती है व बाटी चुरमा का भोग लगता है।

## मंदिर का जीर्णोद्धार

मंदिर अति प्राचीन हाने से जीर्णशीर्ण हो अपना अस्तित्व खो रहा था। इसके जीर्णोद्धार के लिये कुलस्वामिनी श्री लिकासण माता ट्रस्ट, नासिक का गठन किया गया। ट्रस्ट के द्वारा मंदिर का जीर्णोद्धार किया जा रहा है।

## कैसे पहुंचे

श्री लिकासण माताजी का मंदिर राजस्थान में नागौर शहर से जयपुर हाईवे पर छोटी खाटु के पास लिकासण में स्थित है। जोधपुर एवं नागौर दोनों ही देश के सभी बड़े शहरों से रेल मार्ग से जुड़े हुए है। विमान यात्रा के लिए जोधपुर सबसे नजदीक हवाई अड्डा है।

## उत्तमकृषि के लिए नेचुरल टेक्नालाजी अपनाएँ, भूमि को अधिक उपजाऊ व पौधों को निरोगी तथा वातावरण को प्रदुषण रहित बनाएं




उत्तम गुणवत्तायुक्त स्वस्थ व अधिकतम उपज के लिए

# स्वर्णफल पत्रफुहार

सर्वश्रेष्ठ उत्तम गुणयुक्त सुक्ष्मपोषक बल

**A Best Multi Micronutrient Power for all Crops**

## संत्रे व मोसम्बी पर आती डैब्याक व्याधि को प्रभावशाली ढंग से रोकने के लिए




नेचुरल बयो पेस्टिसाइड

# रैडान + जेट्रान




नेचुरल बयो फंजीसाइड

## विश्वास के लिए पहले कुछ पौधों व पेड़ो पर उपयोग करें और फायदा देखें फिर अपनाएं।

डैब्याक व्याधि के निवारण कि जानकारी के लिए संपर्क करें

रतनलाल मूंदड़ा 09000400360

बृजगोपाल मूंदड़ा 09440295365

**Vijayashri Agro Chemicals Pvt. Ltd.**

Regd. Office : 14-6-407/A
Begum Bazar, Near Maheshwari Bhawan,
Hyderabad-500 012 (T.S.) Bharat
Tel. No. 040-2465 2441, 2465 2447

# सिलीगुड़ी रानीडांगा में बनेगा अत्याधुनिक माहेश्वरी कॉलेज

## तीन वर्षों में पूर्णता के संकल्प के साथ शिलान्यास एवं भूमिपूजन सम्पन्न




**सिलीगुड़ी.** समीप स्थित रानीडांगा एसएसबी कैम्प के पास एक भव्य समारोह में एक कदम शिक्षा की ओर बढ़ाते हुए "उत्तर बंग माहेश्वरी कॉलेज" का शिलान्यास एवं भूमिपूजन समारोह गत 16 मई को सम्पन्न हुआ। भूमिपूजन मनोरमा देवी झँवर ने अपने परिवारजनों के साथ विधिवत किया। उत्तर बंगाल माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट सिलीगुड़ी की ओर से बनाये जा रहे इस कॉलेज के भूमिपूजन समारोह में बड़ी संख्या में सिक्किम, नेपाल, कोलकाता सहित इस क्षेत्र के सभी जिलों से आये हुए समाजबंधु एवं प्रतिनिधि उपस्थित थे। मुख्य अतिथि अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के सभापति श्याम सोनी, नागपुर एवं महासभा के निवर्तमान सभापति कोलकाता के जोधराज लड्ढा थे। विशिष्ट अतिथि अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के पूर्वांचल उपाध्यक्ष काठमांडू के रमेश तापड़िया, पूर्वांचल संयुक्त मंत्री कोलकाता के नंदकिशोर लखोटिया, बंगाल प्रादेशिक माहेश्वरी सभा अध्यक्ष जयकिशन माहेश्वरी एवं अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी युवा संगठन अध्यक्ष गुलाबपुरा के राजकुमार काल्या थे। समारोह में ग्राम पंचायत प्रधान अनिमा सिंह भी मौजूद थीं।



### मात्र दो हजार समाजजनों का हौसला

ट्रस्ट के अध्यक्ष ओमप्रकाश मूंधड़ा ने अपने स्वागत भाषण में बताया कि सिलीगुड़ी में माहेश्वरी समाज की कुल जनसंख्या मात्र दो हजार के लगभग है और इतने में एक अत्याधुनिक कॉलेज का प्रकल्प पूरे माहेश्वरी समाज के लिये गौरव की बात है। प्रबंध न्यासी प्रकाश पेड़ीवाल ने ट्रस्ट द्वारा किये जा रहे कार्यों का संक्षिप्त ब्यौरा प्रस्तुत किया। ट्रस्ट की शिक्षा कमेटी के चेयरमैन राजेंद्रप्रसाद मूंधड़ा ने कॉलेज की जानकारी देते हुए बताया कि इस कॉलेज को 3 वर्ष में शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है। हमारा उद्देश्य है कॉलेज में कम से कम खर्च में बेहतर से बेहतर शिक्षा प्रदान करना। शुरुआत में कॉलेज में बीकॉम और बीए की शिक्षा प्रारंभ होगी एवं फिर चरणबद्ध तरीके से कई अन्य कोर्स जुड़ते रहेंगे। इसके अलावा कॉलेज में खेलकूद मैदान के साथ-साथ वॉलीबॉल कोर्ट, बैडमिंटन कोर्ट, ऑडिटोरियम की योजना है और यह कॉलेज शिक्षा जगत में एक आयाम स्थापित करेगा। शुरू के चरण में 30,600 वर्गफुट का निर्माण होगा। भविष्य में अन्य योजना के अलावा छात्रावास बनाना भी प्रस्तावित है। इस अवसर पर बाहर से आये सभी अतिथियों ने भी अपनी शुभकामनाएँ प्रदान करते हुए इसकी प्रशंसा की। मुख्य अतिथि श्री सोनी ने दान की महिमा बताते हुए कहा कि साथ में कुछ नहीं जाता, जितना हो सके उतना परोपकार का कार्य करना चाहिये। जिस प्रकार तप से मन शुद्ध होता है उसी प्रकार दान से धन स्वच्छ होता है। श्री सोनी ने सिलीगुड़ी माहेश्वरी समाज को कहा कि वह एक कदम और आगे बढ़े और आगामी दिनों में माहेश्वरी यूनिवर्सिटी की परिकल्पना करें क्योंकि सिलीगुड़ी माहेश्वरी समाज जिस सोच के साथ आगे बढ़ रहा है वह इस कार्य को जरूर पूरा कर सकता है।

### दानदाताओं का किया स्वागत

समारोह में दानदाताओं का स्वागत भी किया गया। इनमें दानदाता भूमि तल के मर्दा परिवार सिलीगुड़ी, प्रथम तल के स्व. बजरंगलाल मूंधड़ा परिवार सिलीगुड़ी, प्रशासनिक विभाग के श्री डूढानी परिवार सिलीगुढ़ी कोलकाता, पुस्तकालय के हरिकिशन कल्लानी सिलीगुड़ी, सेमिनार हॉल के स्व. रामचंद्र तोषणीवाल परिवार सिलीगुड़ी, भीतरी मार्ग के राठी परिवार सिलीगुड़ी (जैतपुर निवासी), जनरेटर एवं विद्युतीकरण के ओमप्रकाश मूंधड़ा परिवार सिलीगुड़ी, लिफ्ट के ईश्वरीप्रसाद बिहानी परिवार सिलीगुड़ी, कैंटीन के नर्बदादेवी पेड़ीवाल परिवार सिलीगुड़ी, बैडमिंटन कोर्ट के भीकमचंद गट्टानी परिवार सिलीगुड़ी एवं वॉलीबॉल कोर्ट के सीतादेवी राठी, मिरिक का अभिनंदन एवं स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन गौरी तोषणीवाल एवं प्रवीण झँवर ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम के कुशल आयोजन में ट्रस्ट, माहेश्वरी सभा सिलीगुड़ी, महिला मंडल एवं युवा संस्था की पूरी टीम का संयुक्त योगदान रहा। कार्यक्रम में सिलीगुड़ी के अन्य सभी समाजों के प्रतिनिधि भी मौजूद थे।

महेश नवमी के पावन पर्व की समस्त
माहेश्वरी बन्धुओं को हार्दिक शुभकामनाएँ

।। जय महेश ।।



सुभाषचन्द्र जागेटिया



राकेश जागेटिया
94144-25053

रूपनारायण
तम्बाकू भण्डार

जर्दा, तम्बाकू व बीड़ी के व्यापारी

बाजार नं. 3, भोपालगंज, भीलवाड़ा (राज.)-311001
फोन : 01482-226393

*With Best Compliments From*

GOKULDHAM

ROW HOUSES

.......... Icons of luxurious living

FEATURES AND AMENITIES



**Features and Amenities**

1. Architecture planning as per vastu norms
2. Earthquake resistant framed structure
3. Attractive Flooring of Marble/Vitrified Tiles
4. POP Punning to walls and ceiling with decorative.
5. ISI mark 30 mm flush Doors with stainless steel fittings cornice
6. Water proof Exterior paint finish-overhead tank for water supply
7. Home Security System (Optional)
8. A.C. Pipe Fitting, T.V. & Telephone Points in Living Room & Bedrooms
9. Designer Main Door and Windows
10. Designer Tiles in Bathroom floor and up to 7ft. height on wall
11. Branded Sanitary ware and plumbing Fittings.
12. Modern electrical system with concealed copper wiring
13. Branded & Modular switches & accessories with Circuit Breaker
14. 24 hour water supply

Kailash Chandra Kothari 98290-47936 | Anurag Kothari 97838-99999 | Jugal Kishore Kothari 98292-47936 | Abhishak Kothari 98285-88222

**BHILWARA CONSTRUCTION PVT. LTD.**

**Sales Office -** Office No. 26 to 29 Ground Floor Indraprastha Tower, Near Mukharjee Garden
Sham Ki sabji Mandi, BHILWARA - 311001 (Raj.)
Office : 01482-237272 Mob. : 94141-14230, 98292-47936, 98285-58222

*With Best Compliments*



Er. Amit Jakhetiya
94141-15702

reflection of life and style

Er. Brij Kishore Kabra
+91-94141-14933
+91-99290-14933







**Architectural**

**Interiors**

**Surveyors**

**Structural**

**Panel Valuers Banks**

**Vastu consultancy**

**Landscape design**

**Authorised Planner MCB**





17/141, Rang Bhawan Opp. Kamla Niwas, Near Veer Gurjar Halwal Bhopal Ganj, BHILWARA
Phone : +91-1482-224702 E-mail : amitaks78@gmail.com, aksassociatesbhilwara@gmail.com

## सभापति ने किया अहमदाबाद का भ्रमण



**अहमदाबाद.** गत 28 मई को महासभा के सभापति श्याम सोनी ने अहमदाबाद का एक दिवसीय भ्रमण किया। इसमें उनके साथ उपाध्यक्ष मध्यांचल मोहन राठी भी थे। अहमदाबाद निवासी संयुक्त मंत्री शरद गट्टानी ने अहमदाबाद व गुजरात के सभी साथियों के साथ अहमदाबाद रेलवे स्टेशन पर स्वागत किया। इसी दिन गुजरात प्रांतीय माहेश्वरी सभा की प्रथम कार्यसमिति व प्रथम कार्यकारी मंडल की बैठक भी आयोजित की गई थी। इसमें श्याम सोनी, मोहन राठी व शरद गट्टानी की विशेष उपस्थिति रही। सभी ने आशा जताई कि प्रदेशाध्यक्ष त्रिभुवन काबरा एवं मंत्री कृष्णकुमार चांडक व अन्य पदाधिकारियों की नई ऊर्जावान टीम गुजरात को एक मॉडल स्टेट के रूप में पूरे भारतवर्ष में प्रतिष्ठित करेगी। इस अवसर पर लिये गये महत्वपूर्ण निर्णय में प्रदेश कार्यसमिति सदस्यों के लिए कम से कम पांच बैठक में उपस्थिति अनिवार्य कर दी गई है। अहमदाबाद जिला माहेश्वरी सभा के द्वारा रात्रि में एक विशेष बैठक का आयोजन श्री माहेश्वरी सेवा समिति के तत्वावधान में किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महासभा अध्यक्ष श्याम सोनी, विशेष अतिथि उपाध्यक्ष मोहन राठी एवं संयुक्त मंत्री शरद गट्टानी थे। प्रदेशाध्यक्ष त्रिभुवन काबरा, मंत्री कृष्णकुमार चांडक तथा प्रदेश सभा के सभी पदाधिकारी भी विशेष रूप से आमंत्रित थे। इस अवसर पर महासभा के पूर्व महामंत्री व भाजपा के राजस्थान प्रदेश कोषाध्यक्ष रामकुमार भूतड़ा विशेष रूप से उपस्थित थे।

## जल मंदिर की सेवा प्रारंभ



**रतलाम.** शहर के व्यस्ततम बाजार चांदनी चौक में माहेश्वरी सेवा संगठन के जल मंदिर का पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा ने शीतल जल ग्रहण कर शुभारंभ किया। इंदिरा डागा, संतोष काकानी, मधु बाहेती, माधव काकानी, अनिल गगरानी, गोपाल काबरा, द्वारका धूत, घनश्याम लोहिया, राधेश्याम काबरा सहित कई गणमान्यजन मौजूद थे।

"जिसकी कोई गारंटी नहीं
उसका नाम है जिंदगी,
जिसकी गारंटी है
उसका नाम है मौत!!"


महेश नवमी के पावन पर्व की समस्त
माहेश्वरी बन्धुओं को हार्दिक शुभकामनाएँ

॥ जय महेश ॥



Sunil Sodani
98290-46313



Mitesh Samdani
98290-57313

NUTAN CARGO MOVERS

# Nutan Cargo Movers

Fleet Owner & Transport Contractors

## Nutan Road Lines

Hed Office : 2-3, Transport Nagar, Bhilwara-311 001 (Raj.)
Ph. : 01482-242693, 243693, 320693 E-mail : ncm.bhl@gmail.com

Bhiwandi Office : Godown No. 7, Gajanan Wafekar Compund, Opp. Khanda Gale Estat, Purna Village
Ph. : 02522-325439, 93268-02736

Vapi Office : Plot No. 136/B IInd Phase, Near Sai Tech, Behind Seema Weight Bridge Mobile : 93770-11109
Tarapur Office : 097309-08163 Ullasnagar - 98900-08123




के पावन पर्व पर समाज बन्धुओं एवं
बहिनों को हार्दिक शुभकामनाएं

## ममता मोदानी

उपाध्यक्ष (पश्चिमांचल)
अ.भा. माहेश्वरी महिला संगठन
अध्यक्ष – साहित्यांचल भीलवाड़ा

## सभापति का उत्तर बंगाल भ्रमण

**सिलीगुड़ी.** गत 5 व 6 मई को महासभा अध्यक्ष श्याम सोनी, पूर्वांचल उपाध्यक्ष रमेश तापड़िया एवं संयुक्त मंत्री नंदकिशोर लखोटिया उत्तर बंगाल के सिलीगुड़ी एवं कूच बिहार में समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में सम्मिलित हुए। 5 मई को ही सायंकाल उत्तर बंग माहेश्वरी सभा के आतिथ्य में सामाजिक चिंतन बैठक का आयोजन किया गया। इसमें तीनों राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने समसामयिक विषयों पर अपने विचार रखे। अगले दिन 6 मई को उत्तर बंग माहेश्वरी शिक्षा केंद्र के शिलान्यास समारोह में श्री सोनी ने "महासभा तब से अब तक" के तहत किये गये सामाजिक कार्यों पर प्रकाश डाला। 6 मई को सायंकाल कूच बिहार माहेश्वरी समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में भी तीनों राष्ट्रीय पदाधिकारी सम्मिलित हुए एवं वहां के समाजजनों के साथ अपने विचार भी रखे।

## दुल्हा–दुल्हन ने दिया प्रदूषण मुक्ति का संदेश



**भीलवाड़ा.** सात फेरे लेकर उन्हें अपने वैवाहिक जीवन की शुरुआत करनी है, मगर इससे पहले उन्होंने साइकिल चलाकर आमजन को प्रदूषण मुक्ति का संदेश दिया। यह अवसर था भीलवाड़ा में पूजा जाजू व रवि अजमेरा की शादी का। इसके साक्षी भीलवाड़ा जेल उपाधीक्षक सुमन मालीवाल व वयोवृद्ध गांधीवादी रतनलाल अजमेरा बने। वरिष्ठ परिजन श्याम-सुनीता जाजू व सत्यनारायण-लाड़ अजमेरा ने भी दूल्हा-दुल्हन की इस इच्छा का स्वागत किया। शादी में आये मेहमानों व परिजनों ने भी दूल्हा-दुल्हन के साथ साइकिल चलाई। पर्यावरणविद् व साइकिल क्लब सदस्य बाबूलाल जाजू ने बताया कि क्लब सदस्य लक्ष्मीनारायण डाड, गोपाल अजमेरा, गोपाल मेलाना, अतुल राठी, अरुण मुछाल, गिरीराज अजमेरा आदि मौजूद थे।

# राजस्थान बुक ऑफ रिकार्ड्स का विमोचन

**जोधपुर.** गत 2 जून को शाम 5 बजे होटल चंद्रा इन में राजस्थान बुक ऑफ रिकार्ड्स की भव्य लांचिंग हुई। इस अवसर पर सहसंस्थापक व अध्यक्ष विकास चांडक ने स्वागत उद्बोधन में संस्था का परिचय करवाया। साहित्यकार हरिप्रकाश राठी ने गीता के श्लोक "योगा कर्मेशु कौशलम" को उद्धृत करते हुए कहा कि उत्कृष्ट कार्य में ईश्वर का निवास है। कौशल से कार्य करना योग ही है। उन्होंने प्रतिभाओं को चयनित कर जगजाहिर करने को आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत बताया। मुख्य अतिथि महापौर घनश्याम ओझा, विशिष्ट अतिथि महेंद्रसिंह राठौड़ एवं केंद्रीय ऊन बोर्ड एवं "आज की सभा" के अध्यक्ष जसवंतसिंह विश्नोई ने ऐसी संस्थाओं को समय की जरूरत बताया। पूर्व न्यायाधिपति मुरलीधर वैष्णव ने चयन पूर्व विशेषज्ञों की राय लेने का सुझाव दिया। दुरागसिंह खींवसर, हनुमान खमठा, नीलम मूंदड़ा, स्वाति जैसलमेरिया आदि गणमान्यजन मौजूद रहे। इस अवसर पर साहित्य वर्ग में डॉ. हरिदास व्यास, संगीत वर्ग में ललित व्यास, क्रो कालिंग में कीर्तिनारायन शर्मा तथा साफा बांधने में पारंगत शेरसिंह को भी राजस्थान बुक ऑफ



रिकॉर्ड का प्रमाण-पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। आभार संस्थापक राजेश माहेश्वरी ने माना। अतुल दुबे इंटरनेशनल अंपायर जिन्होंने भारत को टेबल टेनिस में रिप्रजेंट किया है, संस्था के ब्रांड प्रमोटर हैं।

## सेल्फी फोटो व स्लोगन स्पर्धा

**मालेगांव.** रिश्तों को मजबूत बनाने की कड़ी में सेल्फी फोटो स्लोगन स्पर्धा स्थानीय महालक्ष्मी माहेश्वरी महिला मंडल व माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा आयोजित की गयी। प्रतियोगियों ने 'सेल्फी रिश्तों की ओर-स्लोगन के साथ लिखकर भाग लिया। कार्यक्रम जिल्हा उपाध्यक्ष मंगला पोरवाल की उपस्थिति में हुआ। निशा काबरा, शमा जाजू, मंजू



आगीवाल, शारदा लाहोटी, वंदना जाजू, जयश्री जाजू का योगदान रहा। बतौर परीक्षक श्री सोनवने व सुमिता मूंदड़ा उपस्थित थीं। बीना भंडारी व आशा तापड़िया विजेता बने। मंडल अध्यक्ष सरिता बाहेती व जयश्री काबरा ने सभी का आभार माना।

## मूंदड़ा का किया अभिनंदन

**भीलवाड़ा.** अंतरराष्ट्रीय माहेश्वरी कपल क्लब के उदयपुर जिलाध्यक्ष राजेंद्र मूंदड़ा के भीलवाड़ा आगमन पर भीलवाड़ा शाखा द्वारा एक सादे समारोह में स्वागत किया गया। इस अवसर पर क्लब के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. अशोक सोडानी, प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश सोनी, जिलाध्यक्ष राकेश जागेटिया एवं जिला उपाध्यक्ष सुनील सोनी आदि मौजूद थे। भीलवाड़ा के जिलाध्यक्ष राकेश जागेटिया ने बताया कि इस अवसर पर जून माह में क्लब द्वारा जिलाध्यक्ष श्री मूंदड़ा के नेतृत्व में ब्लड ग्रुप चैकअप कैम्प तथा विभिन्न बीमारियों के निदान हेतु मेडिकल कैंप लगाने का निर्णय भी लिया गया।

स्थापित : 1969

" जय महेश "

पंजीबद्ध संस्था

समाजबन्धुओं के समर्पण का प्रतीक, मानव सेवा को समर्पित,
तीव्र गति से विकास-पथ पर अग्रसर,आपकी सबकी आस्था का केन्द्र



# श्री अखिल भारतीय माहेश्वरी सेवा सदन

प्रधान कार्यालय – महेश मार्ग, पुष्कर – 305022 (राजस्थान)

फोन : 0145-2772038, 2773451, मो. 9828247741

Email : abmsevasadan@gmail.com ★ Website : www.maheshwarisevasadan.com / www.abmssp.com

## सेवा सदन द्वारा संचालित आवास एवं भोजन की समुचित व्यवस्थाएं विभिन्न भवनों एवं तीर्थस्थलों पर उपलब्ध हैं :

महेश मार्ग रमणरेती रोड़,
वृन्दावन-281124 (उत्तरप्रदेश)
फोन : 0565-2540421, मो. 09412280732

दुधाधारी मंदिर के सामने, ऋषिकेश रोड़,
हरिद्वार-249401 (उत्तराखण्ड)
फोन:01334-261636, 261141 मो. 09897125873

बस स्टेण्ड के पास,
बद्रीनाथ - 246422 (उत्तराखण्ड)
फोन : 01381-222237

नाथूवास रो, नाथद्वारा-313301
जिला-राजसमंद (राजस्थान)
फोन : 02953232301,231379

केलवाड़ा रोड़, चारभुजा-गढबोर-313333
जिला-राजसमंद (राजस्थान)
फोन : 02954-248200

पोकरण रोड़, रामदेवरा - 345023
जिला- जैसलमेर (राजस्थान)
फोन : 02996-235080

परिक्रमा मार्ग, मुखारविन्द के पास जतीपुरा-281502
वाया-गोवर्धन, जिला मथुरा (उत्तर प्रदेश)
मो. 09760596727

प्लॉट नं. 7-8, रामसुख नगर,
क्यूरियो क्राफ्ट रोड़ नं. 11 के पास,
एम्स रोड़, बासनी, जोधपुर (राजस्थान)

मुख्यालय – पुष्कर, शाखा – वृन्दावन, हरिद्वार, नाथद्वारा, चारभुजा–गढ़बोर में
अग्रिम कमरा आरक्षण हेतु वेब–साईट का उपयोग कर लाभ उठावें।

### विशेष जानकारी एवं निवेदन

समाजबन्धुओं की बेहद मांग के अनुरूप सेवा सदन द्वारा भगवान श्री जगन्नाथ जी की पावन धरा जगन्नाथपुरी में भवन–निर्माण हेतु मन्दिर के समीप सुन्दर भूखण्ड क्रय कर लिया गया है। जिसकी रजिस्ट्री करवाकर शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ करवाया जाना है।

**अतः भूमि क्रय में आर्थिक दान प्रदान कर पुण्य प्राप्त करें।**
**आपके आर्थिक सहयोग राशि पर 80–जी की छूट प्राप्त होगी।**

## साइकिल सवार का किया स्वागत



**भीलवाड़ा.** पर्यावरण संरक्षण, अच्छे स्वास्थ्य व लंबी उम्र के लिए लोगों में अलख जगाने 22 हजार किलोमीटर की साइकिल यात्रा पर निकले हैदराबाद निवासी संदीप रेड्डी का भीलवाड़ा पहुंचने पर भीलवाड़ा साइकिल क्लब ने खादी की माला, शॉल व पगड़ी पहनाकर सर्किट हाउस पर स्वागत किया। पर्यावरणविद व साइकिल क्लब के सदस्य बाबूलाल जाजू ने बताया कि यूआईटी चैयरमेन गोपाल खंडेलवाल, क्लब संयोजक त्रिलोक छाबड़ा, सहसंयोजक पूर्व न्यास अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण डाड, गोपाल मेलाना, अरुण मुछाल, अर्पित कोठारी सहित कई सदस्य मौजूद थे।

## उत्कल प्रादेशिक सभा के चुनाव सम्पन्न



**बालेश्वर.** गत 14 मई को उत्कल प्रादेशिक माहेश्वरी सभा का सत्र 2016-19 का चुनाव बालेश्वर जिला माहेश्वरी सभा के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। चुनाव पर्यवेक्षक कोलकाता के चांदरतन चांडक व संपतकुमार मानधन्या तथा मुख्य चुनाव अधिकारी शशि मिमाणी (भुवनेश्वर) सुनील कुमार कोठारी (कटक), राकेश मोहन बागड़ी (राउरकेला) थे। इसमें अध्यक्ष बद्रीनारायण माहेश्वरी मूंधड़ा (राउरकेला), उपाध्यक्ष सत्यनारायण करनाणी (बालेश्वर), घनश्याम पेड़ीवाल (भुवनेश्वर), सचिव सुशील राठी (बालेश्वर), संयुक्त मंत्री विजयकुमार लाहोटी (सम्बलपुर), संगठन मंत्री मदनलाल झँवर (कटक) तथा कोषाध्यक्ष विजयकुमार तापड़िया (कटक) चुने गये।

## पश्चिमी उप्र सभा के चुनाव सम्पन्न

**मुजफ्फरनगर.** पश्चिमी उत्तरप्रदेश माहेश्वरी सभा के चुनाव गत 21 मई को अलीगढ़ में यश रिजैन्सी में सम्पन्न हुए। इसमें अध्यक्ष कमलेंद्रकुमार माहेश्वरी, मंत्री कांति राठी, संगठन मंत्री अखिल डागा, अर्थ मंत्री मुकेश माहेश्वरी, उपाध्यक्ष वर्ग (ख) राकेश मोहता, संयुक्त मंत्री वर्ग (ग) शिवकुमार माहेश्वरी चुने गये। वर्ग क में उपाध्यक्ष प्रमोद माहेश्वरी, वर्ग 'ग' में सुरेंद्र केला, संयुक्त मंत्री गोपाल माहेश्वरी, गोपाल गोदानी निर्विरोध निर्वाचित हुए।

## सामाजिक जागरुकता पर स्पर्धा



**बरेली.** जिला माहेश्वरी सभा बरेली द्वारा माहेश्वरी समाज के वंशोपत्ति दिवस 'महेश नवमी' की तैयारियों के चलते समाज को और अधिक जागरूक बनाने के लिए एक आर्ट व जीके कॉम्पीटिशन का आयोजन किया गया। बच्चों को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, जल संरक्षण व साफ स्वच्छ बरेली में से किसी एक टॉपिक पर अपनी प्रतिभा को प्रकट करना था। प्रतियोगिता में सफल बच्चों को महेश नवमी उत्सव कार्यक्रम में पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ममतेश माहेश्वरी, सचिन माहेश्वरी, शिवकुमार माहेश्वरी, अजय माहेश्वरी, सुनील बियाणी, अनुज माहेश्वरी, कुमार गौरव, शताक्षी सारदा का विशेष सहयोग रहा।


महेश नवमी की हार्दिक शुभकामनाओं सहित ...

SOMANI STONE MINERALS

(ISO 9001 : 2008)

All Kind of Sandstone Manufacturer & Exporter



मुकेश सोमानी

अध्यक्ष

श्री शिंगोली श्याम माहेश्वरी धर्मशाला

+91 98284 94295

+91 76651 88555



www.shreejistone.com, www.somanistoneminerals.com

info@shreejistone.com, smsomani.somani@gmail.com

Malipura Choraha, Bijoliya Indian Sandsstone Quarry Area (311602)

Bhilwara, Rajasthan, India

Shree Ji Villa 10-C-15, R.C. Vyas Bhilwara



K'REELAX
FURNITURE
Ree. Reelax..
Address
1st floor, Avishkar complex
opp Motipura bus stop, nr. SBI bank
Himatangar - 383001
contact no: 02772 229559 | M : 9510052342
Address
4D square mall ,Opp IIT College
Visat to Gandhinagar Highway
Motera, Ahmedabad- 380005
M : 9825070559




महेश नवमी की हार्दिक शुभकामनाएं
परशराम लढ़ा
94133-56699
संजय लढ़ा
99826-56699
अंकित लढ़ा
90015-56699
सज्जन सिंटेक्स प्रा.लि.
उच्चकोटि के शूटिंग एवं शर्टिंग के निर्माता एवं विक्रेता
F-3, 1st Floor, Nolkha Tower, B.T.M., Bhilwara (RAJ.)
Ph. – 01482-248899, Mo. : 90015-56699

## कलम, साज व आवाज का प्रदर्शन




**जोधपुर।** शहर में लालित्य-सभा व राजस्थान बुक ऑफ़ रिकॉर्डस के संयुक्त तत्वावधान में एक अनूठा कला- कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में कलम, साज़ एवं आवाज़ तीनों कलाओं का प्रदर्शन हुआ। कार्यक्रम का आग़ाज़ मरु गुलशन के संपादक अनिल अनवर की कविताओं से हुआ। कार्यक्रम में मुख्य-अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए हरिप्रकाश राठी ने अपनी लोकप्रिय कहानी 'पिशाच' का वाचन किया। अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सारंगी वादक दिलशाद खां प्रस्तुति दी। इसी अवसर पर लालित्य-सभा के ललित व्यास ने गीत 'जय-जय गिरिराजधरन लीजो अब अपनी शरण' तथा कुछ ग़जलें प्रस्तुत की। राजस्थान के तबला वादक आशीष का सम्मान व प्रस्तुतीकरण भी रहा।इस कार्यक्रम में राजस्थान बुक ऑफ़ रिकोर्ड्स के संस्थापक विकास चाँडक ने सभी को संस्था से रू-ब-रू करवाया। अंत में समारोह अध्यक्ष कमलकिशोर चांडक ने कला क्षेत्र में ऐसे कार्यक्रमों को कला की त्रिवेणी बताते हुए इन कार्यक्रमों की महत्ता रेखांकित की।

## सेवा से मनाई विवाह की वर्षगांठ



**इंदौर।** विवाह की 50 वीं वर्षगांठ पर सेवा के माध्यम से खुशियाँ बटोर कर इन क्षणों को यादगार व प्रेरणास्पद बनाने का अनुकरणीय कार्य किया है, दम्पत्ति श्यामसुंदर व गीता मूंदड़ा के परिवार ने। इस अवसर पर वनवासी क्षेत्र में चलने वाले 50 विद्यालयों के संचालन हेतु दस लाख रुपए की राशि का चेक वनबंधु परिषद को दिया गया। पारिवारिक माहौल में सम्पन्न समारोह में प्रत्येक अतिथि को भी भागीदार बनाया। प्रत्येक अतिथि परिवार को 500-500 रुपए के कूपन भी भेंट स्वरूप प्रदान किये, जिसका उद्देश वनवासी बच्चों की शिक्षा के प्रति जागरुकता बढ़ाना था। साथ ही समाज के एक युवा को दो डायलिसिस की राशि भी प्रदान की। उल्लेखनीय है कि श्री मूंदड़ा सुप्रसिद्ध उद्योगपति हैं एवं उनकी जीवन संगिनी श्रीमती मूंदड़ा अ.भा. माहेश्वरी महिला संगठन की पूर्व अध्यक्ष, वनबंधु परिषद राष्ट्रीय महिला समिति की अध्यक्ष एवं अभा महिला सेवा ट्रस्ट की संस्थापक अध्यक्ष के रूप में भी सेवा कार्यों में संलग्न हैं।

## स्वास्थ्य केन्द्र में व्हीलचेयर भेंट



**बीकानेर.** माहेश्वरी महिला समिति द्वारा रोहिणी स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मे मरीजों के सुविधा के लिए व्हील चेयर समिति के पदाधिकारियों ने डॉ॰ रामावतार जाखड़ की मांग पर भेंट की। इस मौके पर भाजपा युवा मोर्चा महामंत्री रमेश दाधीच ने समिति के पदाधिकारीयो का स्वागत किया ओर जनसेवा के लिए कार्य करने के समिति को धन्यवाद दिया।समिति संरक्षिका किरण झंवर, संरक्षिका सरला लोहिया, उपाध्यक्ष निशा झंवर, उप मंत्री नीलम बिनानी, विभा बिहाणी सहित समस्त पदाधिकारी उपस्थिति थे

> बड़प्पन वह गुण है जो पद से नही
> संस्कारों से प्राप्त होता है,
> परायो को अपना बनाना इतना मुश्किल नही
> जितना अपनो को अपना बनाये रखना।

## प्रथम बैठक सम्पन्न



**अहमदाबाद.** गुजरात प्रांतीय माहेश्वरी सभा की कार्यसमिति एवं कार्यकारी मंडल की प्रथम बैठक गत 28 जून को अहमदाबाद में आयोजित की गई। अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के सभापति श्याम सोनी, उपसभापति मोहन राठी एवं सहमंत्री शरद गट्टानी विशेष रूप से मौजूद थे। बैठक की अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष त्रिभुवन काबरा ने की। इसी दिन शाम 7 बजे से अहमदाबाद के माहेश्वरी समाज बंधुओं के साथ एक चिंतन बैठक का आयोजन किया गया। अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के सभापति श्री सोनी, उपसभापति मोहन राठी, सहमंत्री शरद गट्टानी, गुजरात प्रदेशाध्यक्ष त्रिभुवन काबरा व सभी प्रदेश पदाधिकारी, कार्यकारी मंडल सदस्य विशेष रूप से मौजूद थे।

# SOMANI ISPAT PRIVATE LIMITED

## theinnerstrength foryourconstruction



Sanjay Kumar Somani
+91 - 92465 34957

Sudhir Kumar Somani
+91 - 98490 24065

Aakash Somani
+91 - 99080 9

11-6-27/1, 2 & 3, Opp. IDPL Factory, Balanagar, Hyderabad - 37 (T.S.) INDIA
+91 - 40 - 2377 1877 / 8375 / 2411, contact@somanisteel.com, www.somanisteel.com

HR Coil / TMT De-Coiling Unit & Godown at
Survey No. 76/2, Gundlapochampally
Near Kompally, Hyderabad, Cell : 77022 66065

VIZAG
Plot No. 28, D Block Extn., Behind Sail Yard
Autonagar, Visakhapatnam, Ph : 0891-2754044

GROUP COMPANY

MAHESWARI FASTENERS & BRIGHT PVT. LTD.
Manufactures of : MS & HDG Fasteners (BIS & AP TRANSCO APPROVED)
Plot No. 152 & 154, Medchal Industrial Estate, Hyderabad, Ph : +91 - 40 - 2980 3123

vishalprinter.com

Authorised Dealer of : SAIL, VSP, JSW, JSPL, ESSAR & UTTAM VALUE

cosmo
ART GALLERY

*Creativity is Contagious*
*Pass it On*



Art Gallery : A-1/8 Bhosale Paradise,
Range Hills Road, Pune - 411 020.
Contact : +91 93710 64224, 98221 77774
Email : jobcosmo@gmail.com

For Best Quality of Paintings
Visit our Website : www.cosmoartgallery.com

# मुस्कान–एहसास व खुशी का आयोजन



**रायपुर.** महेश नवमी पर माहेश्वरी महिला मंडल की तरफ से कार्यक्रम ''मुस्कान-एहसास व खुशी'' का आयोजन किया गया। इसके तहत रायपुर में भिन्न भिन्न जगह निचली बस्ती में निवासरत ऐसे बच्चों को जो अपने आपको उपेक्षित महसूस करते हैं व जिन्होंने कभी शॉपिंग मॉल के अंदर प्रवेश तक नहीं किया है, ऐसे 30 बच्चों को महिला समिति ने मॉल में जाकर उनके पसंद की वस्तुएँ दिलाईं। किसी बच्चे ने बैट, डॉल, बुक, किसी ने कपड़े खरीदे। इससे उनके चेहरे पर खुशी झलक उठी। उन्होंने महिला समिति के आयोजित कार्यक्रम मुस्कान-एहसास व खुशी के मिशन को पूरा किया। श्रेष्ठतम रेस्टोरेंट में नाश्ता भी कराया। इस कार्यक्रम में युवा महिला मंडल की अध्यक्ष रेखा हुरकट, सचिव संगीता राठी, नीना राठी, नीलिमा लड्ढा, पूजा बल्दुआ, सुरुचि नत्थानी आदि मौजूद थीं। ज्योति राठी, उषा मोहता व प्रतिभा नत्थनी आदि उपस्थित थीं। कार्यक्रम निर्देशिका एकता झँवर व शीतल मूंदड़ा थीं।

# कचरा पात्र का वितरण



**भीलवाड़ा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने के क्रम में भीलवाड़ा क्लॉथ मर्चेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष ओमप्रकाश काबरा के नेतृत्व में संगठन द्वारा सराफा बाजार में सभी व्यापारियों को कचरा पात्र बांटे गये। इस प्रयास की सभी ने सराहना की।

# प्रदेशाध्यक्ष ने किया प्रदेश भ्रमण



**संगमनेर.** प्रदेशाध्यक्ष श्री गांधी ने नाशिक, धुलीया, नंदुरबार जिले के साथ अहमदनगर जिले का भ्रमण होने कर समारोह समारोह में उपस्थितों को मार्गदर्शन भी दिया। भ्रमण में प्रदेश उपाध्यक्ष रामबिलास बूब, संयुक्त मंत्री गणेशलाल बाहेती, जनसंपर्क मंत्री मनीष मणियार, महिला महासभा के पुष्पा तोष्णीवाल, प्रदेश सभा के राजश्री मणियार, सुप्रिया राठी तथा जिलाध्यक्ष विठ्ठलदास आसावा, मानद मंत्री अजय जाजू, सह-मंत्री रामचंद्र राठी, महिला जिलाध्यक्षा मंजुश्री धूत, सचिव मधुमती धूत, युवा जिलाध्यक्ष प्रमोद बिहाणी, सचिव स्वप्निल दरक आदि सम्मिलित थे। समापन समारोह में मोतीलाल मुंदडा को प्रदेशाध्यक्ष श्री गांधी ने सम्मानित किया। मूंदडा परिवार ने महेश नवमी के उपलक्ष्य में कुल 3 वॉटर कूलर भेंट किया। इस दौरान कीर्ति बंग व स्वाति अट्टल (सोनई) की देहाती इलाके में रहकर भी विशेष कार्य करने पर प्रशंसा प्रदेशाध्यक्ष ने की। जिलाध्यक्ष विठ्ठलदास आसावा ने आभार प्रदर्शन किया।

# जीएसटी पर हुई विशेष कार्यशाला




**सिलीगुड़ी.** स्थानीय माहेश्वरी सभा एवं माहेश्वरी युवा संस्था सिलीगुड़ी के संयुक्त तत्वावधान में गत 28 मई को जीएसटी पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह आयोजन इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की सिलीगुड़ी शाखा के सहयोग से किया गया था। इसमें ख्यात सीए आदित्य माहेश्वरी ने बताया कि क्या है जीएसटी एवं कैसा है इसका वर्तमान स्वरूप? उन्होंने बताया कि जीएसटी के साथ-साथ हम एक देश एक टैक्स की ओर बढ़ रहे हैं। आपने व्यापारियों पर प्रभाव सहित सभी विभिन्न जानकारी दी और समझाया। कार्यशाला के पश्चात सीए इंस्टीट्यूट की ओर से कई सीए ने जीएसटी पर लोगों के प्रश्नों के जवाब दिए।इस आयोजन में माहेश्वरी सभा सिलीगुड़ी के अध्यक्ष बनवारीलाल करनानी, युवा संस्था के अध्यक्ष आशीष चांडक सहित सभी का सक्रिय योगदान रहा। सिलीगुड़ी ब्रांच के उपाध्यक्ष पवन लाहोटी भी विशेष रूप से उपस्थित थे।




मुकेश काबरा
अध्यक्ष
मो. 98291 09591

महेश नवमी के पावन पर्व की समस्त माहेश्वरी बन्धुओं को
हार्दिक शुभकामनाएं

श्री माहेश्वरी बचत समिति, भीलवाड़ा

ऑफिस– 8, महाराणा मार्केट नागोरी गार्डन, भीलवाड़ा (राज.)



जगदीश जैथलिया
मंत्री



Dinesh Kumar Inani
94133-55487, 96607-66889



Hardik Inani

महेश नवमी की हार्दिक शुभकामनाएं

।। जय महेश ।।

**Felspar Quarts & Dulomite Mines**
- S &R Minerals Chemicals mines at Bhakhliya, Bagore, Bhilwara
- Maruti Micron (Mines at - Amesar, Teh. Asind, Bhilwara)
- Sagas Minerals (Mines at - Amesar Teh. Asind Bhilwara)
- Galaxy Minerals (Mines at - Khatikheda Teh. Asind Bhilwara)
- Dugar Minerals (Mines at - Garideya Teh. Mandal Distt. Bhilwara)

**Limestone Mines**
- Shri Kotri Shyam Mines & Minerals
Mines at - Hari yadhana Teh. Bilara Distt. Jodhpur

**Zypsum Mines**
- Mahaveer minerals mines at - khajuwala (Bikaner)

## M/S. CHARBHUJA IMPEX
**Mines Owner & Minerals Supplier**

Lime Stone, Redocher, Calcite, China Clay, Iron-ore, Felsphar, Quarts & Dolomite

## M/s. Shree Kalika Cargo Movers
**Fleet Owner & Transport Contractor**

Authorised Transporter
- Ultratech Cement Kotputli
- Nirma Ltd. Jaitaran
- Birla Corporation Chanderia
- Shree Cement Ltd Beawer

1-K-25, Near Chotti Pulia, R.C. Vyas Colony, BHILWARA - 311001 (Raj.)
Email : inanidinesh@gmail.com

**China Clay Redocher Mines**

Hardik Mineral -
Arjun Kheda Kotri, Bhilwara
Shri Ridhi-Shidhi Mines & Minerals
Mines at - Kalundiya Kotri Bhilwara
Shri Kalika Minerals
Mines at - Rajpura, Mandalgarth, Bhiwara











महेश नवमी के पावन पर्व की समस्त माहेश्वरी बन्धुओं को
हार्दिक शुभकामनाएं

।। जय महेश ।।

कैलाश मूंदड़ा
99284-60555

## सागर कन्सलटेंसी

(जमीन, जायदाद से सम्बन्धित सभी कार्य)

हरिसेवा धाम के पीछे, भीलवाड़ा (राज.)

सुभाष मूंदड़ा
94142-87271



## स्टूडियों सागर

वैडिग फोटोग्राफी, मॉडलिंग फोटोग्राफी
प्रोडक्ट फोटोग्राफी, एलईडी वास, क्रेव,
प्लाजा,फोटो बुक, प्री वैडिंग व
सभी प्रकार की फोटोग्राफी

सीतारामजी की बावड़ी, भीलवाड़ा (राज.)

## स्व.श्री सोमानी को अर्पित की श्रद्धांजलि



**रिसड़ा.** माहेश्वरी सभा श्रीरामपुर अंचल, महेश सेवा ट्रस्ट तथा माहेश्वरी महिला मंडल रिसड़ा के संयुक्त तत्वावधान में सुप्रसिद्ध उद्योगपति तथा समाज चिंतक बाबू श्री चंद्रकुमार सोमानी को श्रद्धा सुमन समर्पित करने के लिए सभा आयोजित की गई। सभा का संचालन पूर्व अध्यक्ष दिनेश पेड़ीवाल ने करते हुए स्व. श्री सोमानी के योगदानों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वे अंतरराष्ट्रीय फोइनेक्स अवॉर्ड व ग्लास पर्सन ऑफ दी ईयर अवार्ड प्राप्त कर देश को गौरव प्रदान कराने वाले प्रथम भारतीय उद्योगपति थे। अनेक संगठनों व माहेश्वरी सभा रिसड़ा के पदाधिकारी गोपाल कोठारी, श्याम थिरानी, ओमप्रकाश मंत्री, केदार मूंधड़ा, महाबीर पसारी, ओम चांडक, सुनील राठी, विनोद राठी, विनय मोदी, बद्रीलाल राठी, अंकित चांडक, प्रदीप डागा सहित कई गणमान्यजनों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

## वृद्धाश्रम में मनाया जन्मदिन



**जयपुर.** अ.भा. माहेश्वरी महासभा के पूर्व संयुक्त मंत्री एवं पूर्वोत्तर राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी सभा के निवर्तमान अध्यक्ष राधेश्याम परवाल ने जीवन के 74 वर्ष पूर्ण होने पर अपना 75 वां जन्मदिवस 30 मई को श्री माहेश्वरी समाज जयपुर के श्रीकृष्णधाम वृद्धाश्रम में वृद्धजनों एवं निकटतम परिवारजनों के साथ मनाया।

## युवा संगठन के डाक टिकट का विमोचन

**सिलीगुड़ी.** महेश नवमी कार्यक्रम में अखिल भारतीय माहेश्वरी युवा संगठन के प्रयास से भारतीय डाक विभाग के तहत जारी शुभकामना डाक टिकट का विमोचन किया गया। समाज बंधुओं की उपस्थिति में इस वर्ष बोर्ड परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ अंक हासिल करने वाले दो विद्यार्थी से इनका विमोचन करवाया गया। 10 वीं के विवेक सिकची और 12वी की दीक्षा लखोटिया ने विमोचन किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष विशाल गट्टानी भी उपस्थित थे।

## आरएवायएस ने आयोजित की कन्वेंशन



**अटलांटा (जार्जिया).** संगठन राजस्थानी एब्रॉड यूथ समाज (आरएवायएस) द्वारा अटलांटा में सफलतापूर्वक कन्वेंशन का आयोजन किया गया। संयोजक आरएवाय बोर्ड तथा एक्जीक्यूटिव कमेटी सदस्य प्रिया, श्वेता, सारिका व मोहित आदि थे। अतिथि के रूप में राजस्थान एसोसिएशन ऑफ जार्जिया के अध्यक्ष आशु उपस्थित थे। इस संस्था के बोर्ड सदस्यों ने आयोजन में सहयोग भी दिया। उक्त जानकारी देते हुए एमएमएनए के नेशनल एक्जीक्यूटिव काउंसिल सदस्य अरुण मूंदड़ा ने बताया कि इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक तथा सांस्कृतिक गतिविधियों के आयोजन का निर्णय भी लिया गया।

## विचार गोष्ठी का हुआ आयोजन



**भीलवाड़ा।** सुभाषनगर माहेश्वरी समाज सेवा समिति भीलवाड़ा के बैनर तले माहेश्वरी भवन में एक विचार गोष्ठी का आयोजन देवकरण गग्गड़ उपसभापति महासभा की अध्यक्षता में किया गया। विशिष्ठ अतिथि के रूप में कैलाश कोठारी प्रदेशाध्यक्ष सहित जिला जगदीश प्रसाद सोमाणी, दीनदयाल मारू, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष राधेश्याम सोमाणी, जिला मंत्री देवेंद्र सोमाणी नगर सभा अध्यक्ष केदारमल जागोटिया, माहेश्वरी सेवा सदन पुष्कर के पूर्व उपाध्यक्ष अनिल बांगड़, वर्तमान उपाध्यक्ष कैलाश मूंदड़ा, महेश सेवा समिति के अध्यक्ष राधेश्याम चेचाणी सम्मिलित हुए। गोष्ठी में जिला माहेश्वरी सभा व श्री नगर माहेश्वरी सभा के पदाधिकारी एवं कार्य समिति के सदस्य, क्षेत्रीय सभाओं के अध्यक्ष - मंत्री तथा क्षेत्रीय, सभा के अध्यक्ष - मंत्री आदि उपस्थित थे। गोष्ठी में वक्ताओं ने समाज सुधार पर उद्बोधन दिये।


महेश नवमी के पावन पर्व की समस्त माहेश्वरी बन्धुओं को हार्दिक शुभकामनाएँ



।। जय महेश ।।



राधेश्याम परवाल
94140 61636
निवृत्तमान प्रदेश अध्यक्ष, पूर्वोत्तर राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी सभा
पूर्व संयुक्त मंत्री, अ.भा. माहेश्वरी महासभा
राष्ट्रीय महामंत्री, बैंक ऑफ राजस्थान रिटायर्ड स्टॉफ सोसायटी
डिप्टी जनरल सैक्रेट्री, ऑल इण्डिया बैंक पेंशनर्स एंड रिटायरीज कन्फडरेशन

उषा परवाल
94140 67636
अध्यक्ष, जयपुर जिला माहेश्वरी महिला संगठन
कार्यकारी मण्डल सदस्य, पूर्वोत्तर राज. प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन
कार्यकारी मण्डल सदस्य, अ.भा. माहेश्वरी महिला संगठन
कार्यकारिणी सदस्य, श्री महेश मेडिकल रिलीफ सोसायटी
पूर्व कार्यकारिणी सदस्य, श्री माहेश्वरी महिला परिषद्, जयपुर

निवास - 'परवाल विला', डी-62, वैशाली नगर, जयपुर (राज.) - 302021 फोन : 0141-2351636

महेश नवमी की हार्दिक शुभकामनाएं



## नवीन कार्यकारिणी का हुआ गठन



**नागदा ( जं )।** वर्ष 2017-19 दो वर्ष हेतु श्री माहेश्वरी समाज नागदा की साधारण सभा स्थानीय माहेश्वरी समाज भवन पर सम्पन्न हुई। इसमें सर्वानुमति से वरिष्ठ माहेश्वरी समाज के मार्गदर्शन में कार्यकारिणी का गठन हुआ। इसमें अध्यक्ष सतीश बजाज, सचिव अशोक बिसानी, कोषाध्यक्ष नाथुलाल बांगड चुने गये। उपाध्यक्ष जगदीश भूतड़ा, महेंद्र बीसानी, राजकुमार मोहता, मनोज राठी, गिरिराज राठी, राजेंद्र मालपानी, घनश्याम राठी, रामेश्वर लड्ढा, सह सचिव झमक राठी, संजय डांगरा, अजय माहेश्वरी, सहकोषाध्यक्ष मुकेश नवाल, प्रकाश राठी, ओमप्रकाश मोहता, सांस्कृतिक मंत्री नंदकिशोर मालपानी, प्रकाश मालपानी, जमनालाल मालपानी, विपिन मोहता तथा प्रचार मंत्री बसंत मालपानी, राजू माहेश्वरी चुने गये। संरक्षक, परामर्शदाता व कार्यकारिणी सदस्य आदि का भी चयन हुआ।

## उद्योग लगाने का आमंत्रण



**रायपुर।** सीएसआईडीसी के चेयरमैन छगनलाल मूंदड़ा ने देश की जानी मानी फाइबर उत्पाद बनाने वाली कंपनी सुप्रीम इंडस्ट्रीज के डायरेक्टर महावीर तापड़िया से सौजन्य भेंट कर उन्हें छत्तीसगढ़ में उद्योग इकाई लगाने हेतु आमंत्रित किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ शासन की औद्योगिक नीति की जानकारी दी एवं उद्योग लगाने हेतु औद्योगिक नीति के तहत समस्त सुविधाओं एवं लाभ का आश्वासन दिया। इस अवसर पर अटलानी कॉर्पोरेशन के राजेश अटलानी, सुप्रीम इंडस्ट्रीज के रीजनल जनरल मैनेजर राजेंद्र रामाधर यादव, नवभारत के पत्रकार जयप्रकाश उपाध्याय, दैनिक भास्कर के पत्रकार हेमंत सहित कंपनी के अधिकारीगण एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

> जो आपकी खामोशी को पढ़ना सके,
> उसे बोलकर अपना दुख बताना
> केवल समय की बर्बादी है।

## काकाजी की स्मृति में लगाया वॉटर कूलर



**सनावद।** महेश नवमी पर्व पर माहेश्वरी समाज के राजेंद्र मंत्री एवं ज्ञानचंद मंत्री द्वारा अपने पिताजी स्व. श्री कल्याणमल मंत्री (काकाजी) की स्मृति में वॉटर कूलर नगर के हनुमान मंदिर (थाना प्रांगण) में स्थापित किया गया। इस अवसर पर प्रादेशिक सभा (पश्चिमांचल) के सहसचिव डॉ. राजेंद्र पलोड़, जिला खरगोन माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत राठी, श्याम माहेश्वरी (अखिल भारतीय माहे. महासभा) महेश परवाल (नगर अध्यक्ष सनावद), चंद्र प्रकाश मंत्री आदि उपस्थित थे। विधायक हितेंद्रसिंह सोलंकी ने भी इस दानशीलता की प्रशंसा की।

## जीएसटी पर सेमीनार सम्पन्न




**बेंगलूरू.** स्थानीय माहेश्वरी सभा द्वारा गत 11 जून को माहेश्वरी भवन में जीएसटी पर एक परिचर्चा का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता समाज की सीए अन्नपूर्णा काबरा द्वारा जीएसटी के रजिस्ट्रेशन से लेकर किस प्रकार अकाउंट मैंटेन करना है आदि समझाकर सदस्यों के प्रश्नों के उत्तर दिये। उन्होंने बताया कि जीएसटी के विषय में काफी चर्चाओं हो रही है, मगर आप नियमानुसार अपना व्यापार करते है तो किसी प्रकार की चिंता करने की जरूरत नहीं है। सभा के अध्यक्ष बसंत कुमार सारड़ा एवं सभा सदस्य गोपीलाल लड्ढा द्वारा पुष्पगुच्छ से उनका स्वागत किया गया। सभा सचिव निर्मल कुमार तापड़िया एवं सहसचिव अजय राठी द्वारा स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के संयोजन में रामगोपाल भूतड़ा एवं ललित मालानी की अहम भूमिका रही।

## मूंधड़ा निबंध लेखन में प्रथम

**मालेगांव/( नाशिक )।** संस्था राजलक्ष्मी मंडल की तरफ से आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता में सुमिता राजकुमार मूंधड़ा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मंडल अध्यक्ष अनिता चांडक की अध्यक्षता में आयोजित इस प्रतियोगिता में सुमिता ने ''बढ़ते तलाक'' पर 1200 शब्दों का लेख लिखकर प्रथम स्थान प्राप्त किया।


।। जय महेश ।।
।। चिन्ता दीनदयाल को ।।
।। जय महेश ।।
श्री महेश बचत एवं साख समिति
भीलवाड़ा
महेश जयन्ति के पर्व पर समाज के
सभी बन्धुओं को हार्दिक शुभकामनाऐं
शांतिलाल डाड
संयोजक
94141-12809
रमेशचन्द्र नुवाल
(उपाध्यक्ष)
94141-17017
चन्द्रकान्त बाहेती
(उपाध्यक्ष)
94610-39230
रामनिवास लढ़ा
(कोषाध्यक्ष)
94143-72095
दिनेश काबरा
अध्यक्ष
94130-53315
हरीश पोरवाल
मंत्री
94141-16032
राकेश सोमानी
(वित्तिय सलाहकार)
94140-19412
अशोक बांगड़
(संयुक्त मंत्री)
98286-79901
शिव लाहोटी
(संगठन मंत्री)
92149-10800
नारायण लाहोटी
(प्रचार मंत्री)
94142-60239
जगदीश ईनाणी
(वरिष्ठ उपाध्यक्ष)
99291-06763
रामेश्वर सोमानी
(सदस्य)
97991-41881
सुनील बांगड़
(सदस्य)
98291-61285
बद्रीप्रसाद सोमाणी
(सदस्य)
94133-56377
आनन्द बाहेती
(सदस्य)
94143-72310
अनिल बांगड़
(सदस्य)
94141-14681
दिनेश बांगड़
(सदस्य)
94141-15175
महेश सोमाणी
(सदस्य)
98294-66463
अरविन्द चेचाणी
(सदस्य)
94141-44109
दीपक आगाल
(सदस्य)
95714-45500
रूपलाल गगराणी
(सदस्य)
94149-73671
अशोक लाहोटी
(सदस्य)
94622-43681
अशोक सोमाणी
(सदस्य)
94133-56677
सुशील तोषनीवाल
(सदस्य)
94603-53550
सुनील बजाज
(सदस्य)
98872-24157
रामकिशन सोनी
(कार्य समिति सदस्य)
94147-40233
के.जी. गन्दोड़िया
(कार्य समिति सदस्य)
95499-43575
मनीष लढ़ा
(कार्य समिति सदस्य)
92148-85423
विकास कचोलिया
(कार्य समिति सदस्य)
97999-33703

## तमिलनाडु–केरला–पाँडिचेरी प्रादेशिक युवा संगठन की बैठक सम्पन्न



**अमरावती.** महेश सेवा समिति अमरावती द्वारा समाज कल्याणकारी गतिविधियों के अंतर्गत छात्रवृत्ति के रूप में 6 लाख 30 हजार रुपये, जरूरतमंद विद्यार्थियों को उच्च शैक्षणिक सहायता हेतु 1 लाख एक हजार रुपये, समाज के जरूरतमंद सदस्यों को जीवनयापन सुविधाओं के लिए 6 लाख 64250 रुपए की आर्थिक एवं 1 लाख 26021 रुपए की चिकित्सकीय सहायता प्रदान की गई। जटिल ऑपरेशन के लिए 2 लाख 28000 की सहायता भी समाज के मरीजों को दी गई। वर्ष 2016-17 में महेश भवन में 2 बड़े कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिला माहेश्वरी संगठन के सहयोग से तेजस्विनी-2 संस्कार शिविर आयोजित हुआ। इसमें अमरावती व विदर्भ विभाग से आईं करीब 250 युवतियों ने भाग लिया। इस 2 दिवसीय शिविर में विविध क्षेत्रों के प्रशिक्षकों द्वारा मार्गदर्शन दिया गया। अभा माहेश्वरी महासभा के सभापति श्यामसुंदर सोनी तथा विदर्भ प्रादेशिक माहेश्वरी संगठन के अध्यक्ष मदनलाल माहेश्वरी की विशेष उपस्थिति रही। प्रमुख मार्गदर्शक के रूप में मुंबई के जयप्रकाश काबरा ने बालिकाओं को ज्ञानवर्धक जानकारी दी। इस अवसर पर रक्तदान समिति अमरावती द्वारा सभापति श्री सोनी की रक्ततुला की गई तथा उनके हाथों एक सिलाई मशीन का वितरण भी किया गया। दूसरा आयोजन निरोग संस्था अमरावती के सहयोग से मानस योग अंतर्गत 'आरोग्य व आध्यात्म विकास शिविर' का रहा।



**पिपरिया.** माहेश्वरी सेवा मंडल, माहेश्वरी मंडल परिषद एवं माहेश्वरी युवा संगठन के संयुक्त तत्वावधान में महेश नवमी पर विशाल शोभायात्रा निकाल सामाजिक कार्यक्रम व वरिष्ठों का सम्मान किया गया। इस दौरान भारत नाट्यम, फैंस ड्रेस प्रतियोगिता, वीर शहीदों के चरित्र पर बच्चों की प्रस्तुति, मप्र की प्राचीनकाल की वीरांगनायें विषय पर महिलाओं द्वारा सुंदर-सुंदर प्रस्तुति दी गई। सेवा मंडल के सचिव अजय घुरका ने प्रत्येक कार्यक्रम में सभी की उपस्थिति का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष श्री टावरी ने आभार व्यक्त किया।



**सीकर.** माहेश्वरी समाज प्रन्यास द्वारा 5 दिवसीय महेश नवमी महोत्सव माहेश्वरी समाज प्रन्यास के तत्वावधान में माहेश्वरी भवन, सीकर में सम्पन्न हुआ। 28 मई को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन आलोक बियाणी, सह संयोजक सुभाष लड्ढा व गिरिश सोमानी के संयोजन में हुआ। 31 मई को माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा नाक, कान व गला चैकअप शिविर का आयोजन किया गया। इसमें चिकित्सक डॉ. आर.पी. भाला ने अपनी सेवाएं दीं। संयोजिका अलका बियाणी थी। 1 जून को माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा जीवन बीमा व बैंकिंग की जानकारी हेतु सेमीनार का आयोजन किया गया। 2 जून को समाज द्वारा दोपहर 2 बजे भगवान शिव का रूद्राभिषेक व माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा सायं 5 बजे माइक्रोवेव बेकिंग क्लास का आयोजन किया गया। 3 जून को हवन पूजन के पश्चात विशाल शोभायात्रा निकाली गई। समाज प्रन्यास अध्यक्ष महेश होलानी ने अध्यक्षीय उद्‌बोधन दिया व समाज सचिव राजकुमार धूत, महिला मंडल अध्यक्ष लता सोमानी व माहेश्वरी युवा मंच सचिव पवन बियाणी ने अपने-अपने संगठनों के वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किये। डॉ जीएल राठी, परमानंद साबू, पन्नालाल सारड़ा, गणेशनारायण मालपानी आदि ने अपने विचार व्यक्त किये।



**नौखा.** समाज द्वारा 29 से 31 मई तक विभिन्न प्रकार की खेलकूद प्रतियोगिओं के साथ महेश नवमी उत्सव मनाया गया। विजेताओं एवं उपविजेताओं को 3 जून को आयोजित स्नेह मिलन में पुरस्कृत किया गया। महेश नवमी की पूर्व संध्या पर विशाल शोभायात्रा निकाली गई। इसमें एक लकी ड्रॉ भी रखा गया था। 3 जून को सुबह श्रीकृष्ण मंदिर में भगवान महेश का सामूहिक पूजन कार्यक्रम रखा गया।

> "कौन कहता है कुछ तोड़ने के
> लिए हथियार जरूरी है,
> लहजा बदल कर बोलने से भी
> बहुत कुछ टूट जाता है।"

महेश नवमी की हार्दिक शुभकामनाएँ



।। जय महेश ।।

।। जय महेश ।।

ओमप्रकाश काबरा

M. 94141 15230

अध्यक्ष- भीलवाड़ा क्लॉथ मर्चेण्ट एसोसिएशन, भीलवाड़ा
अध्यक्ष- नि:स्वार्थ सेवा संस्थान, भीलवाड़ा
व. उपाध्यक्ष- माहेश्वरी युवा संगठन, भोपालगंज, भीलवाड़ा
महामंत्री- भारतीय जनता पार्टी, व्यापार प्रकोष्ठ, भीलवाड़ा जिला

L.S. INDIA A Station of Suitings & Shirting

Near Bada Mandir, Bhilwara (Raj.), M. 94141 15230

महेश नवमी के पावन पर्व की समस्त
माहेश्वरी बन्धुओं को हार्दिक शुभकामनाएं



॥ जय महेश ॥

R.K. Kabra
96940-52555

॥ जय महेश ॥

SP

संगम प्लाईवुड़

25-ए-काशीपुरी, रेल्वे लाईन के सामने,
भीलवाड़ा – 311001 (राज.)
फोन – 01482-239362, मो. 94607-56014
Email : sangamplywoodbhl@yahoo.com

सम्बन्धित फर्म

मंगलम प्लाई

प्लॉट नं. 107, न्यू टिम्बर मार्केट, भवानी पेट, पुना



महेश नवमी के पावन पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं

।। जय महेश ।।

मुकेश काबरा

- अध्यक्ष
  पुराना शहर माहेश्वरी युवा संगठन, भीलवाड़ा
  श्री माहेश्वरी बचत समिति, भीलवाड़ा
- सह सचिव
  महेश प्रगति संस्थान, भीलवाड़ा
- सचिव
  भीलवाड़ा क्लॉथ मर्चेंट एसोसिएशन, बड़ा मन्दिर भीलवाड़ा
- उपाध्यक्ष
  माहेश्वरी सेवा सहयोग संस्थान, भीलवाड़ा
- संगठन मंत्री
  श्री माहेश्वरी समाज सम्पत्ति ट्रस्ट, भीलवाड़ा

M. 098291-09591



■ **बरेली.** जिला माहेश्वरी सभा द्वारा श्री महेश नवमी पर्व चंद्रकांता सभागार रामपुर गार्डन बरेली में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य वक्ता लालबहादुर भूतड़ा सहारनपुर, मुख्य अतिथि डॉ निशांत गुप्ता, शार्प शूटर रूबल माहेश्वरी, सचिव माहेश्वरी, शिव कुमार माहेश्वरी, अजय माहेश्वरी आदि ने भगवान महेश की पूजा करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सायंकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के साथ ही समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर सरकारी नौकरी में कार्यरत स्वजातीयजनों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन ममतेश माहेश्वरी, अंशिका माहेश्वरी व आयुषी माहेश्वरी ने किया।



■ **वाशिम.** माहेश्वरी समाज के उत्पत्ति दिवस महेश नवमी के पावन पर्व पर तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तहसील संगठन के अध्यक्ष सचिन करवा के हाथों कार्यक्रमों की शुरुआत हुई। इसमें झालावारण वेशभूषा, सिंगिंग, वक्तृत्व, शतरंज, चित्रकला, निबंध, क्विज आदि स्पर्धाओं का आयोजन हुआ। तीसरे दिन 3 जून को माहेश्वरी समाज उत्पत्ति दिवस को स्थानीय श्रीराम मंदिर में भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया गया और तत्पश्चात शोभा यात्रा की शुरुआत हुई। इस अवसर पर वाशिम जिला माहेश्वरी संगठन की महेश दर्पण पुस्तिका का विमोचन भी किया गया।



■ **ग्वालियर.** महेश नवमी की पूर्व संध्या पर 2 जून को माहेश्वरी मित्र मंडल ग्वालियर द्वारा अचलेश्वर महादेव का अभिषेक भी किया। शाम को प्रसादी का भोग लगाकर भंडारा किया गया। सुशील, कृष्णगोपाल लड्ढा, डॉ. हरिवल्लभ, अश्विनीकुमार सोमानी, योगेश गाँधी, दीपक मानधना, गिरधर सोमानी, राजेश नागोरी, अनिल मालू, प्रमोद माहेश्वरी, गोविंद जौहरी आदि का विशेष योगदान रहा। माहेश्वरी विधवा को स्वरोजगार के लिये सिलाई मशीन व जरूरतमंद माहेश्वरी परिवारों को इस महेश नवमी से अगली महेश नवमी तक 50,000/- की आर्थिक सहायता शिक्षा, चिकित्सा, विधवा पेंशन, स्वरोजगार योजना आदि के रूप में देने का निर्णय लिया गया।



■ **पुरुलिया ( पं.बं. ).** माहेश्वरी महिला समिति पुरुलिया की संपादक जयश्री सारड़ा ने बताया कि माहेश्वरी सभा के सहयोग से महेश नवमी का कार्यक्रम उत्साहपूर्वक आयोजित हुआ। 3 जून को महेश नवमी पर सुबह माहेश्वरी सभा के द्वारा निःशुल्क दंत परीक्षण शिविर तथा शाम को माहेश्वरी महिला समिति के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चों ने राष्ट्रगीत के ऊपर नृत्य प्रस्तुत किए। सभा के द्वारा सभी बच्चों को पुरस्कार प्रदान किये गये। पिंकी पेड़िवाल और ममता पंसारी ने सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न करवाये।




भगवती लड्डा
डायरेक्टर


संदीप लड्डा
डायरेक्टर (मार्केटिंग)


सूर्यप्रकाश लड्डा
मैनेजिंग डायरेक्टर

# राष्ट्रीय विकास रत्न एवार्ड से सम्मानित कम्पनी

## IS0 14001 : 2004 & 9001: 2008 Certified Company

## GMP & HACCP Certified Company

## हमारे प्रिय किसानो को सहयोग करने के लिए बेहतर उत्पाद के द्वारा कम्पनी ला रही है

सुक्ष्म तत्व (Micronutrient) उत्पाद जिसका नाम है।

# प्रोजिंक (Prozinc)

## किसानो के उत्पादन एवं आय वृद्धि के लिए अपनाये पार्थ के बेहतरिन एवं उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद।

Our Branches :-

1. H.O.Opp.Mahaveer Market – Sojatroad Dist:- Pali (Rajasthan)
2. B.O.35,Transport Nagar,Basni,2nd phase – Jodhpur (Rajasthan)
3. B.O.Near Prathma Bank,Mathkhera Road-Bilaspur (Uttarpradesh)
4. B.O.4/12,GIDC,Industrial Estate Gorwa –Vadodara (Gujrat)
5. B.O.Main Road,Maharajpur Teh :- Kiccha Dist:- Rudrapur (Uttarakhand)
6. B.O.66,Bardan Mandi,Palda Road – Indore (Madhya Pradesh)

**Manufactured by :**

Parth Bio Agriculture Pvt. Ltd.
Regd. off. 616, Vanijya Bhawan, Kankariya, Ahmedabad (Guj.)
Contact : 8057546375 (UP)

**Customer Care : 09829240470**





**मालेगांव.** समाज के उत्पत्ति दिवस एवं मालेगांव माहेश्वरी स्वर्ण जयंती वर्ष के निमित्त दो दिवसीय कार्यक्रम 3 व 4 जून को श्री माहेश्वरी प्रगति मंडल द्वारा अध्यक्ष आशीष झंवर की अगुवाई में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पहले दिन श्री महेश भगवान की शोभायात्रा निकाली गई। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी नवविवाहित जोड़ों से श्री महेश भगवान का अभिषेक करवाया गया। दूसरे दिन श्री युवा माहेश्वरी मंच ने पौधारोपण कर प्रकृति की रक्षा हेतु संदेश दिया। शाम को महेश वरिष्ठ नागरिक सभा की बैठक अग्रसेन भवन में कार्यक्रम की शुरुआत हुई। मुख्य अतिथि माहुल इंदाणी (सहायक आयुक्त बिक्रीकर अधिकारी मुंबई), उमेश मूंधड़ा (नाशिक जिला सभा अध्यक्ष) एवं महेश बंग आमंत्रित थे। समाज के समस्त संगठनों ने योगदान दिया। श्री माहेश्वरी प्रगति मंडल ने अध्यक्ष आशीष झंवर के अथक प्रयास से माहेश्वरी मेडिक्लेम पॉलिसी व राजेश जखोटिया की सहायता से मालेगांव ओपोरचुनिटी फोरम की स्थापना की गई। श्री महालक्ष्मी महिला मंडल ने एक जरूरतमंद कन्या को सिलाई मशीन भेंट की। तत्पश्चात मंच पर श्री माहेश्वरी टाइम्स उज्जैन की पत्रिका के जून अंक का विमोचन सुमिता मूंधड़ा के सहयोग से किया गया। समाज की प्रतिभाओं का सम्मान भी किया गया।

**श्रीरामपुर.** माहेश्वरी सभा श्रीरामपुर अंचल, महेश सेवा ट्रस्ट एवं माहेश्वरी महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान मे शोभायात्रा प्रातः 7 बजे काली मंदिर से प्रारंभ हो सभी प्रमुख मार्गो से होती हुई माहेश्वरी भवन में पहुंच कर महाआरती के पश्चात अल्पाहार के साथ संपन्न हुई। प्रातः 10.30 बजे से मंदिर में भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया गया, जिसके यजमान गोपाल कोठारी एवं रेणु कोठारी थीं। बच्चों एवं महिलाओं के लिए विभिन्न स्पर्धाएँ हुईं। रिसड़ा जागरण मंडल के सान्निध्य में भजन संध्या व रात्रि में महाप्रसाद के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। गंगा दशहरा एवं चुनरी महोत्सव के उपलक्ष में नीबू, शिकंजी एवं शीतल पेयजल से सेवा की गई।



**पुरुलिया.** माहेश्वरी महिला समिति 5 दिवसीय हॉबी केम्प का आयोजन किया गया। इसमें 28 बच्चों ने भाग लिया। इसकी थीम ''जंगल'' थी। इसमें योगा, आर्टक्रॉफ्ट, डांस, टेटू, फन एंड गेम्स, फूड यम्मी आदि का आयोजन हुआ। सूत्रधार कृष्णा पेड़ीवाल, निर्मला मल्ल व स्नेहा बिनानी थीं।



**बैंगलुरु.** माहेश्वरी सभा द्वारा माहेश्वरी भवन में आयोजित कार्यक्रम में भगवान महेश का सभा के सचिव निर्मलकुमार तापड़िया ने सपत्निक पूजन एवं रुद्राभिषेक किया। इसी दिन माहेश्वरी सभा द्वारा अन्नदान एवं माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा छाछ वितरण का आयोजन किया गया तथा सायं टॉक-शो कार्यक्रम रखा गया। अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के दक्षिणांचल उपाध्यक्ष अशोक बंग द्वारा समाज बंधुओं को बदलते परिवेश में माता-पिता एवं आज की युवा पीढ़ी के साथ सुदृढ़ संबंध कैसे बनाये रखे जा सकते हैं इस विषय पर बेंगलूरु समाज के परिवारों के साथ विचारों का आदान-प्रदान किया। 4 जून को माहेश्वरी भवन में विभिन्न कार्यक्रमों व स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। जिसमें छोटे बच्चों की चित्रकला व फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता रखी गई। इस आयोजन में वयोवृद्ध सम्मान के अंतर्गत समाज के कर्मठ कार्यकर्ता वल्लभ धूत एवं पद्मनीदेवी को सम्मानित किया गया। सरस्वती पुरस्कार के अंतर्गत 108 मेधावी छात्रों को प्रोत्साहन स्वरूप प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अजय राठी ने किया एवं आभार हरिकिशन सारड़ा द्वारा व्यक्त किया गया।

**मांडल.** नगर माहेश्वरी सभा व माहेश्वरी नवयुवक मंडल के संयुक्त तत्वावधान में माहेश्वरी भवन से शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए डिस्पोजल को इधर-उधर सड़क पर नहीं फेंककर डस्टबीन में इकट्ठा किया गया। इस कार्य को अन्य समाजजनों ने भी सराहा। नगर माहेश्वरी सभा अध्यक्ष कृष्णगोपाल ईनानी, सचिव फनीश बिड़ला, नवयुवक मंडल अध्यक्ष शुभम बिड़ला, पवन मंडोवरा, संजय बिड़ला, राजकुमार बिड़ला, कैलाश बिड़ला आदि कई समाजजन उपस्थित थे।

**लोणार.** तहसील माहेश्वरी समाज द्वारा महेश नवमी पर तीन दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसमें 1 जून को आयोजित सेमीनार में औरंगाबाद के सीए अभिषेक मलापानी ने 200 व्यापारियों को मार्गदर्शन दिया। 2 जून को रोग निदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 434 मरीजों की जांच की गई। संगठन की ओर से आयोजित रक्तदान शिविर में 41 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। 3 जून को महिला संगठन की विविध स्पर्धाओं के साथ प्रभात फेरी, संस्कार सम्मान तथा भगवान की पूजा, अभिषेक व प्रसादी का आयोजन भी हुआ। उक्त जानकारी देते हुए विदर्भ प्रदेश मंत्री गोपाल तोष्णीवाल ने बताया कि इस अवसर पर 1200 पौधों का रोपण भी किया गया।




Sheetal Birla
+91 94141-16036
महेश नवमी के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
sheetal TM
Radium & FLEX
FUJIFILM
Flex Printing
UV Flad Bed Printing
Wallpaper
Canvas Printing
Eccko Roland Printing
Glass Printing
Glowsin Bord
Photo Paper
Italian Framing
Sun Bord Printing
LED Latter Bord
Hari Seva Dham Road, Near Baheti Palace, Bhilwara Ph:01482-234836
www.sheetalflex.com, email: sheetalflax@gmail.com


जय महेश
महेश नवमी
2017 की
शुभकामनाएं
हरियाणा पंजाब हिमाचल जम्मु काश्मीर प्रादेशिक माहेश्वरी सभा
प्रेरणा स्त्रोत– श्री अशोक सोमानी
उपसभापति उतरांचल
श्री ओमप्रकाश पसारी
अध्यक्ष
श्री महेश राठी
प्रदेश मंत्री
श्री प्रदीप पेड़ीवाल
महासभा का.सदस्य
श्री विवेक तोषनीवाल
कोषाध्यक्ष
श्री राजेन्द्र कलन्त्री
उपाध्यक्ष
श्री अशोक गोदानी
उपाध्यक्ष
श्री ओ.पी. राठी
उपाध्यक्ष
श्री सुशील मून्धड़ा
संगठन मन्त्री
श्री रतन लाल भूराड़िया
संयुक्त मंत्री
श्री अमृतलाल पच्चिसिया
संयुक्त मंत्री
श्री नकुल मोहन्ता
संयुक्त मंत्री
श्री सतीश माहेश्वरी
सह मंत्री



**उज्जैन.** संयुक्त परिवार संस्कारों की खान है। इसमें रहकर बच्चों को बड़ों का आदर, हम उम्र से अपनापन तथा पति-पत्नी के बीच सम्मान की सीख मिलती है। यह विचार उज्जैन जिला माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा चारधाम मंदिर आश्रम परिसर में महेश नवमी पर्व पर आयोजित टॉक शो में महिलाओं ने व्यक्त किये। संयोजक उषा सोड़ानी ने बताया कि टॉक शो का विषय "वैवाहिक रिश्तों में सामंजस्य क्यों नहीं" रखा गया था। कार्यक्रम में फेसबुक व वॉट्सएप पर चेटिंग कितनी सार्थक, विषय पर वाद- विवाद प्रतियोगिता भी आयोजित हुई। मुख्य अतिथि के रूप में गीता तोतला मौजूद थी। अध्यक्षता मंगला बांगड़ ने की। जिला अध्यक्ष कृष्णा जाजू तथा संयोजिका कीर्ति बियाणी व मनीषा राठी ने अतिथि स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ. अर्चना माहेश्वरी द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से महिलाओं को कैंसर के लक्षण व बचाव के उपाय भी बताए गये।



**सनावद.** समाज के वंशोत्पत्ति पर्व पर दो दिवसीय कार्यक्रम सम्पन्न हुए। 2 जून को दीप यज्ञ में सभी ने उत्साह पूर्वक सम्मिलित होकर ईश्वर की आराधना की तथा समस्त सृष्टि हेतु मंगल प्रार्थना की। 3 जून प्रातः 8 बजे मुरलीमनोहर मंदिर से शोभा यात्रा प्रारंभ हुई। यात्रा का महेश परवाल, टेकडी मित्र मंडल, सुभाष चौखडा, लाली शर्मा (पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका) पार्षद कपिल जटाले, मंत्री परिवार आदि द्वारा स्वागत किया गया।भगवान महेश के भव्य अभिषेक के मुख्य यजमान रितेश कैलाश मंत्री थे। इस अवसर पर सामुहिक अल्पाहार का आयोजन मंत्री परिवार की ओर से था। सायंकाल मंत्री परिसर में समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। स्व. श्री सत्यनारायण परवाल का देहदान, स्व. श्री जगदीश परवाल का नेत्रदान, स्व. गोविंद अजमेरा का नेत्रदान के लिये मरणोपरांत अभिनंदन किया गया। बस स्टैंड पर मंत्री परिवार द्वारा वाटर कूलर का लोकार्पण किया गया।

> "बोलने का हक़ छिना जा सकता है,
> मगर खामोशी का कभी नहीं और
> खामोशी से बड़ा कोई जवाब नही।"



**ग्वालियर.** ग्वालियर जिला माहेश्वरी सभा के तत्वावधान में महेश नवमी पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शुभारम्भ 30 मई को सुंदरकांड पाठ के साथ हुआ। 31 जून को दीनदयाल सिटी मॉल में बुजुर्गों एवं समाज की प्रतिभाओं के सम्मान का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि श्यामसुंदर सोनी सभापति अभा माहेश्वरी महासभा, विशिष्ट अतिथि सुभाषचंद्र बहेरिया सांसद भीलवाड़ा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विजय राठी प्रदेशाध्यक्ष म.प्र. पू.क्षे.प्रा.म.स. ने की। जिला अध्यक्ष मोहन माहेश्वरी ने सभी समाजजनों से समाज की एकधारा में आने का आह्वान किया एवं 100 कमरों का वातानुकूलित सभी आधुनिक व्यवस्थाओं से सुसज्जित माहेश्वरी रिसोर्ट (भवन) का निर्माण कर शीघ्र ग्वालियर जिला माहेश्वरी सभा को समर्पित करने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम के उपरांत सभी समाजजनों ने सहभोज में हिस्सा लिया। विभिन्न स्पर्धाओं के साथ 2 जून को अपने पूर्वजों की स्मृति में माहेश्वरी मुक्तिधाम में 10 पौधों का रोपण किया गया। मुख्य अतिथि चंद्रमोहन नागोरी थे। 3 जून को महेश नवमी पर श्री बालाजी मंदिर, डीडवाना ओली में प्रातः दुग्धाभिषेक कर प्रसाद एवं ठंडाई वितरण किया गया। सायं 5 बजे विशाल चल समारोह का आयोजन किया गया। 4 जून को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। 5 जून को महेश नवमी महोत्सव का समापन मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरण एवं दो मिनिट टैलेंट के द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि डॉ देवेंद्र गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि जीडी लड्ढा थे। वरिष्ठ समाजसेवी बाबूलाल गोदानी विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम संयोजक रामनाथ लड्ढा, जगमोहन सोढ़ानी एवं रवींद्र माहेश्वरी थे।





## जावंधिया परिवार, ठैनी (बनखेड़ी)

# नर्मदा शुगर प्रा.लि.

राजेश जावंधिया
मो. 094259-13000

साळी चौका

विनीत जावंधिया
मो. 094259-12000

# रामदेव शुगर प्रा.लि.

अशोक जावंधिया
मो. 094259-23000

बनखेड़ी

किशोर जावंधिया
मो. 094259-16000

# शक्ति शुगर प्रा.लि.

विवेक जावंधिया
मो. 094250-41414

गाडरवारा

गगन जावंधिया
मो. 094071-23000

# श्रीजी शुगर एंड पावर प्रा.लि.

बैतूल

विवेक जावंधिया
मो. 094250-41414

Manufacturers of : High Quality White Crystal Sugar, Co-Generation of Electricity
E-mail : ramdevsugar@yahoo.com

वैभव जावंधिया
मो. 094071-13000

# श्रीनाथ ट्रेडर्स

अनाज एवं तिलहन व्यवसायी

बनखेड़ी (म.प्र.)

अनिल जावंधिया
फोन : 07576-228730 (दु.)
मो. : 094250-40817

मो. : 094259-14000
094250-40817
फोन : निवास
228018, 228445
228528, 228330

# श्रीजी ट्रेडर्स

जहाँ विश्वास ही परम्परा है

पिपरिया

E-mail shrinathtraders@sify.com

# जय गिरराज राईस एंड एग्रो मिल्स प्रा.लि.

खापरखेड़ा

उदित जावंधिया
मो. 081207-14000

उमंग जावंधिया
मो. 076938-14000

# हिमालय बिल्डर्स

भोपाल

वेदांश जावंधिया
मो. 086025-11000



**झारसुगुड़ा.** महेश नवमी उत्सव झारसुगुडा समाज द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्याम सोनी के सानिध्य में मनाया गया। पूर्वांचल के संयुक्त सचिव नंद किशोर लखोटिया, राष्ट्रीय चुनाव समिति के सदस्य चंदरतन चांडक, उत्कल के अध्यक्ष बद्री माहेश्वरी, सचिव सुशील राठी उपाध्यक्ष सत्यनारायण करनानी, सह सचिव राजेश बिन्नानी सहित झारसुगुड़ा एवं ब्रजराजनगर जिला के सभी परिवार के सदस्य सम्मिलित हुए। सभी ने भगवान महेश की पूजा-अर्चना की। जिला के मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किया गया। बच्चों के डांस एवं सुबह के नाश्ते के साथ ही कार्यक्रम का समापन हुआ।



**मुंबई.** महेश नवमी के उपलक्ष में माहेश्वरी वेलफेयर फाउंडेशन(रजि) खारघर, नवी मुंबई द्वारा गत 4 जून को टाटा कैंसर रिसर्च सेंटर के सहयोग से ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित किया गया। इस कैंप में 60 बाटल ब्लड संग्रह किया गया। इस नवनिर्मित संस्था का उद्घाटन खारघर के कई प्रतिष्ठित नगरसेवक, खारघर पुलिस स्टेशन निरीक्षक तथा समाज के गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में किया गया। संस्था की ओर से फकीरचंद बडाले, आनंद मालानी, मनोहर मूंदडा, राजकुमार झंवर, मनोज फलोर एवं शोभा झंवर द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। सभा का संचालन राकेश सोमानी ने किया।



**बालाघाट.** माहेश्वरी वंशोत्पत्ति दिवस के इस पावन पर्व के अवसर पर बालाघाट माहेश्वरी समाज ने एकजुट होकर बालाघाट नगर के प्राचीन शिवसांई मंदिर में भगवान शिव का अभिषेक व पूजन-अर्चन करने के उपरांत प्रसादी वितरण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उक्त कार्यक्रम के आयोजन में वरिष्ठ समाज सेवी टी.सी. गांधी, निर्मला गांधी, रमेश राठी, दुर्गा राठी, प्रमोद नत्थानी, उर्मिला नत्थानी, राधेश्याम माहेश्वरी, निर्मला माहेश्वरी, गुलाब माहेश्वरी, मनोरमा माहेश्वरी, ललित माहेश्वरी, संध्या माहेश्वरी, रमेश माहेश्वरी, रत्ना माहेश्वरी, राजू माहेश्वरी, शितला माहेश्वरी, पवन माहेश्वरी, रितेश सोनी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे। इसी तारतम्य में बालाघाट माहेश्वरी समाज द्वारा नगर के भटेराचौकी स्थित सहारा वृद्धाश्रम में वृद्धजनों का सम्मान करते हुए उनके साथ प्यार बांटा गया। माहेश्वरी समाज के सदस्यों ने समाज के उत्पत्ति दिवस के अवसर पर वृद्धजनों को भोजन वितरण किया, उनके साथ बड़ी देर तक समय व्यतीत किया गया। कोषाध्यक्ष रमेश राठी सहित कई समाजजन उपस्थित थे।



**कुचामनसिटी.** माहेश्वरी समाज द्वारा महेश नवमी के अवसर पर विशाल शोभा यात्रा नगर में निकाली गयी। महासभा के संयुक्त मंत्री श्याम सुन्दर मंत्री, प्रदेश सभा के महामंत्री रंगनाथ काबरा एवं स्थानीय संगठन के सभी कार्यकर्ता शोभा यात्रा में शामिल हुए। इस 11 दिवसीय महेश नवमी कार्यक्रम के अंतिम दिन आयोजित मुख्य समारोह में रामस्वरूप मालू अध्यक्ष, नन्दकिशोर बिडला, कुचामन विकास समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश काबरा, युवा संगठन के जिलाध्यक्ष सुशील काबरा, तहसील सभा के महामंत्री महेश काबरा, महिला संगठन की जिला महामंत्री कृष्णा मंत्री, स्थानीय महिला संगठन की अध्यक्षा प्रतिभा कोठारी, युवा संगठन के अध्यक्ष सुमित काबरा आदि मंचासीन थे। संयुक्त मंत्री (पश्चिमांचल) श्याम सुन्दर मंत्री ने महासभा की भावना के अनुसार स्वागत की ओपचारिकताओं के बिना समारोह प्रारम्भ करने पर आभार व्यक्त किया। संस्था अध्यक्ष नन्दकिशोर बिड़ला ने आभार व्यक्त किया एवं महामंत्री कमल तोषनीवाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया। मनीष लड्ढा, शरद सोमानी, महेश हुरकट, पियुष राठी, अंकित सारड़ा, सुमित मर्दा आदि अनेक कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को तथा शिक्षा में श्रेष्ठ उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने वाले छात्रों को सीतादेवी सत्यनारायण काबरा चेरीटीज की तरफ से पारितोषिक वितरित किये गये। ट्रस्ट की ओर से मनोज काबरा एवं मनीषा काबरा उपस्थित थे। मंच संचालन कमलकिशोर सोनी तथा सुरभि हुरकट ने किया। सामूहिक भोज के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

> ‘लफ्ज़’ ही ऐसी चीज़ है.
> जिसकी वजह से इंसान,
> ‘या तो दिल में उतर जाता है’
> ‘या तो दिल से उतर जाता है’।


Excellence is our Habit...
Success is our Hallmark!
ADMISSION OPEN
11th SCIENCE
Powered with best IIT/NEET Programme
18 Students with 10/10 CGPA
24 Students between 9 to 9.8 CGPA
100% result for 5 consecutive years
Qualified & IITian Trained faculty with professionalism.
Concept base teaching.
Only NECRT Syllabus
Vinayak Thombare 10/10.CGPA
Manvi Valani 10/10.CGPA
Onkar Zanwar 10/10.CGPA
Nandini Maniyar 10/10.CGPA
Amartya Surve 10/10.CGPA
Isha Sasturkar 10/10.CGPA
Priya Dhumale 10/10.CGPA
Atharva Waghmare 10/10.CGPA
Shambhavi Joshi 10/10.CGPA
Aniket Pastapure 10/10.CGPA
Shreya Pawar 10/10.CGPA
Yash Tapdiya 10/10.CGPA
Aditya Kesale 10/10.CGPA
Pranav Patne 10/10.CGPA
Vishal Karnawat 10/10.CGPA
Nupur Dudhgaonkar 10/10.CGPA
Harshwardhan Shinde 10/10.CGPA
Saurav Kale 9.8/10.CGPA
Ronak Agrawal 9.8/10.CGPA
Chirag Vaswani 9.8/10.CGPA
Madhav Karwa 9.8/10.CGPA
Kaustubh Pallod 9.8/10.CGPA
Shri Marwadi Rajasthan Shikshan Sanstha's
Affiliation No. 1130332
RNLES
RAJA NARAYANLAL LAHOTI ENGLISH SCHOOL, LATUR
(An Innovative CBSE Sr. Sec. School of Quality)
Signal Camp, Latur- 413 512 (Maharashtra)
Tel : 02382 - 212030 www.rnles.edu.in





**■ सिलीगुड़ी.** स्थानीय माहेश्वरी समाज की ओर से महेश नवमी महोत्सव का सिलीगुड़ी माहेश्वरी समाज की चार अग्रणी संस्था माहेश्वरी सभा सिलीगुड़ी, माहेश्वरी महिला मंडल, माहेश्वरी युवा संस्था एवं उत्तर बंगाल माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट ने संयुक्त रूप से आयोजन किया। 3 जून को पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के संयुक्त मंत्री महामंत्री कार्यालय जयपुर जुगल सोमानी विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम के दूसरे दिन रविवार 4 जून को पूरे दिन विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। महोत्सव का शुभारंभ सुबह विशाल एवं भव्य शोभायात्रा के साथ हुआ। शोभायात्रा का विभिन्न स्थानों पर लोगों ने पेयजल एवं ज्यूस के साथ स्वागत किया। इसके पश्चात माहेश्वरी सेवा सदन में बच्चों के लिये चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। लुडो स्पर्धा में विजेता जानवी मूंधड़ा और शुभम मंत्री रहे। प्रतिवर्षानुसार आयोजित रक्तदान शिविर में कुल 67 यूनिट रक्त संग्रहण हुआ। इस वर्ष अखिल भारतीय माहेश्वरी युवा संगठन द्वारा महेश नवमी पर देशव्यापी रक्तदान शिविर के आयोजन का आह्वान किया था। दूसरे चरण में शाम को मुख्य आयोजन हुआ। इसमें चारों अग्रणी संस्था के पदाधिकारी मौजूद थे। समाज के मेधावी विद्यार्थियों का अभिनंदन किया गया। इसके बाद भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा चारधाम की तर्ज पर सजाया गया स्टेज जिसमें सर्वत्र प्रशंसा हुई। आयोजन में कुछ रोचक मनोरंजन से भरपूर इन्स्टेंट गेम्स भी रखे गये थे।



**■ राँची.** महेश नवमी महोत्सव के 8 दिवसीय कार्यक्रम का आरम्भ 28 मई को रक्तदान शिविर से हुआ। इसी दिन एक अन्य कार्यक्रम स्कुटोथोन में दो पहिया वाहन की एक रैली सड़क सुरक्षा पर जागरूकता के लिये निकली। इसके बाद 28 मई से 4 जून तक विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। 3 जून को महेश नवमी के दिन प्रातः 7 बजे से लक्ष्मी नारायण मन्दिर से भगवान महेश की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। 4 जून को महोत्सव का समापन वयोवृद्ध लोगों के सम्मान तथा प्रतिभा सम्मान से हुआ। मुख्य अतिथि अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के राष्ट्रीय सभापति श्याम सुन्दर सोनी (नागपुर निवासी) थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्वांचल के संयुक्त सचिव कोलकाता निवासी नन्दकिशोर लखोटिया, झारखण्ड बिहार प्रदेश माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष विनय माहेश्वरी (देवघर), प्रदेश सचिव ललित आगीवाल (जमशेदपुर), प्रदेश संगठन मंत्री गिरिजा शंकर पेड़ीवाल व उत्कल प्रदेश सभा के अध्यक्ष बद्रीनारायण माहेश्वरी थे।

**■ आर्वी ( सं. ).** माहेश्वरी समाज द्वारा महेश नवमी के दिन शहर में भगवान महेश की शोभायात्रा निकाली गई। सुबह भगवान महेश का दुग्धाभिषेक तथा महापूजा की गई। तत्पश्चात आरती एवं प्रसादी का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। प्रमुख अतिथि नयनसुख लड्ढा, शंकर राठी, पंचायत अध्यक्ष सत्यनारायण चांडक, सचिव सुरेशचंद्र चांडक, महिला मंडल की अध्यक्ष अर्चना सादानी, विदर्भ प्रादेशिक उपाध्यक्ष भारती राठी, मनोहर भूतड़ा, राजू चांडक आदि थे। आयोजित स्पर्धाओं के पुरस्कार वितरित भी किये गए। पौधारोपण तथा मरीजों को फल बिस्किट वितरण भी किया गया।



महेश नवमी के पावन पर्व की समस्त
माहेश्वरी बन्धुओं को हार्दिक शुभकामनाएं



॥ जय महेश ॥ ॥ जय महेश ॥

मुकेश नौलखा
Mo. : 98281-48666

NANESH
CARGO MOVERS
Fleet Owners & Transport Contractor

Daily Services For : Delhi, Faridabad, Hariyana, U.P., M.P.,Gujrat, Maharashtra, South & All Over India

AS-7, Opp. Jai Hind Circle, Transport Nagar,
Bhilwara - 311001 (Raj.)
Ph. : 01482-241861


गर्व से कहें
हम है माहेश्वरी
सभी स्वजनों को समाज के
उत्पत्ति पर्व महेश नवमी की
हार्दिक शुभकामनाएं
यह पावन पर्व समाज के यश और
कीर्ति को चारों दिशा में
और भी अधिक फहरायें
यही भगवान महेश से कामना
दिलीप काबरा
सविता काबरा
मुम्बई



**आगरा.** जिला माहेश्वरी सभा द्वारा दो दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत द्वितीय दिवस 3 जून शनिवार को प्रातः विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शाम को स्थानीय माथुर वैश्य भवन पचकुईया, आगरा में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। अष्टभुजा मंदिर, प्रताप नगर जयपुर हाउस पर शोभायात्रा का समापन हुआ। यहां भगवान महेश का रुद्राभिषेक हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत जिला माहेश्वरी सभा आगरा के अध्यक्ष महेंद्र डागा व अन्य मंचस्थ महानुभावों ने की। मुख्य अतिथि राकेश मालपानी- ए.डी.एम. (फाइनेंस) आगरा थे। इस अवसर पर प्रतिभाओं का सम्मान भी किया गया। सीए प्रमोद कुमार बूब जयपुर ने सकारात्मक सोच एवं भावनाओं का व्यक्तित्व विकास में योगदान विषय पर परिचर्चा की।



**नागदा.** माहेश्वरी उत्पत्ति दिवस माहेश्वरी भवन पर मनाया गया। रेलवे कालोनी स्थित शंकर भगवान के मन्दिर में सुबह 6 बजे भगवान का अभिषेक किया गया। सुबह 8 बजे मन्दिर से प्रभात फेरी निकाली गयी। शाम को 6 बजे वरिष्ठजनों एवम् मेघावीछात्रों का मुख्य अथिति एवम् समाज द्वारा सम्मान किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में गोविन्द मोहता, गोपाल मोहता, बसंत मालपानी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदीप राठी ने की। संचालन सचिव घनश्याम राठी द्वारा किया गया।



**उस्मानाबाद.** माहेश्वरी समाज का 5150वाँ उत्पत्ति पर्व महेश नवमी जिले में 1 से 3 जून तक मनाया गया। भगवान श्री महेश की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। 1 जून को परली बैजनाथ निवासी, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. स्मिता तापड़िया ने महिलाओं के आरोग्य के लिए योग के महत्व विषय पर संबोधन दिया। तीन दिवसीय उत्सव में महिलाओं और बच्चों के लिये विविध खेल, स्पर्धा, रक्तदान शिविर, रक्त जांच शिविर, स्नेह भोजन आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। महेश नवमी के दिन भगवान श्री महेश का अभिषेक तथा पूजन पुना निवासी द्वारकाप्रसाद जालान और नागपुर निवासी संदीप झँवर के कर कमलों से किया गया। इस अवसर पर ओंकारनाथ मालपाणी महाराष्ट्र महेश सेवा निधि के अध्यक्ष किशन भंसाली को कोष के वृद्धि के लिए मानपत्र देकर सम्मानित किया गया।



**भुवनेश्वर.** जिला माहेश्वरी सभा द्वारा महेश नवमी के उपलक्ष्य में डाकरा विभीषन मंदिर में शृंगार करके शिवजी की सामूहिक पूजा, महेश वंदना व आरती की गई। सभी सदस्यों ने पंडितों के साथ मिलकर सुंदरकांड का पाठ किया। पाठ समापन पर आरती कर सदस्यों ने भोजन प्रसादी ग्रहण की।


हार्दिक शुभकामनाएं..........

Dalia's™
High in Quality, Rich in Taste

श्री निवास एंड ब्रदर्स
SRINIVAS & BROTHERS

किराणा एवं सूखे मेवे व सभी किस्म के मुरब्बे तथा अचार एगमार्क शहद उपवन ग्रेड-ए
सच्चा साबू एगमार्क साबुदाना सुपर कोकिला मेहंदी

14-7-371/17, बेगम बाजार, राजाबहादुर बिल्डिंग के सामने, हैदराबाद-500012
फोन-24745570, 24606726, 24615438
e-mail : contact@dalias.in   web : www.dalias.in

# प्रेमकिशोर सिकची चॅरीटेबल ट्रस्ट, अहमदाबाद निर्मित

SIKCHI RESORT - A Green Paradise

## आलिशान 'सिकची रिसोर्ट', वलगांव



विशेषताएं : * निसर्गरम्य, शांत पवित्र वातावरण में शुभ कार्यों को यादगार बनाने का एक अनूठा अनुभव। * विदर्भ में उच्च कोटि के लिए नामांकित वातानुकूलित वास्तु में करीब 300 मेहमानों के लिए ठहरने की उत्तम व्यवस्था। * मंदिर, भव्य स्टेज, सभागृह, पार्किंग, जलप्रपात, बालवाटिका तथा अति आधुनिक शाकाहारी रेस्टारेंट का सानिध्य, एक सुंदर पिकनिक स्पॉट * रात-दिन कार्यरत प्रशिक्षित सेवकगण की उपस्थिति। * जनहित कार्यक्रम बिनामूल्य तथा सम्पूर्ण आय सामाजिक उत्थान के लिए व्यय करने का दृढसंकल्प।






'सिकची रिसोर्ट', वलगांव, नागपुर से करीब 160 कि.मी. तथा अमरावती से 10 कि.मी. दूरी पर अमरावती-परतवाड़ा मार्ग पर स्थित है। विविध पैकेजेस तथा अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें।

सचिन धरनकर
मो. 7507805264

Email : sikchi123@yahoo.com

पियूष शर्मा
मो.नं. 9637385336



*श्री द्वारिकाधीश विजयते*

भगवान श्रीकृष्ण की कर्मभूमि

# द्वारकाधाम

में 'श्री अखिल भारतीय माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट' द्वारा संचालित अत्याधुनिक सुविधायुक्त एकमात्र माहेश्वरी अतिथि गृह



# माहेश्वरी सेवा कुंज

21, द्वारकेश पार्क सोसायटी (अम्बुजा प्लाट), नागेश्वर रोड, देवभूमि द्वारका-361335 (गुजरात), दूरभाष- 02892-235553 / 235554, मो. 097271-22111

E-mail : maheshwarisewakunj@gmail.com

आप अपना आरक्षण ई-मेल अथवा फोन से करवा सकते हैं

## उपलब्ध सुविधायें

- ए.सी. व टी.वी. से सुसज्जित 47 डबल बेडरूम (अटैच्ड लैट, बॉथ)।
- 4 फैमिली ए.सी. हॉल (6 व्यक्तियों की क्षमता वाले)।
- अत्याधुनिक किचन के साथ वातानुकुलित भोजनशाला।
- वाई-फाई सुविधा से युक्त पूरा भवन
- विभिन्न मंजिलों पर जाने के लिये दो लिफ्ट की सुविधा।
- स्वच्छ आर ओ पेयजल की सुविधा
- भव्य एयरकंडीशन सत्संग हॉल।
- कार पार्किंग की सुरक्षित व्यवस्था।

श्यामसुंदर कासट (अध्यक्ष)
मो.- 098315-55555

रामस्वरूप जैथलिया (महामंत्री)
मो.- 096490-79999

विनोद कुमार बांगड (कोषाध्यक्ष)
मो. 094142-12835

**देवघर ( झारखंड ).** झारखंड-बिहार प्रदेश माहेश्वरी सभा द्वारा महेश नवमी पर्व झारखंड के देवघर स्थित माहेश्वरी भवन में माहेश्वरी महिला संगठन की सचिव इंदू मूंधड़ा के संयोजन में आयोजित हुआ। प्रदेशाध्यक्ष विनयकुमार माहेश्वरी एवं उनकी धर्मपत्नी विमला माहेश्वरी ने मुख्य यजमान बनकर भगवान महेश का पूजन सम्पन्न करवाया। रमेशचंद्र मूंधड़ा, अशोककुमार मूंधड़ा, उमाशंकर मूंधड़ा, जगदीशकुमार मूंधड़ा, विजयकुमार नेवर, मनोजकुमार नेवर आदि सपरिवार उपस्थित थे। महिला शाखा की सचिव इंदू मूंधड़ा, विमला मूंधड़ा, आशा नेवर आदि का विशेष योगदान रहा। देवघर से यात्रा प्रारंभ हुई। दोपहर 1 बजे धनबाद माहेश्वरी सभा के द्वारा आयोजित समारोह में प्रदेशाध्यक्ष ने उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाया। धनबाद के शक्ति मंदिर में सामूहिक भोजन की व्यवस्था थी। सायं 7 बजे माहेश्वरी मंडल, जमशेदपुर के माहेश्वरी भवन, जुगसलाई में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेशाध्यक्ष ने अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के सभापति श्याम सोनी, महासभा पूर्वांचल के संयुक्त सचिव नंदकिशोर लाखोटिया एवं उत्कल माहेश्वरी महासभा के चुनाव समिति सदस्य चांदरतन चांडक का स्वागत किया गया। बद्रीनारायण माहेश्वरी अध्यक्ष उत्कल प्रदेश माहेश्वरी सभा ने राउरकेला में कड़क धूप में आयोजित शोभायात्रा में सभापति एवं संयुक्त मंत्री के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर भाग लिया।



**नीमच.** महेश नवमी पर्व के उपलक्ष्य में माहेश्वरी समाज द्वारा भव्य पदयात्रा व शोभायात्रा निकाली गई। इसमें सैकड़ों की संख्या में समाजजन शामिल हुए। श्रीराम मंदिर में भगवान महेश का अभिषेक किया गया। इसमें 10 से लेकर 70 वर्ष आयु तक के श्रद्धालु सहभागी बने। बघाना अग्रवाल समाज अध्यक्ष घीसालाल मित्तल, राजेंद्र गर्ग पप्पी सर, मितुल मित्तल, राकेश बाहेती मित्र मंडल, विधायक दिलीपसिंह परिहार, भाजपा जिलाध्यक्ष हेमंत हरित, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश लालवानी, सिंधी समाज, वैश्य महासम्मेलन सहित विभिन्न समाजों ने यात्रा का स्वागत किया। विभिन्न धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सम्मान समारोह भी आयोजित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी युवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार काल्या, पश्चिमी मप्र उपाध्यक्ष सुनील गगरानी, नीमच अध्यक्ष ओमप्रकाश मंत्री, आशीष सारड़ा, राजस्थान प्रदेश युवा संगठन अध्यक्ष चंद्रप्रकाश नाधरानी आदि ने किया। युवा संगठन ने साइकिल यात्रा से पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।



**फरीदाबाद.** महेश नवमी के शुभ पर्व पर फरीदाबाद माहेश्वरी समाज ने 3 जून को प्रभातफेरी एवं महेश अर्चना से पर्व का शुभारंभ किया। तत्पश्चात शाम को सामूहिक संगीतमय सुंदरकांड तथा सहभोज रखा गया। 4 जून को भंडारा हुआ व दूध-शरबत का वितरण किया गया। पूरे समाज ने तन-मन-धन से सहयोग दिया। युवा संगठन ने सभी प्रोग्रामों में सहभागिता निभाई। प्रादेशिक अध्यक्ष ओमप्रकाश पसारी ने सभी कार्यक्रमों में उपस्थिति दर्ज की एवं बधाई दी। मंडल अध्यक्ष सुशील नेवर व सचिव बिनोद बिहाणी ने समाज के सर्वांगीण विकास के लिए भगवान महेश से प्रार्थना की।



**सीडको ( नासिक ).** महेश नवमी पर्व क्रिकेट, रंगोली आदि स्पर्धाओं के साथ मनाया गया। 3 जून को 'महेश भवन' में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। हेल्थ चेकअप का भी 200 लोगों ने लाभ लिया। भगवान महेश की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। 'महेश भवन' में गुण गौरव समारोह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता नासिक के उद्यमी प्रदीप बूब एवं शोभना बूब ने की। विशेष सम्मान 12वीं कक्षा की परीक्षा में अंध छात्र वेदांत मूंदड़ा को 90 प्रतिशत अंक लाने पर दिया गया। इसके साथ ही विशिष्ट प्रतिभाओं का सम्मान हुआ। महाप्रसाद का आयोजन नवरंग ग्रुप द्वारा किया गया। श्री महेश चैरीटेबल ट्रस्ट (सीडको) के अध्यक्ष नंदलाल राठी ने महेश भवन के बारे में जानकारी दी।



**सरवन ( रतलाम ).** माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा महेश नवमी उत्सव धूमधाम से मनाया गया।




बी.एल. माहेश्वरी
मो. 94610-34950
-अध्यक्ष -
वरिष्ठ नागरिक मंच
संस्थान भीलवाड़ा
-संरक्षक -
संजय कालोनी,
माहेश्वरी समाज संस्थान भीलवाड़ा



देवेन्द्र माहेश्वरी
मो. 9414884480



महेन्द्र माहेश्वरी
मो. 9252258357



अंकित माहेश्वरी
मो. 9461794033



आदित्य माहेश्वरी
मो. 9742237311

हार्दिक शुभकामनाओं सहित

सेवा ▪ त्याग ▪ सदाचार
माहेश्वरी समाज की यह पहचान



सी.ए. भंवर राठी
अध्यक्ष,
वृहत्तर कलकत्ता प्रादेशिक माहेश्वरी सभा

# CA. B.L. RATHI & CO.
**CHARTERED ACCOUNTANTS**

9, India Exchange Place,
4th Floor, Kolkata- 700 001

Tel : 033 22424066, Mob : 9831030153
E-mail : Birathi@rediffmail.com



**O.P. Rathi**
Chairman



**Ramesh Rathi**
Director



**Sumith Rathi**
Director

# RATHI TEXTILES PVT. LIMITED

Regent Tower, 5th Floor,
P.S. Kalakar Street, Kolkata -700 007

Tel.-033 2259 80016, Mob. : 9331041484

**लातूर.** जिला माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा महेश नवमी पर गत 4 जून को बालाजी मंदिर में समाज के वरिष्ठ बुजुर्ग जिन्होंने आयु के 75





वर्ष पूर्ण कर लिए हैं, उनके लिये जिलास्तरीय ''सहस्त्र चंद्र दर्शन'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलश यात्रा, सभी बुजुर्गों पर पुष्पवृष्टि तथा पाद्य पूजन के साथ प्रारंभ हुई। तत्पश्चात धार्मिक विधि विधान से होम हवन के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु जिला अध्यक्षा विभा विजय गिलडा, सचिव अनुराधा करवा, निर्मला सोमाणी, वंदना दरक, अनिता मालू, संगीता कलंत्री, शोभा मंत्री, शोभा मालू, विद्या नावंदर सहित समस्त सदस्याओं का योगदान रहा।

**रायपुर ( छत्तीसगढ़ ).** महेश सभा द्वारा सुबह 7 बजे चिंताहरण



हनुमान मंदिर, चौबे कॉलोनी से प्रभातफेरी निकाली गई। फेरी का समाज के बंधुओं द्वारा विभिन्न जगहों पर चाय, शीतल पेय, नाश्ता आदि से स्वागत किया गया। दोपहर 3 बजे से महेश युवा एवं महेश महिला संगठन द्वारा विभिन्न प्रकार के जनहित कार्यक्रम किए गए। शाम 7 बजे महेश छात्रावास में भगवान महेश की पूजा-अर्चना की गई। वरिष्ठ पुरुष एवं महिलाओं व प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान कर पुरस्कार बांटे गए। इस दौरान हाईटी व भोजन की व्यवस्था भी रखी गई। सुशील काबरा, महावीर मंत्री, गणेशमल चांडक, किशन गट्टानी, राजेंद्र लाहोटी, सुनील मोदानी आदि मौजूद थे। जानकारी सचिव किसन गोपाल करवा ने दी।

**बालासोर.** महेश नवमी के उपलक्ष्य में स्थानीय माहेश्वरी भवन बालासोर में गत 3 जून को बालासोर माहेश्वरी समाज के बंधुओं के साथ



महिलाओं एवं युवाओं ने भगवान महेश की पूजा की। 11 जून की सुबह रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। 66 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। उसी दिन शाम को स्वरुचि भोज के साथ सभी वर्ग के लिए विभिन्न प्रकार के मनोरंजक खेलकूद का आयोजन किया गया। समाज की प्रतिभाओं का सम्मान भी किया गया।

**कटक.** जिला माहेश्वरी सभा द्वारा महेश नवमी पर्व की शुरुआत



सुबह 8 बजे दीप प्रज्जवलन व महेश वंदना के साथ हुई। तत्पश्चात माहेश्वरी युवा मंडल ने ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित किया। इसमें 103 यूनिट ब्लड का संग्रह किया गया। उसके बाद कटक जिला माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा शिव महिम्न स्तोत्र का पाठ किया गया और सभी समाजजनों ने मिलकर सामूहिक प्रसादी ग्रहण की। कार्यक्रम को सफल बनाने में माहेश्वरी सभा, माहेश्वरी युवा मंडल एवं माहेश्वरी महिला मंडल का पूर्ण सहयोग रहा।



*With Best Compliments From*

**Babuprasad Khatod**
**EX. Vice President**
**A.B. Maheshwari Seva Sadan**
**Mo. : 098240-37004**



# B.R. Metal & Alloys
## (Guj.) Pvt. Ltd.

# Ghanshyam Metal Udyog

**F-4, New Madhavpura Market, Nr. Police Commissioner Office Shahibaug Road, Ahmedabad-4**
**Ph. : (O) 25631971, 25631976, 25631977, (W) 22900074, 22901689 (R) 22865106 Fax (O) 25633960**
**Email : ridhisidhi1@icenet.net**

## देववृक्ष फाउंडेशन
(रजि. महा.369/2017)

एवं

## दिव्यांग स्पोर्टिंग सोसायटी, भारतीय टीम, भारत

# दिव्यांग V/s सिने स्टार भव्य क्रिकेट स्पर्धा



Join us
Email- devrukashinterrnational@gmail.com
Web-devrukashinternational.co
Mo.-94237-31846/99968-45709

**माहेश्वरी समाज इस सुनहरे अवसर पर**
**अपना हाथ बढ़ाएं**

■ ........स्थानीय माहेश्वरी भवन से शिव मंदिर एवं जगन्नाथ मंदिर तक शोभायात्रा निकाली गई। इसके बाद बच्चों के लिए मनोरंजक क्रीड़ा आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। अंत में सभी ने प्रसादी ग्रहण की।



■ **ढेंकानाल-अनुगुल.** तालचेर में महेश नवमी का उत्सव बड़े ही धूमधाम से मना। भगवान शिव की पूजा अर्चना व आरती की गई। तत्पश्चात प्रसादी ग्रहण की गई।



■ **झारसुगुड़ा-ब्रजराजनगर.** महेश नवमी के उपलक्ष्य में गत 8 जून को ब्रजराजनगर के माहेश्वरी भवन में एक भव्य कार्यक्रम व स्वरुचि भोज का आयोजन किया गया। बच्चों और महिलाओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किये। संबलपुर व झारसुगुड़ा के समाजजन भी शामिल हुए।



■ **जाजपुर रोड.** भद्रक जिले के अंतर्गत जाजपुर रोड में महेश नवमी के उपलक्ष्य में 4 जून को एक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमे बच्चों ने महेश भगवान की कथा पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत किए। अंत में सभी ने स्वरुचि भोज का आनंद लिया।





■ **बारीपदा ( मयूरभंज ).** महेश नवमी के शुभ अवसर पर मयूरभंज जिला द्वारा बारिपदा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमे समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

■ **क्योंझर-बड़बिल.** महेश नवमी के उपलक्ष्य में क्योंझर-बड़बिल जिला अंतर्गत बड़बिल में गत 6 जून को भजन-कीर्तन एवं स्वरुचि भोज का आयोजन किया गया। महिलाओं की भागीदारी सराहनीय रही।



■ **संबलपुर.** जिला माहेश्वरी समाज द्वारा महेश नवमी की पूर्व संध्या पर 2 जून को राष्ट्रीय अध्यक्ष श्यामसुंदर सोनी के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें पूर्वांचल के संयुक्त मंत्री नंदकिशोर लखोटिया, प्रदेशाध्यक्ष भाईजी बद्रीनारायण माहेश्वरी, सचिव सुशील



राठी, उपाध्यक्ष घनश्याम पेड़ीवाल, सत्यनारायण करनाणी, प्रदेश से महासभा कार्यसमिति सदस्य लालचंद मोहता के साथ झारसुगुड़ा, ब्रजराजनगर, राउरकेला, संबलपुर के समाजजन मौजूद थे।

■ **सुंदरगढ़( राउरकेला ).** सुंदरगढ़ जिला राउरकेला के माहेश्वरी भवन में राष्ट्रीय अध्यक्ष के सम्मान एवं महेश नवमी के अवसर पर 3 जून को भव्य व रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। सबसे पहले महेश भगवान की एक विशाल मूर्ति के साथ मोटरसाइकिल रैली निकाली गई। इसमें समाज बंधुओं के साथ महिलाएं एवं युवा भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्याम सोनी ने खुद मोटरसाइकिल चलाकर सभी को प्रोत्साहित किया। राष्ट्रीय संयुक्त सचिव नंदकिशोर लखोटिया, उत्कल अध्यक्ष बद्री माहेश्वरी, सचिव सुशील राठी एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। तत्पश्चात भवन परिसर में राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं अन्य समाजजनों ने पौधारोपण कर नए जनरेटर का उद्घाटन किया।



# लड़के-लड़कियों के रिश्ते ढूँढना हुआ बेहद आसान
# हमारी वेबसाइट है
# इसका सही समाधान

High Status,
Middle Status,
NRI, Manglik, Non Manglik,
Biodata MBA, MCA, Doctor,
Engg. Biodata, CA, CS,
ICWA Biodata




Graduate,
Post Graduate Biodata
Professional Biodata
Businessman Biodata
Service Class Biodata

**माहेश्वरी समाज के लिए 60 हजार से अधिक**

**जैन समाज के लिए 70 हजार से अधिक**

**अग्रवाल समाज के लिए 1 लाख से अधिक**

Registration Free

## Website

**www.maheshwari.org**
**www.jain2jain.org**
**www.agrawal2agrawal.org**

Registration Free



## अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें-

**39/1, Old Rajendra Nagar, New Delhi-110060**
**Phones :011-25746867, M. : 093129 46867**





**■ कोलकाता.** माहेश्वरी सभा, माहेश्वरी महिला संगठन, माहेश्वरी युवा मंच हावड़ा के तत्वावधान में महेश नवमी महोत्सव का कार्यक्रम गत 3 जून को स्थानीय हावड़ा मिल्स क्लब हाउस में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह 9 बजे भगवान महेश का पूजन इंदिरा-विजय भूतड़ा द्वारा किया गया। प्रातः 10.30 बजे से हावड़ा स्टेशन के पास करीब 5 हजार गिलास गुलाब के शर्बत का वितरण किया गया। सायं 6 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम एक कदम जागरुकता की ओर का मंचन महिला संगठन द्वारा किया गया। बृहत्तर कलकत्ता प्रादेशिक माहश्वेरी सभा, प्रादेशिक महिला संगठन एवं प्रादेशिक युवा मंच के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों अध्यक्ष भंवरलाल राठी, मंत्री नंदकुमार लढ़ा, बृजमोहन मूंधड़ा, अरुणकुमार लढ़ा, संगठन मंत्री इंद्रकुमार डागा आदि का सम्मान किया गया। आईएससी बोर्ड 12वीं की परीक्षा में द्वितीय रैंक प्राप्त देवेश लाखोटिया तथा उनके दादाजी व माताजी-पिताजी का भी सम्मान किया गया। ओमप्रकाश मल्ल, मनमोहन मल्ल, इंद्रकुमार मल्ल, वीरेंद्रकुमार मोहता, शिवकिसन मूंधड़ा, शिवरतन झँवर, भँवरलाल मूंधड़ा, मोतीलाल राठी सहित कई समाजजन उपस्थित थे।



**■ सोलापुर.** माहेश्वरी समाज का उत्पत्ति पर्व सोलापुर शहर तथा तहसीलों में उत्साह के साथ मनाया गया। जिला माहेश्वरी सभा तथा माहेश्वरी प्रगति मंडल द्वारा आयाजित इस उत्सव में विभिन्न कार्यक्रम सम्पन्न हुए। इसमें सरिता राठी पुणे ने मार्गदर्शन दिया। लेझिम व ढोल के साथ शोभायात्रा निकली। प्रगति मंडल जिलाध्यक्ष प्रमोद भूतड़ा, सचिव सचिन लड्ढा, माहेश्वरी महासभा जिलाध्यक्ष चंद्रकांत तापड़िया, सचिव जवाहर जाजू, ओमप्रकाश सोमाणी, श्यामसुंदर बिहाणी, श्यामसुंदर दरगड़, वीरेंद्र सोमाणी आदि समस्त सदस्यों ने सहयोग दिया।

**■ सूरत.** गुजरात प्रदेश के सभी क्षेत्रों में महेश नवमी उत्सव धूमधाम से मनाया गया। प्रदेश अध्यक्ष त्रिभुवन काबरा सूरत कार्यक्रमों में विशेष रूप से आमंत्रित थे। शाम को श्री काबरा ने सूरत समाज के गणमान्य बंधुओं के साथ एक विशेष बैठक आयोजित कर सामाजिक विषयों पर चर्चा की। इसी दिन पदाधिकारियों एवं विशेष आमंत्रितों की प्रथम बैठक भी वडोदरा में आयोजित की गई।







**■ वडोदरा.** माहेश्वरी समाज चौखंडी द्वारा इस वर्ष भी महेश नवमी उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में आयोजित रक्तदान शिविर में 50 बोतलें रक्त संग्रहित हुआ। इसके साथ ही 3 जून को पोस्टर व स्लोगन। ड्रायफ्रूट्स पैकिंग व निबंध स्पर्धा आयोजित हुई। अगले दिन कुर्सी रेस व नीबू रेस आयोजित हुई। सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। भव्य शोभायात्रा निकाली गई और अंत में महाप्रसादी रखी गई। वैवाहिक जीवन के 50 वर्ष पूर्ण करने वाले जोड़ों का पगड़ी और चुनरी से स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुजरात प्रदेशाध्यक्ष त्रिभुवन काबरा थे। सत्यनारायण ऐस ईनानी ने अध्यक्षता की। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष गणेशलाल लड्ढा, मंत्री बद्रीलाल डाड, सहमंत्री शांतिलाल झँवर, कोषाध्यक्ष बंसतीलाल डाड, उप कोषाध्यक्ष कृष्णगोपाल डाड, सांस्कृतिक मंत्री भगवतीलाल काबरा, प्रवास मंत्री दिनेशचंद्र डाड, सलाहकार प्रहलादराय डाड, सदस्य गोपाललाल मूंदड़ा, दिनेशकुमार राठी, सुरेशचंद्र गदीया, रत्नेशकुमार डाड, राजेशकुमार बहेड़िया, संतोषकुमार चौपड़ा, राजेंद्रकुमार न्याती, शिवनारायण सोमानी, महिला मंडल की कमला एस ईनाणी, सुशीला आर पोरवाल, सरोज बी डाड आदि मौजूद थीं।




**■ अंबाजोगई ( बीड़ ).** माहेश्वरी समाज का उत्पत्ति दिवस माहेश्वरी परिवार ने विविध कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से मनाया। इसमें रक्तदान शिविर, सहायता राशि वितरण, शोभायात्रा, समाज की विधवाओं का सम्मान, ज्येष्ठ व्यक्तियों का सम्मान एवं समाजसेवी रामनारायण काबरा (नांदेड़) का भाषण आयोजित हुआ। महेश वंदना स्वाति झँवर, मोनिका मूंदड़ा ने प्रस्तुत की। सूत्र संचालन सतीश तोषनीवाल ने किया। आभार प्रदर्शन अमित रांदड़ ने किया। तालुका अध्यक्ष सुभाष बाहेती, महिला संगठन अध्यक्षा उर्मिला रांदड़, युवा संगठन के रोहन मूंदड़ा आदि की



महेश नवमी के पावन पर्व
की समस्त माहेश्वरी बन्धुओं को हार्दिक शुभकामनाएं
ANKIT BANGER
GROUP
सेवा त्याग सदाचार
अनिल कुमार माहेश्वरी
प्रदेश व. उपा. राज. न्यायिक, कर्मचारी संघ
+91 94 610 56 410
अंकित बांगड़
जिलाध्यक्ष, हिन्दु जागरण मंच, भीलवाड़ा
+91 78 910 30 000
शाही लोगों का शाही स्वाद
SBJ
NAMKEEN
असली मारवाड़ी स्वाद
रॉयल दर्जी
ROYAL Darjee
A COMPLETE STITCHING SOLUTION
Royal Dream Builders
APNE SAPNO KA AASHIYANA
• MINING • REAL ESTATE • FOOD PRODUCT • TEXTILE • RETAILS
महिला आश्रम स्कूल रोड़, कृषि उपज मण्डी चौराहे, निवार फैक्ट्री के सामने वाली गली, भीलवाड़ा
111/ए, बिल्डिंग नं. 2, मित्तल इण्डस्ट्रीयल स्टेट, अंधेरी ईस्ट, मुंबई ( महाराष्ट्र ) – 400059



**माजलगांव ( बीड ).** समाज का उत्पत्ति दिवस बीड जिला एवं अन्य तहसीलों में धूमधाम से मनाया गया। भगवान के अभिषेक, रक्तदान शिविर, शोभायात्रा, पदाधिकारी तथा विद्यार्थी सम्मान, स्नेहभोज आदि कार्यक्रम रखे गये। प्रमुख वक्ता के स्वरूप में जयप्रकाश सोमाणी-पुणे ने मार्गदर्शन दिया। बीड माहेश्वरी महासभा के जिलाध्यक्ष गोविंद बजाज व सचिव जुगलकिशोर झँवर के नेतृत्व में समस्त सदस्यों ने सहयोग दिया।



**परली बैजनाथ.** शहर माहेश्वरी महासभा ने हर साल की तरह महेश नवमी पर्व धूमधाम से मनाया। ज्योतिर्लिंग श्री बैजनाथ के अभिषेक के बाद भक्तों को प्रसाद का वितरण कर हर माहेश्वरी घर पर महेश ध्वज का प्रतीक लगाया गया। शोभायात्रा में सभी समाजजनों ने अपने व्यवसाय बंद रखकर भाग लिया। कार्यक्रम में अध्यक्ष विजयप्रकाश लड्ढा, सचिव चंद्रप्रकाश काबरा, उपाध्यक्ष बद्रीनारायण बाहेती, सतीश सारडा, सुरेश सारडा, अनिल मोदाणी, विजय सोनी, कमलकिशोर सारडा, गोविंद सोमाणी, राधेश्याम झँवर, मुकेश कलंत्री, कल्पेश बियाणी, सुरेश सारडा आदि का सहयोग रहा।

**बूंदी.** ग्राम थाना में भगवान महेश की शोभायात्रा निकाली गई। घनश्याम लाठी प्रदेश मंत्री पूर्वी राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी सभा भी इस यात्रा में शामिल हुए।





**दिल्ली.** प्रदेशाध्यक्ष किरण लढ़ा व सचिव श्यामा भांगड़िया के नेतृत्व में दिल्ली प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा महेश नवमी पर सप्तदिवसीय शिवपुराण की कथा "शिवोहम" का आयोजन किया गया। प्रथम दिवस कलश शोभायात्रा निकाली गई। उदघाटन सत्र में राष्ट्रीय पूर्व अध्यक्ष शोभा सादानी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष कौशल्या गट्टानी व उत्तरी भारत संघ चालक बजरंगलाल गुप्ता मुख्य अतिथि थे। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कांता गगरानी व राष्ट्रीय सहसचिव शर्मिला राठी विशेष अतिथि थीं। दिल्ली प्रदेश के सभी आठो क्षेत्रों द्वारा अनुपम सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं गई। बहुआयामी साप्ताहिक आयोजन में सुश्रिता समिति के अंतर्गत एक जरूरतमंद विधवा को सिलाई मशीन भेंट की गई। सुचिता समिति के अलावा सुगंधा, सुकीर्ति, सुषमा व सुरभि समितियों के अंतर्गत भी विभिन्न आयोजन किए गए। समापन सत्र में मुख्य अतिथि अ. भा. मा. महासभा के सभापति श्याम सोनी, उपाध्यक्ष अशोक सोमानी, युवा संगठन के सहसचिव अमित माहेश्वरी दिल्ली प्रदेश की रा. कार्यसमिति की उमा झँवर, रा. सुलेखा समिति प्रभारी मंजू मांधनिया, संस्थापक संरक्षक विनीता बियाणी, संरक्षक सदस्य प्रतिभा जाजू, ममता बागड़ी, आशा जैथलिया आदि उपस्थित थीं। अशोक सोमाणी का आर्थिक सहयोग के लिए आभार माना गया।

**सूरत.** माहेश्वरी नवयुवक मंडल व नैचरवैली के संयुक्त तत्वावधान में नैचर वैली क्लब हाउस कुमारिया गाँव में रक्तदान शिविर व फ्री मेडिकल चेकअप शिविर का आयोजन किया गया। 2 जून को विदर्भ मीरा सुश्री अलका श्रीजी की अमृतमय वाणी में संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन माहेश्वरी भवन सिटीलाइट में किया गया। 3 जून को महेश नवमी के अवसर पर पर्वत पाटीया गोड़ादरा माहेश्वरी सभा, पुणा कुमारिया माहेश्वरी सभा व सिटीलाइट माहेश्वरी सभा इन तीनों सभाओं द्वारा अलग-अलग शोभायात्रा निकाली गई। मंडल अध्यक्ष सुरेश बजाज ने सभी का आभार माना।

卐
Swastik
Supplying Company
MARRIAGE DECORATORS, UTENSIL'S SUPPLIERS & EXHIBITS SYSTEMS
Anil Lakhotiya
93930-33260, 98490-15470
14-7-362 BEGUM BAZAR, HYDERABAD-500012

Swastik Decor
SERVICES PRIVATE LIMITED
MARRIAGE DECORATORS, UTENSIL'S SUPPLIERS & EXHIBITS SYSTEMS
14-7-362, begum Bazar, HYDERABAD-500012
Tel : 24614196, 93930-33251, 93930-33250
E-mail : swastiksupplying@gmail.com

# आर.के. एवं आर.सी. व्यास नगर
# महेश सेवा संस्थान





नारायण लाल लढा,
अध्यक्ष
मो. : 94141-14435



मनोहर लाल अजमेरा
सचिव
मो. : 94149-71181



राधेश्याम चेचाणी
उपाध्यक्ष
मो. : 70735-43438



सुरेश चन्द्र कचौलिया
कोषाध्यक्ष
मो. : 94147-40082



कृष्णगोपाल सोडानी
सहमंत्री
मो. : 94141-15181



राजेन्द्र पोरवाल
कार्यकारिणी सदस्य
मो. : 94620-14959



श्री निवास नुवाल
कार्यकारिणी सदस्य
मो. : 98290-47664

## भवन में उपलब्ध सुविधाएं

▶▶ कांफ्रेंस हॉल ▶▶ अटैच लेट-बाथ कमरे,
▶▶ फर्नीश्ड एसी रूम ▶▶ भोजनशाला व बर्तन की व्यवस्था,
▶▶ 12,000 हजर स्क्वा. फीट ग्राउण्ड
▶▶ डीजे सेट ▶▶ आर.ओ का शुद्ध पानी

राजीव गांधी ऑडिटोरियम के पास, भीलवाडा (राज)




**मुरैना.** जिला माहेश्वरी सभा द्वारा महेश नवमी के उपलक्ष्य में भगवान महेश का अभिषेक-पूजन एवं आरती की गई। इसी क्रम में 4 जून को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 23 यूनिट रक्त संग्रह हुआ। शाम 4 से 8 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न हुए एवं पुरस्कारों का वितरण किया गया।

**नीमच.** महेश विकास समिति द्वारा महेश नवमी पर सेवा गतिविधियों का आयोजन किया गया। शासकीय चिकित्सालय में फल व बिस्किट स्व. श्री रामकिशन जागेटिया की स्मृति में सत्यनारायण जागेटिया द्वारा वितरित किए गए। रोटरी आहार केंद्र पर 1100 रुपए की राशि जगदीशचंद्र बाल्दी द्वारा बच्चों के भोजन हेतु प्रभुलाल झँवर द्वारा प्रदान की गई। श्रीमद्भागवत गौशाला भाटखेड़ा पर 2 ट्रॉली हरी घास गायों के लिए डाली गई। उक्त कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ हरिवल्लभ मुच्छाल, प्रहलाद मंत्री, समिति संरक्षक श्यामलाल बाहेती, अध्यक्ष रामस्वरूप मंत्री, सचिव सुशील सोमानी, उपाध्यक्ष राजेंद्र दरक, कोषाध्यक्ष निरंजन झँवर, प्रचार मंत्री सत्यनारायण डाड, सहसचिव रतनलाल मालू कार्यकारिणी सदस्य भरत जाजू, सत्यनारायण मंडोवरा (यातायात), दामोदर बाहेती, रमेशचंद्र बाहेती, श्यामसुंदर मंडोवरा, दिनेश अजमेरा, महेश लाठी, रमण तोतला आदि उपस्थित थे।



**कांटाफोड़ ( देवास ).** महेश नवमी पर्व एवं श्री रामानुज स्वामीजी की 1 हजार वीं जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। पश्चिमांचल संयुक्त मंत्री मांगीलाल सिंगी ने अध्यक्षता की। पहले दिन निःशुल्क चिकित्सा शिविर डॉ.सुधीर चांडक द्वारा लगाया गया। दूसरे दिन बच्चों व महिलाओं के लिए मेमोरी गेम रखे गए। आभार कांटाफोड़ माहेश्वरी महिला मंडल अध्यक्ष मीना नागोरी ने माना।





श्री महेश बचत एवं साख सहकारी समिति लि. संजय कॉलोनी, भीलवाड़ा
।। जय महेश ।।
संचालक मण्डल
महेश नवमी की
हार्दिक शुभकामनाएं
।। जय महेश ।।
कैलाश चन्द्र मून्दड़ा
अध्यक्ष
92149 15309
रतनलाल सामरिया
मंत्री
90010 97370
श्याम सुन्दर समदानी
उपाध्यक्ष
98290 31814
रामनारायण बांगड़
कोषाध्यक्ष
87642 76332
बी.एल. माहेश्वरी
सलाहकार
94610 34950
चान्दमल गट्टाणी
सलाहकार
94138 64177
कैलाशचन्द्र डाड
क्षेत्रीय प्रतिनिधि
94604 20548
छीतरमल लढ़ा
क्षेत्रीय प्रतिनिधि
94686 54321
लक्ष्मीलाल लढ़ा
क्षेत्रीय प्रतिनिधि
94137 68211
मोहनलाल मंत्री
क्षेत्रीय प्रतिनिधि
95097 34711
रामराय गट्टाणी
क्षेत्रीय प्रतिनिधि
98292 72196
बालमुकन्द राठी
क्षेत्रीय प्रतिनिधि
92148 96195
अशोक झंवर
क्षेत्रीय प्रतिनिधि
94141 14645
चन्द्रेश मून्दड़ा
क्षेत्रीय प्रतिनिधि
94146 86397
पता - 130, विद्युत नगर, संजय कॉलोनी, भीलवाड़ा ( राज. ), फोन : 01482-230881




सदस्य
महेश नवमी महोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रहलाद कुमार नुवाल
अध्यक्ष
98282 12123
बी.एल. माहेश्वरी
संरक्षक
रामस्वरूप तोषनीवाल
उपाध्यक्ष
राधेश्याम लढ़ा
उपाध्यक्ष
रतन लाल सामरिया
कोषाध्यक्ष
महावीर प्रसाद लढ़ा
संगठन मंत्री
जगदीश समदानी
संयुक्त मंत्री
चन्द्रेश कुमार मून्दड़ा
संयुक्त मंत्री
कैलाश चन्द्र मून्दड़ा
मंत्री
92149 15309
सुनिल पोरवाल
घनश्याम पोरवाल
दिनेश चन्द्र मंत्री
कृष्ण गोपाल झंवर
राकेश असावा
महावीर प्रसाद लढ़ा
कैलाश चन्द्र आगाल
जगदीश चन्द्र मून्दड़ा
सत्यनारायण बांगड़
शिवलाल बाल्दी
सुन्दर लाल तुरकिया
महेश सोमानी
कृष्ण गोपाल गन्दोडिया
जगदीश चन्द्र देवपुरा
प्रमोद गन्दोडिया
महावीर शेषाणी
बापू लाल पोरवाल
राजेश कुमार सोडानी
शंकर लाल काबरा
राजेन्द्र गन्दोडिया
भागचन्द्र बांगड़
शंकर लाल बांगड़
योगेश मून्दड़ा
अनिल कुमार पोरवाल
रामेश्वर लाल सोमानी
संजय कॉलोनी
माहेश्वरी समाज संस्थान, भीलवाड़ा



**बेल्लमपल्ली.** जिले के बेल्लमपल्ली माहेश्वरी समाज द्वारा महेश नवमी भव्य रूप से मनाई गई। आदिलाबाद जिले के समाज अध्यक्ष मूलचंद चितलांगी के कर कमलों से दीप प्रज्वलित किया गया। बाद में सभा का आयोजन हुआ, जिसकी अध्यक्षता माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष कमलकिशोर सारडा ने की। मंच पर बेल्लमपल्ली माहेश्वरी समाज के गौरव अध्यक्ष हरिकिशन सोनी, मुख्य सलाहकार घनश्याम लोया, सचिव श्रीकिशन मारू, कोषाध्यक्ष वेणुगोपाल झँवर आदि मौजूद थे। प्रतिभावान विद्यार्थियों व खेलकूद प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी पुरस्कार प्रदान किये गये।



**दांडेली.** महेश नवमी उत्सव में शिव मंदिर में सामूहिक अभिषेक व अर्चना आरती की गई। स्थानीय अस्पतालों में मरीजों को ब्रेड बिस्किट बांटे गये। वनवासी कल्याण श्रम से संचालित रुक्मणि बालिका निलयम के बच्चों को भी ब्रेड बिस्किट बांटा गया, तथा राशन दिया गया। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ आंदोलन में 26 बच्चियों को स्कूल बैग के किट वितरित किए गए तथा उनकी माताओं को शॉल द्वारा सम्मानित किया गया। माहेश्वरी सभा की शिक्षण प्रोत्साहन तथा करियर गाइडेंस समिति के संयोजक बृज भूतड़ा, कारवार धारवाड़ व गदन संयुक्त जिला के अध्यक्ष बादल बाहेती, उपाध्यक्ष प्रदीप बंग, संयुक्त सचिव मधु झँवर तथा हुबल धारवाड़ माहेश्वरी प्रगति मंडल अध्यक्ष रमेश लड्ढा आदि उपस्थित थे। शिव पार्वतीजी की झाँकी के साथ नगर में शोभायात्रा उत्साह के साथ निकाली गई।

**गुरुग्राम.** स्थानीय श्री राम मंदिर सेक्टर-4 में भगवान महेश की पूजा अर्चना एवं रुद्राभिषेक किया गया। मुख्य यजमान प्रादेशिक माहेश्वरी सभा के उपाध्यक्ष राजेंद्र कलंत्री थे। जिला सभा अध्यक्ष प्रेमचंद राठी, सचिव शरद शारदा आदि उपस्थित थे। सायंकाल में महेश नवमी उत्सव में वाद-विवाद ड्राइंग, कैरम इत्यादि प्रतियोगिताओं और प्रतिभा सम्मान का आयोजन किया गया। बीएन चांडक एवं महेंद्र बिहानी द्वारा 21-21 हजार की राशि प्रदान कर समाज में नई प्रेरणा का संचार किया गया। संगठन मंत्री सुनील लड्ढा ने प्रतियोगिताओं को दिए गए पुरस्कार एवं शशि काबरा द्वारा स्मृति चिह्न का खर्च स्वयं वहन कर उत्साह बढ़ाया। मुख्य अतिथि एनके राठी थे। विशिष्ट अतिथि कपिल मंत्री (कार्पोरेट स्ट्रेटजी हेड-जिंदल पॉवर एंड स्टील लिमिटेड तथा को-डायरेक्टर एसोचेम) थे। प्रादेशिक उपाध्यक्ष राजेंद्र कलंत्री ने विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी दी। जिलाध्यक्ष प्रेमचंद राठी ने आभार व्यक्त किया।



**ओसिया.** कस्बे में 9 से 17 जुलाई तक शिव महापुराण कथा स्थल कैलाश मानसरोवर धाम गौशाला रोड पर आयोजित होगी। रुद्राक्ष महाशिवलिंग आयोजन समिति के रमेशकुमार सोनी टिवरी ने बताया कि इसमें 25 लाख रुद्राक्ष से निर्मित सवा 33 फीट का विश्व का सबसे ऊँचा महाशिवलिंग विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। व्यासपीठ पर कथा वाचक पंडित बटुकभाई व्यास विराजित होंगे। 9 जुलाई सुबह 11 बजे गंगा जल के साथ रुद्राक्ष महाशिवलिंग का अनावरण हिजहायनेस महाराज श्री गजसिंह के कर कमलों से होगा। यहाँ प्रतिदिन समूह रुद्राभिषेक, महारुद्र यज्ञ, शिवमहापुराण कथा तथा महाआरती का आयोजन भी होगा। यहाँ पर भजन संध्या भी श्री कृपारामजी महाराज के द्वारा 10 जुलाई को रात 8 बजे होगी। संगीतमय सुंदरकांड के पाठ का आयोजन सुश्री अलका श्रीजी के द्वारा 11 जुलाई रात 8 बजे तथा 12 जुलाई से 14 जुलाई तक नानीबाई का मायरा की कथा महंत रामस्नेही संत श्री 108 रामप्रसादजी महाराज द्वारा की जाएगी।



**कानपुर.** महेश नवमी के अवसर पर प्रातः विराट शोभायात्रा निकाली गई। इसमें कानपुर महिला मंडल की लगभग 100 सदस्यों ने नृत्य करते हुए शोभायात्रा में चार चांद लगाए गए। मेधावी को पुरस्कृत किया गया। शोभायात्रा में लकी ड्रॉ निकाले गये। मध्याह्न भोज के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुए। अगले दिन 4 जून को सायं सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। मिस्टर एंड मिसेस, परफेक्ट प्रतियोगिता में गौरव-मनीषा डागा ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया।

**हैदराबाद.** माहेश्वरी मित्र मंडल मलकपेट के तत्वावधान में भगवान महेश की पूजा-अर्चना की गई। मलकपेट से प्रभातफेरी निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में समाजबंधुओं ने भाग लिया। भजन गायक उमेश चौकड़ा ने भजन प्रस्तुत किये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोपाल बल्दवा और मंजू बल्दवा थे। अतिथि स्वागत माहेश्वरी मित्र मंडल के अध्यक्ष आनंद लखोटिया ने किया। मंडल के उपाध्यक्ष वेणुगोपाल बजाज, सदस्य अजय भंडारी, अशोक तापड़िया, जगदीश झँवर, मनीष चितलांगिया आदि मौजूद थे।

महेश नवमी के शुभअवसर पर समस्त समाज बन्धुओं को हार्दिक शुभकामनाएं

# राजसमन्द जिला माहेश्वरी सभा

## महासभा सदस्य


अर्जुनलाल चेचाणी
संगठन मंत्री, द.रा.प्रा.मा. सभा


सत्यप्रकाश काबरा
उपाध्यक्ष द.रा.प्रा.मा. सभा


मदनलाल मालानी


विष्णुगोपाल सोमानी
कार्यसमिति सदस्य, द.रा.प्रा.मा. सभा

## प्रदेश सभा सदस्य


सत्यनारायण ईनानी


लक्ष्मीलाल आगाल


गिरिराज लावटी


रामगोपाल सोमानी
कार्यसमिति सदस्य, द.रा.प्रा.मा. सभा


रामगोपाल अजमेरा


जगदीश लड्ढा


गणेशलाल पोरवाल
(जिला कार्य.सदस्य)


नन्दकिशोर बंग


नन्दलाल चेचाणी
(जिला कार्य.सदस्य)


राजेश काबरा


अम्बेशवर कासट


खूबचन्द झंवर
(जिला कार्यकारिणी सदस्य)

## सलाहकार समिति


इन्दरलाल छापरवाल
(निवर्तमान प्रदेश मंत्री)


छीतरमल न्याती


हेमन्त लड्ढा


विजयसिंह देवपुरा
(जिला कार्य. सदस्य)


माधवलाल दरक
(जिला कार्य.सदस्य)

## जिला सभा कार्यकारिणी


नवनीतलाल मंत्री
अध्यक्ष


मदनलाल मालानी
वरिष्ठ उपाध्यक्ष


मूलचन्द काबरा
उपाध्यक्ष


सी.ए. कृष्णगोपाल माहेश्वरी
उपाध्यक्ष


भगवतीलाल असावा
सचिव


सुभाषचन्द्र काबरा
कोषाध्यक्ष


जगदीशचन्द्र डाड
संयुक्त सचिव


भगवतीलाल अजमेरा
संयुक्त सचिव


जमनालाल मालीवाल
संगठन मंत्री


नन्दकिशोर देवपुरा
संगठन मंत्री


सत्यनारायण देवपुरा
प्रचार मंत्री


हरिभगवान बंग
सदस्य


श्यामसुन्दर देवपुरा
सदस्य


सत्यनारायण मण्डोवरा
सदस्य


रामगोपाल लड्ढा
सदस्य


राधेश्याम माहेश्वरी
सदस्य



**गुना.** महेश नवमी के अवसर पर सुबह प्रभात फेरी निकाली गई। सेवा गतिविधियों में जिला चिकित्सालय में मरीजों को फल, दूध और बिस्किट वितरित किये गये। शाम को रंगारंग कार्यक्रम के साथ बच्चों के लिये वीरांगना के ऊपर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता व भाषण प्रतियोगिता रखी गई। महिलाओं द्वारा नाटिका की प्रस्तुति भी दी गई।




**हैदराबाद.** माहेश्वरी सेवा संघ सिकंदराबाद द्वारा महेश नवमी महोत्सव विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि एंबेशियस कॉमर्स क्लासेस, पुणे के निदेशक डॉ. नवनीत मानधना तथा विशिष्ट अतिथि समाजसेवी गोपाल बल्दवा तथा मंजू बल्दवा थे। माहेश्वरी सेवा संघ सिकंदराबाद के अध्यक्ष गोपाल बंग, मंत्री पीडी जाखोटिया, कोषाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण जाजू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आनंद बंग, गिरधारीलाल अट्टल, सह कोषाध्यक्ष राजेश बल्दवा, सहमंत्री किशोर अट्टल, विष्णु मूंदड़ा, प्रचार मंत्री राकेश बंग, लालचंद डागा, सुनील राठी आदि मौजूद थे। माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा पूजा थाल सजावट तथा रंगोली प्रतियोगिता तथा युवा संगठन द्वारा सिल्वर राउंड तंबोला का आयोजन किया गया। सभी को रजत पदक तथा प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संयोजन बजरंगलाल बजाज एवं सह-संयोजन सूरज झँवर ने किया।

**रिसड़ा.** माहेश्वरी सभा श्रीरामपुर अंचल द्वारा गत 11 जून को स्थानीय माहेश्वरी भवन में महेश नवमी समारोह धूमधाम से मनाया। उदघाटनकर्ता भामाशाह नेमीचंद तोषनीवाल, प्रधान वक्ता विश्वंभर नेवर तथा विशिष्ट अतिथि रिसड़ा नगरपालिका के चेयरमैन विजयसागर मिश्रा थे। समारोह में अग्रज सदस्य मगनलाल कोठारी, रामराय माहेश्वरी, हरीशचंद्र माहेश्वरी, चंपालाल जाजू तथा लक्ष्मीनारायण कोठारी का शॉल-श्रीफल, पगड़ी तथा प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर अभिनंदन किया गया। समाज के बाल, किशोर प्रतिभाओं द्वारा मंत्रमुग्ध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। महिला मंडल द्वारा लघु हास्य नाटक भी प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात लगभग 1000 समाज सदस्यों का सहभोज भी हुआ। मंच संचालन दिनेश पेड़ीवाल ने किया। श्रीगोपाल कोठारी, श्याम थिरानी, संजय डागा, सुनील राठी, रिखबदास डागा, ओमप्रकाश मंत्री तथा महाबीर पसारी सहित समस्त सदस्यों का सहयोग रहा।



**बीकानेर.** माहेश्वरी समाज की ओर से महेश नवमी के अवसर पर कई कार्यक्रम सम्पन्न हुए। सुबह शोभायात्रा निकाली गई। रक्तदान शिविर लगाया गया। श्रीकृष्ण माहेश्वरी मंडल के तत्वावधान में मारुनायक चौक स्थित मंडल कार्यालय में भगवान महेश की पूजा अर्चना की गई। विश्वकर्मा गेट के बाहर स्थित बिन्नाणी बगेची में भगवान शिव का अभिषेक किया गया। शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। महेश भवन पहुंचने पर बीकानेर महिला समिति की ओर से किरण झँवर के नेतृत्व में कंचन राठी, अंजलि झँवर, निशा झँवर, विभा बिहाणी आदि ने शीतल पेय पदार्थ का वितरण किया।

**हैदराबाद.** माहेश्वरी भवन ट्रस्ट कबूतरखाना के तत्वावधान व



माहेश्वरी युवा संघ एवं माहेश्वरी महिला संगठन कबूतरखाना के संयोजकत्व में माहेश्वरी भवन में महेश नवमी महोत्सव का आयोजन किया गया। नवल नावंदर ने बताया कि भगवान महेश की शोभायात्रा लक्ष्मीनारायण मंदिर, कबूतरखाना से माहेश्वरी भवन तक निकाली गई। शाम को माहेश्वरी भवन में मंचीय कार्यक्रम में मेधावियों का अभिनंदन किया गया, साथ ही विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर समाज के राजाराम राठी, श्रीनिवास बंग, मुन्नालाल करवा, मुरलीनारायण बंग, भगवानदास जाजू आदि उपस्थित थे।

**हैदराबाद.** श्री महेश सेवा संघ, शमशीरगंज के तत्वावधान में महेश नवमी पर कलवागड्डा स्थित हनुमान मंदिर से शमशीरगंज स्थित राम मंदिर तक प्रभातफेरी निकाली गई। जयप्रकाश लड्ढा ने बताया कि आज के ही दिन समाज बंधुओं ने राम मंदिर में श्री महेश सेवा संघ की स्थापना की, जिसमें विट्ठलदास सोमाणी को अध्यक्ष, रमेश सोमाणी एवं मीना हेड़ा को उपाध्यक्ष, शशिकांत सोनी को मंत्री, शोभादेवी मर्दा को सहमंत्री और संजय मर्दा को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। कार्यक्रम में समाज के वयोवृद्धों व मेधावियों का सम्मान भी किया गया।

# संजय कालोनी माहेश्वरी समाज संस्थान भीलवाड़ा

## महेश नवमी की हार्दिक शुभकामनाएं



प्रहलाद कुमार नुवाल, अध्यक्ष, मो. 9828212123 | बी.एल. माहेश्वरी, संरक्षक एवं जिला सदस्य | रामस्वरूप तोषनीवाल, उपाध्यक्ष | राधेश्याम लड्ढा, उपाध्यक्ष व भवन निर्माण स. सदस्य | रतनलाल सामरिया, कोषाध्यक्ष | महावीरप्रसाद लढ़ा, संगठन मंत्री | जगदीश समदानी, संयुक्त मंत्री | चन्द्रेश कुमार मूंदड़ा, संयुक्त मंत्री | कैलाशचन्द्र मूंदड़ा, मंत्री, मो. 9214915309

### कार्यसमिति सदस्य



सुनील पोरवाल | घनश्याम पोरवाल | दिनेशचंद्र मंत्री | कृष्णगोपाल झंवर | राकेश असावा | महावीरप्रसाद लड्ढा | कैलाशचंद्र आगाल | जगदीशचंद्र मूंदड़ा | सत्यनारायण बांगड़ | शिवलाल बाल्दी | सुंदरलाल तुरकिया | महेश सोमानी



कृष्णगोपाल गंदोडिया | जगदीशचंद्र देवपुरा | प्रमोद गन्दोडिया | महावीर चेचाणी | बापूलाल पोरवाल | राजेशकुमार सोडानी | शंकरलाल काबरा | राजेंद्र गंदोडिया | भागचंद्र बांगड़ | शंकरलाल बांगड़ | योगेश मूंदड़ा | अनिल कुमार पोरवाल | रामेश्वरलाल सोमानी

### भवन निर्माण समिति



सत्यनारायण तोषनीवाल, प्रभारी, 9414978687 | कृष्णगोपाल जाखेटिया एवं जिला सभा सदस्य | रामप्रसाद सोमानी | लोकेश आगाल एवं जिला सभा सदस्य | मनीष बहेडिया एवं जिला सभा सदस्य | दिनेशचंद्र कोगटा एवं नगर सभा सदस्य | श्यामसुंदर समदानी एवं जिला सभा सदस्य | संजय झंवर | राधेश्याम तोषनीवाल | गोविंद काल्या | जानकीवल्लभ न्याती | अरविंद बांगड़ | राजेंद्र काल्या एवं नगर सभा सदस्य | रमेशचंद्र जागेटिया

### जिला सभा सदस्य



राजेंद्र कुमार भदादा | ओमप्रकाश गंदोडिया | राजेश तोषनीवाल

### नगर सभा सदस्य

मदनलाल खटौड़ | सत्यनारायण लड्ढा | सुरेशचंद्र चेचाणी | लक्ष्मीलाल लड्ढा | दिनेश कुमार काबरा | चंद्रेश असावा | सुनील काबरा | रामराय गट्ठानी



दिनेश मालीवाल | अनिलकुमार बिडला | सुशीलकुमार गंदोडिया | बद्रीप्रसाद सोडाणी | अरविंदकुमार नराणीवाल | कैलाशचंद्र नुवाल | दिनेशकुमार बाहेती | महावीरप्रसाद मूंदडा | देवीलाल तोषनीवाल | रामनिवास सोमानी

■ **मेरठ.** माहेश्वरी मित्र मंडल द्वारा महेश नवमी उत्सव गत 3 जून को अग्रसेन भवन में धूमधाम से मनाया गया। अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष देवेंद्रकुमार भट्टर ने की। मुख्य संयोजक मंत्री नरेश माहेश्वरी, उपमुख्य संयोजक अखिल मूंदड़ा व गौरव उपाध्यक्ष रूपनारायण टावरी, कोषाध्यक्ष संजीव हरकुट व कार्यकारिणी सदस्य तथा सभी संस्थाओं के अध्यक्ष/ मंत्री मौजूद थे। मुख्य अतिथि मेरठ मंडल मेरठ के आयुक्त डॉ. प्रभातकुमार थे। सांसद विशिष्ट अतिथि राजेंद्र अग्रवाल, महापौर हरिकांत अहलूवालिया व भारतीय क्रिकेटर करन शर्मा थे। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पंजाबी, गुजराती, राजस्थानी कश्मीरी नृत्य आदि की प्रस्तुति दी गई। विजयी क्रिकेट टीम को ट्रॉफी व पुरस्कार दिये गये। कार्यक्रम का संचालन ज्योत्सना कोठारी व रति केला ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की संयोजिका ज्योत्सना कोठारी, राज राठी, शिखा माहेश्वरी, मीनाक्षी ढक, लता टावरी, प्रगति डांगरा रहीं। इस अवसर पर पाँच लक्की ड्रॉ भी निकाले गए।



■ **इंदौर.** जिला माहेश्वरी सभा द्वारा महेश नवमी पर्व उत्साहपूर्वक मनाया गया। मुख्य अतिथि उज्जैन के वरिष्ठ समाजसेवी गोपाल मूंगड़ तथा एलेन ग्रुप कोटा के संचालक गोविंद माहेश्वरी थे। इस कार्यक्रम के अंतर्गत प्रातः प्रभातफेरी निकाली गई। सभा स्थल पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी हुआ। इनमें श्री माहेश्वरी ने भी अपनी भजन प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। उल्लेखनीय है कि श्री माहेश्वरी की पहचान वर्तमान में एक लोकप्रिय भजन गायक के रूप में भी है।


हार्दिक शुभकामनाओं के साथ...

# नगर परिषद् भीलवाड़ा



वसुंधरा राजे सिंधिया
मुख्यमंत्री
राजस्थान शासन

• आइये • आप हम मिलकर
• भीलवाड़ा को • स्वच्छ हरा-भरा शहर
• बनाने में सहयोग करें ।



ललिता समदानी
सभापति

**प्लास्टिक के कप एवं गिलास का उपयोग न करें एवं पॉलिथीन बैग्स के स्थान पर कागज, कपड़े, जूट की थैलियाँ उपयोग में लें ।**

- भूखण्ड पर मकान निर्माण के साथ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अपनायें।
- एक सद्नागरिक एक वृक्ष लगाकर उसकी देख-भाल करे।
- शहरी जन सहभागी योजना में सहयोग कर अपने मोहल्ले की सार्वजनिक जरूरत जुटायें।
- अपने घर एवं दुकान का कचरा परिषद् के स्वच्छ कर्मी को दें या निर्धारित कचरा डिपो पर ही डालें। नगर को स्वच्छ बनाये रखने में अपना सहयोग दें।
- नगर परिषद् के देय समस्त करों का समय पर भुगतान करें।
- राजकीय/निकाय भूमि पर अनाधिकृत कब्जा व अतिक्रमण न करें।
- विवाह पंजीयन कराकर प्रमाण-पत्र प्राप्त करें।
- अपने परिवार में हुई जन्म-मृत्यु की घटनाओं का पंजीकरण अवश्य करावें। 21 दिन तक निःशुल्क एवं बाद में विलम्ब शुल्क 1/- रुपया मात्र।
- पशु मालिक अपने गौधन को अपने घर में रखकर परिषद् को सहयोग करें।
- नियोजित विकास के लिए आपके सुझाव सादर आमंत्रित हैं।

रविन्द्र सिंह
आयुक्त

समस्त पार्षदगण एवं परिषद् परिवार

ललिता समदानी
सभापति

हार्दिक शुभकामनाएँ



श्री माहेश्वरी समाज के
प्रकाट्य दिवस
श्री महेश नवमी
के पावन अवसर पर
भीलवाड़ा के समस्त बंधुओं को
हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाई.

आपके आत्मीय सहयोग के लिये
आत्मीय आभार.

**शंकर सोनी**
ब्यूरो प्रमुख, भीलवाड़ा
M. 98281 39404

एवं

**श्री माहेश्वरी टाईम्स परिवार**

कृपया इस अंक के बारे में अपनी प्रतिक्रिया अवश्य दें।

# उत्साह का बना नया कीर्तिमान

# महेश नवमी

## दस हजार से अधिक समाजजनों की भारी उपस्थिति का गवाह बना पूरा शहर भीलवाड़ा

**भीलवाड़ा. इस बार की महेश नवमी भीलवाड़ा के इतिहास में एक अलग छाप छोड़ गई। पूर्व के संख्यात्मक सारे रिकॉर्ड तोड़ते हुए शोभायात्रा में दस हजार से अधिक स्वजनों का सम्मिलित होना व 16000 से अधिक की स्नेह महाभोज में उपस्थिति ने एकजुटता का लोहा तो मनवाया ही है, साथ ही अन्य समाजों को सीख लेने को भी मजबूर कर दिया है।**

▸▸ शंकर सोनी, भीलवाड़ा



श्री नगर माहेश्वरी सभा भीलवाड़ा के तत्वावधान में 16 दिवसीय महेश नवमी महोत्सव के विविध कार्यक्रम की जानकारी हेतु स्मारिका का प्रकाशन किया गया। स्मारिका का विमोचन अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के पूर्व सभापति रामपाल सोनी, श्री पुष्कर माहेश्वरी सेवा सदन के अध्यक्ष जुगलकिशोर बिड़ला व नगर सभा के अध्यक्ष केदारमल जागेटिया ने किया। यह स्मारिका समाजजनों के घर-घर जाकर वितरित की गई। कार्यक्रम के संयोजक अतुल राठी ने बताया कि इस स्मारिका में महोत्सव के तहत होने वाले विभिन्न आयोजनों की जानकारी समाहित है। नगर सभा के मंत्री केदार गगरानी ने बताया 19 मई से शुरू खेलकूद प्रतियोगिताएँ 3 जून को स्नेह महाभोज के साथ सम्पन्न हुईं। इस 16 दिवसीय महोत्सव में 35 प्रभारी एवं 750 सह प्रभारी व 14 टिकट काउन्टर बनाऐं गए। सह संयोजक सुरेश कचोलिया ने बताया कि पुस्तिका विमोचन के अवसर पर रमेशचंद्र छापरवाल (किशनगढ़), कैलाशचंद्र सोनी (जयपुर), उपसभापति देवकरण गग्गड़, प्रदेशाध्यक्ष कैलाश कोठारी, जिला मंत्री देवेंद्र सोमानी, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष राधेश्याम सोमानी, अनिल बांगड़, गोपाललाल नारानीवाल, राधेश्याम सोमानी (पार्षद) सुरेश बिरला, दिनेश मालीवाल, श्याम बिड़ला, कैलाश इनाणी, शंभु प्रसाद काबरा, बाबूलाल लड्ढा, मनोज नवाल सहित नगर सभा के पदाधिकरियों के साथ अनेक पदाधिकारी व समाजजन उपस्थित थे।

With Best Compliments from

# Shree Vasudeva Marble

Marbles & Granite



Chandra Prakash Maloo



Aditya Maloo

All Types of Marble Slab's & Floor Tiles

**Contact Person**

**Vasudeo Ladha**
Kuchaman City, Jaipur (Raj.)
98290 71179

**Chandra Prakash Maloo**
Hyderabad (T.S.)
94418 86402, 90300 31591

**Aditya Maloo**
95021 36378

**Specialist in : Sawar, Toranto, Green, Black, Pink, Slab & Tiles**

3-11-2, L.B. Nagar, Ring Road, Near Kamineni Hosital,
Beside M.V.N. High School, Hyderabad-500074 (T.S.)
Ph. 040-24031802 (O), 040-24145356 (R)



Aishwarya™

Premium Edible Oils

With Best Compliments from:

## SRI AISHWARYA REFINERY PRIVATE LIMITED
## MANIYAR REFINERY PRIVATE LIMITED

HYDERABAD, KAKINADA, CHENNAI

*Manufacturers of All Kinds of Edible Refined Oils*

Corporate Office: 16-11-1/5/A/A, Malakpet, Hyderabad – 500 036 (T.S)
Tel: 040-24544850,242544851,+91-9849010631,9849038253,
Email: aishwaryaoils@gmail.com, maniyaroils@gmail.com



Kailash Chand Maniyar

- Vijay Maniyar
- Vinay Maniyar
- Vishal Maniyar



▸▸ **महारुद्राभिषेक एवं महाआरती-** महेश नवमी महोत्सव के उपलक्ष में वस्त्र नगरी भीलवाड़ा के इतिहास में 29 मई को पहली बार 15 शिव मंदिरों में एक समय, एक साथ 75 पंडितों द्वारा महारुद्राभिषेक किया गया। नगर सभा युवा अध्यक्ष कल्पेश सोमानी ने बताया कि महारुद्राभिषेक व महाआरती नगर व जिला माहेश्वरी युवा संगठन के तत्वावधान में किया गया। इस आयोजन से पूरी नगरी धर्ममय हो गई। जिला युवा संगठन के महामंत्री नरेंद्र मंडोवरा व राकेश गग्गड ने बताया कि भीलवाड़ा क्षेत्र के समस्त क्षेत्रीय सभाओं में यह आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 255 जोड़ों ने रुद्राभिषेक एवं पूजा-अर्चना की एवं समाज के सभी व्यक्तियों ने अभिषेक में भाग लिया। जिलाध्यक्ष क्षितिज सोमानी व प्रदेश महामंत्री जगदीश लड्ढा ने बताया कि इस आयोजन की सफलता में पंकज पलोड़, मनोज जागेटिया, अशोक तोषनीवाल, अंकित लखोटिया, प्रमोद राठी, अभिनव सोडाणी, राकेश काबरा, दिनेश हेडा, राकेश गग्गड़, शंकर सोनी, मुरली बाहेती, पुनीत सोमानी, अमित सोनी, मनीष काबरा, अनिल सोमानी, महेश जागेटिया, हरीश पोरवाल, विजय राठी, गौतम गुप्ता, ओम काबरा, मुकेश काबरा, पुरुषोत्तम बसेर, शुभम कालिया, विकास कचोलिया, जगदीश सोनी, रामकुमार बांगड़, मनीष झंवर, नीरज हेडा, अंकित कोठारी, पीयूष आगाल आदि का सहयोग रहा। महारुद्राभिषेक एवं महाआरती के दर्शन लाभ के लिए युवा संगठन की टीम जिसमें प्रदेश महामंत्री जगदीश लड्ढा जिला अध्यक्ष क्षतिज सोमानी, जिला मंत्री नरेन्द्र मण्डोवरा, युवा अध्यक्ष कल्पेश सोमानी,



नगर मंत्री धीरज काबरा मनीष चेचानी आदि ने अपने साथियों के साथ सभी स्थानों का अवलोकन किया एवं आयोजन में सहयोग किया।

▸▸ **ठाकुरजी को लगाया छप्पन भोग हुई महाआरती**

माहेश्वरी समाज चारभुजा मंदिर ट्रस्ट की ओर से महेश नवमी पर भगवान चारभुजानाथ के समक्ष छप्पन भोग सजाए गए। मंदिर ट्रस्ट के मंत्री रामस्वरूप सामरिया के अनुसार सत्यनारायण, संजय कुमार व सुनील डाड के सहयोग से भोग लगाया गया। दोपहर में महाआरती में विधायक विट्ठलशंकर अवस्थी, कंचन इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन लादूराम बांगड़, श्रीगोपाल राठी, महेश शिक्षा सदन अध्यक्ष राधेश्याम चेचानी, पूर्व नगर अध्यक्ष ओमप्रकाश कालिया, मदनलाल अगाल, पूर्व नगर मंत्री शंकरलाल समदानी, सत्यनारायण मूंदड़ा, राजेश तोषनीवाल, नंदलाल नरानीवाल, गोपाल काबरा, जगदीशप्रसाद सोमानी, रामेश्वर तोषनीवाल, गोवर्धनलाल दाड़, मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष चंद्रसिंह तोषनीवाल सहित ट्रस्ट पदाधिकारी उपस्थित थे।




महेश नवमी की हार्दिक शुभकामनाएँ

गोपाल तुरक्या

।। जय महेश ।।

मो. 98292 15543

जिला प्रतिनिधि

मु. श्यामपुरा, तह. मांडलगढ़, जिला-भीलवाड़ा

मै. तुरक्या कृषि सेवा केन्द्र

तुरक्या वस्त्र भण्डार

फोन : 01489-238508, 238529, मो. 97846 02840

बद्री विशाल तुरक्या 98293 77663

घनश्याम तुरक्या 97846 02840

हार्दिक शुभकामनाओं सहित

।। जय महेश ।।

सोना चिवड़ा सुपर फाइन बेसन

बसन्त दाल मिल्स

भगवतीलाल, कमलेश कुमार ( मुकुट ), बसन्त कुमार ( बंटी ), श्रीवर्द्धन ( बिट्ठु ), श्रीपाल नुवाल

भोपालगंज, भीलवाड़ा ( राज. ) 311001

फोन - 01482-227892, मो. 098291-14725

महेश नवमी के पावन पर्व की समस्त माहेश्वरी बन्धुओं को हार्दिक शुभकामनाएं

जगदीश प्रसाद सोमानी

नवनीत सोमानी






# Sudarshnam

by

## Shreeji Buildmart Pvt. Ltd.

Shreeji Tower, Pur Road, Bhilwara-311001
Ph. : 01482-246676, 246967,
E-mail : shreejisulz@gmail.com

**Site Address**
Kumud Vihar - I[st], Behind Dadi Dham Temple, Bhilwara (Raj.)

महेश नवमी के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

।। जय महेश ।।



।। जय महेश ।।

**गोपाल डाड**

प्रभारी - भाजपा युवा मोर्चा बीकानेर
पूर्व जिलाध्यक्ष - भाजपा युवा मोर्चा भीलवाड़ा
मो. 9887557106, 9772257106

# Palak Associates

**Authorised DSA of LIC Housing Finance Ltd.**

**1st Floor, Shop No. 11, City Centre Complex, I ndra Market, BHILWARA (Raj.)**

**Pawan Dad**
**8233563094**

**Abhishek Sisodiya**
**9672449200**

# Palak Electrical

**Bear Shree Nath Reditorm Sham ki Sabji Mandi Road, Gurjar Mohala BHILWARA (Raj.)**



महेश नवमी की हार्दिक शुभकामनाएं

।। जय महेश ।।



मानसिंह मून्दड़ा
Mo : 99835-51400

सुयोग मून्दड़ा
Mo : 94146-76875

## मानसिंह मून्दड़ा

**अध्यक्ष – नगर माहेश्वरी सभा, माण्डलगढ़**
फोन – 01489-230260

**शुभम स्टोन कटिंग इण्डस्ट्रीज**
बिगोद

**कृष्णा मार्बल**
बिजौलिया

**ओम इण्डस्ट्रीज**
बिगोद

**कृष्णा इण्डस्ट्रीज**
बिगोद

मानसिंह – शकुन्तला, सुयोग कुमार–कविता, इशिता कुमारी, स्नेहा कुमार, लक्षान, ,पायल माहेश्वरी, श्रद्धा गट्यानी एवं समस्त मूंदड़ा परिवार, माण्डलगढ़, जिला भीलवाड़ा

**भव्य रूप में निकली शोभायात्रा-** श्रीनगर माहेश्वरी सभा भीलवाड़ा के तत्वावधान में 16 दिवसीय महेश नवमी महोत्सव का समापन विशाल शोभायात्रा, भगवान शंकर के अभिषेक व माहेश्वरी महासंगम स्नेह मिलन के साथ हुआ। नगर सभा अध्यक्ष केदारमल जागेटिया ने बताया कि कैलाशचंद्र जागेटिया, छितरमल बाहेती, रामप्रसाद आगाल, सत्यनारायण बाहेती, देवीलाल बांगड़, जमनालाल बांगड़, कैलाशचंद्र बाहेती ने भगवान शंकर का गोपाल मंदिर में विधि-विधानपूर्वक दुग्धाभिषेक किया। यात्रा के मुख्य प्रभारी उदयलाल समदानी ने बताया कि धूम-धड़ाके, गाजे-बाजे, जय महेश के जय घोष के साथ विशाल शोभायात्रा निकाली गई, जिसके आगे पीछे और बीच में बैंड चल रहे थे। माहेश्वरी सहयोग संस्थान, ग्रामीण माहेश्वरी सहयोग संस्थान, श्री महेश बचत एवं साख समिति, श्री माहेश्वरी मित्र मंडल तिलक नगर, श्री माहेश्वरी बचत समिति के पदाधिकारियों पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। यात्रा में 51 स्वागत द्वार लगाए गए। 50 बुलेट पर विजयसिंह पथिक नगर के युवा संगठन सदस्य व पदाधिकरी हाथ में केसरिया ध्वज पताका लिए हुए और भगवान महेश के जयकारे लगाते चल रहे थे। मरुधरा माहेश्वरी संस्थान के सदस्यों ने स्वछता संदेश की तख्तियां ले रखी थीं। शोभायात्रा ने पहली बार सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। लगभग 10000 से भी अधिक स्वजन इसमें शामिल हुए। अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के पूर्व अध्यक्ष रामपाल सोनी, पूर्व उपसभापति आरएल नौलखा, सभापति देवकरण गग्गड़, आरएल काबरा नगर परिषद सभापति ललिता समदानी, प्रदेशाध्यक्ष कैलाशचंद्र कोठारी, उपसभापति (अ.भा.व.मा. महिला संगठन) ममता मोदानी, प्रदेश महिला अध्यक्ष शिखा भदादा, सत्यनारायण डाड, जगदीशप्रसाद सोमानी, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष राधेश्याम सोमानी, प्रहलादराय लड्डा, राजेश तोषनीवाल, महेश सेवा समिति अध्यक्ष राधेश्याम चेचानी, उपाध्यक्ष पुष्कर सेवा सदन कैलाशचंद्र मूंदड़ा, हेमराज जागेटिया, जिला मंत्री देवेंद्र सोमानी सहित समाज के पदाधिकारी व क्षेत्रीय सभाओं के सदस्य मौजूद थे।





## महेश नवमी पर जारी करवाया डाक टिकिट

महेश नवमी पर अ.भा.मा. युवा संगठन द्वारा युवा संगठन के "लोगो" का डाक टिकिट बनाया गया। इसका विमोचन शोभायात्रा के पूर्व बड़े मंदिर की बगीची में राजकुमार काल्या, सांसद सुभाष बहेडिया, पूर्व सभापति रामपाल सोनी, युवा प्रदेश अध्यक्ष सी.पी. नामधरानी, प्रदेश अध्यक्ष कैलाश कोठारी, महासभा उपाध्यक्ष देवकरण गग्गड़, सभापति ललिता समदानी ने किया। युवा संगठन के क्षीतिज सोमानी, हसमुख हेड़ा, नरेंद्र मंडोवरा व जगदीश लड्डा ने बताया कि डाक विभाग की योजना "माय स्टाम्प" के अंतर्गत शुभकानायें देने हेतु यह 5 रुपए मूल्य का टिकिट जारी किया गया।

## यह अपील रही आकर्षण का केंद्र

महाभोज में इस बार एक अनूठी पहल नजर आयी। इसमें लक्ष्य था भोजन झूठा न छोड़ा जाना। इसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। कार्यकर्ताओं की भी झूठी प्लेट पर भी निगाहें थी। पहली बार झूठा नहीं पड़े इसके हर काउंटर पर स्लोगन लिखे गये एवं झूठी प्लेट रखने के स्थान पर युवा साथियों की टीम मुस्तैद रही। झूठा ना, डालने का सभी से आग्रह किया गया।

## समाज के उत्पत्ति पर्व की समस्त स्वजनों को शुभकामनाएं

## श्री माहेश्वरी टाईम्स का आगामी (अगस्त) अंक

स्वतंत्रता आंदोलन की कर्मभूमि नागपुर की
गौरवशाली संस्कृति व माहेश्वरी समाज को समर्पित

# नागपुर विशेषांक

अपने विशिष्ट आलेखों व तथ्य पूर्ण जानकारियों से
यह अत्यंत संग्रहणीय होगा यह विशेषांक

नोट – इस विशेषांक के लिये शहर के इतिहास, माहेवरी समाज की संस्कृति, सेवा व योगदान तथा प्रेरक व्यक्तित्वों पर केन्द्रित आलेख तथा विज्ञापन आमंत्रित हैं।

### सम्पादक मण्डल



| दिनेश राठी | मधुसुदन सारड़ा | राजेश काबरा | किरण मूंदड़ा | सुषमा बंग | कल्पना मोहता | रूचि चाण्डक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 98226-96110 | 98231-33567 | 84460-22241 | 94220-55677 | 93727-01007 | 94216-55548 | 85549-57155 |

**सम्पर्क - किरण मूंदड़ा ( विशेषांक प्रभारी )**

202, ओम श्री अपार्टमेंट, बास्केटबॉल ग्राउंड के पास, शिवाजी नगर, जिमखाना, धर्मपेंठ एक्सटेंशन, नागपुर - 10
मो- 09422055677 08275225615 kiranvgmundra@yahoo.in




*फिर लिखेगी सफलता का नया इतिहास*
*1500 से अधिक रिश्ते जोड़ने के पश्चात् अब*

# श्री माहेश्वरी मेलापक

*विवाह योग्य युवक-युवतियों की विश्वस्तरीय डायरेक्ट्री*

2017 का द्वितीय संस्करण प्रकाशन की ओर.
जिसमें आपको मिलेंगे आपके अनुरूप रिश्ते
प्रोफेशनल व हाईटेक युवक-युवतियों की पहली पसन्द.

**शीघ्रता करें...**

- अन्तिम तिथि 15 जून 2017 तक
- पंजीयन शुल्क मात्र 750 रुपये
- मौका हाथ से जाने न दें

**आपकी बेटी-हमारी बेटी**
बेटियों के लिए
पंजीयन शुल्क में
**250** रुपये की
विशेष छूट

## श्री माहेश्वरी मेलापक

90, विद्या नगर (टेढ़ी खजूर दरगाह के पीछे), साँवेर रोड, उज्जैन (म.प्र.) 456010
Ph. : 0734-2526561, 2526761, Mob. : 094250-91161
E-Mail : srimaheshwarimelapak@gmail.com

# सेवा का भी चला करवां





▸▸ **रक्तदान शिविर**-28 मई को महेश पब्लिक स्कूल में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन जिला व नगर माहेश्वरी युवा संगठन एवं श्री बांगड़ माहेश्वरी मेडिकल वेलफेयर सोसायटी के सहयोग से रहा। शिविर का शुभारंभ सांसद सुभाष बहेडिया, आर. एल. काबरा, आर. एल. नोलखा, सभापति अनिल बल्दवा, ओम प्रकाश नारानीवाल, युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार कालिया, सीपी नामधारानी ,उपसभापति देवकरण गग्गर आदि ने किया। रक्तदान शिविर में 17 जोड़ों ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं को 60 रुपए के बैलेंस के साथ सिम निःशुल्क सिम प्रदान की गई। इस बार 90 महिलाएं पहली बार रक्तदान करने पहुंची। सुनील जागेटिया ने 48 वीं बार, नरेंद्र मंडोवरा ने 42 वीं बार, रामप्रकाश काबरा ने 41वीं बार रक्तदान किया। 20 से 25वीं बार रक्तदान करने वालों की संख्या 72 थी। कैलाश बल्दवा व जगदीश सोडानी ने अपने परिवार सहित रक्तदान किया। इस बार कुल रिकार्ड 335 यूनिट रक्तदान हुआ। रक्तदान शिविर को सफल बनाने में प्रभारी महेश जाजू, तरुण सोमानी, मुकुट बिहारी नुवाल जगदीश प्रसाद सोडाणी राकेश काबरा नरेंद्र मंडोवरा रामकिशोर सोमानी, राजेंद्र पोरवाल व समस्त क्षेत्रीय सभा महिला संगठन, युवा संगठन मरुधरा माहेश्वरी संगठन, के पदाधिकारियों का सहयोग रहा।

▸▸ **नेत्र व दंत चिकित्सा शिविर-** 28 मई को प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक महेश पब्लिक स्कूल में फ्री आई एवं डेंटल चिकित्सा एवं परामर्श कैंप का आयोजन किया गया। डॉक्टर सुरेश भदादा व उनकी टीम ने सेवा दी। इस कैंप में रामस्नेही चिकित्सालय का विशेष सहयोग रहा। इस शिविर को सफल बनाने में प्रहलाद डाड, गोपाल काबरा अशोक अजमेरा, सत्यनारायण मंत्री, बद्रीनारायण लड्ढा, पुरुषोत्तम गगरानी का विशेष सहयोग रहा। इस शिविर में 302 रोगियों को परामर्श दे लाभान्वित किया गया। नेत्र रोग से संबंधित 122 रोगियों, दंत रोग के सम्बन्धित 79 रोगियों, नाक कान गला से संबंधित 64 रोगियों व स्त्री रोग से संबंधित 37 रोगियों को परामर्श दिया गया।

▸▸ **निःशुल्क जांच एवम परामर्श शिविर-**महेश नवमी महोत्सव के तहत महेश पब्लिक स्कूल में 21 मई 2017 को प्रातः 9 से 2 बजे तक 6 सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सकों द्वारा 410 रोगियों की निःशुल्क जांच कर परामर्श दिया गया। सभी समाज के रोगी सम्मिलित थे। मुख्य प्रभारी राजकुमार मेलाना ने बताया कि इस शिविर में 200 रोगियों के ब्लड प्रेशर व डायबिटीज की जांच निःशुल्क की गई। मुख्य अतिथि सांसद सुभाष बहेड़िया, संगम उद्योग समूह के रामपाल सोनी, भाजपा जिलाध्यक्ष दामोदर अग्रवाल, कांग्रेस जिलाध्यक्ष अनिल डांगी, दक्षिण राज.प्रा.सभा अध्यक्ष कैलाश कोठारी, उपसभापति देवकरण गगगड, जगदीशप्रसाद सोमानी, महेश सेवा समिति के राधेश्याम चेचाणी, राजेंद्र कचोलिया, सत्यनारायण मूंदड़ा, कार्यक्रम संयोजक अतुल राठी, नगर सभा अध्यक्ष केदारमल जागेटिया, नगरमंत्री केदार गगरानी आदि थे। बालकिशन काबरा, नवीन काकानी, राकेश काबरा, सुमित जागेटिया, सुनील काबरा, विकाश बल्दवा, अरुण सोमानी का विशेष सहयोग रहा।


महेश नवमी के पावन पर्व की समस्त माहेश्वरी बन्धुओं को
हार्दिक शुभकामनाएं



।। जय महेश ।।



।। जय महेश ।।



**Omprakash Gattani**
M. 94141 15004
M. 89499 50817

**Sandeep Gattani**
M. 98334-50873
M. 93221 28953

**C.A. Manish Gattani**
M. 93222 44764
M. 74986 80231

**Sandeep Niwar Industries**
Mfg. All Type High Class Niwar

**Sandeep Tex Fab Pvt. Ltd.**
Mfg. of High Quality Yarn

**Nem Con International Pvt. Ltd.**
Mfg. of Quality Suttings
Bhivandi (Mumbai)

**Office** : Opp. Bhadada Bagh, Bhilwara-311001, Ph. 01482-220295 (O)
**Factory** : Near Mahila Ashram, Bhilwara-311001, Ph. 01482-227491 (F)
**Residence** : 101, Ashok Nagar, Bhilwara-311001



माहेश्वरी समाज के उत्पत्ति दिवस महेश नवमी
के पावन पर्व की
समस्त माहेश्वरी बन्धुओं को
हार्दिक शुभकामनाएं एवं
बधाइयाँ
M/s. Thakurdas
Sukhdeo ji Malani
"Sukhshri"
Bhiwapurkar Nagar,
Near New A.P.M.C., Amravati (M.S.)
B.O.-324, 325, 326, Mahavir Plaza,
Dawa Bazar, Jaistambh Chowk, Amravati (M.S.)




समाज के उत्पत्ति पर्व श्री महेश नवमी की
समस्त समाजजनों को
हार्दिक शुभकामनाएं
एवं
बधाइयाँ
आशा माहेश्वरी
महामंत्री
कल्पना गगड़ानी
अध्यक्ष
अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महिला संगठन

## खेलकूद प्रतियोगिताओं ने उत्पन्न किया रोमांच

श्रीनगर माहेश्वरी सभा भीलवाड़ा के तत्वावधान में महेश नवमी महोत्सव 2017 का आयोजन 19 मई को खेल प्रतियोगिता के आगाज से शुभारंभ हुआ। खेल प्रतियोगिता के मुख्य प्रभारी कैलाश अजमेरा व अनिल झंवर थे। प्रभारी कैलाश अजमेरा ने बताया कि सभी खेलकूद प्रतियोगिता में 1508 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जो 10 दिन तक चली। इस आयोजन के सफलता के सारथी - चैनसुख समदानी, देवकिशन दरक, रोशन देवपुरा, राजबहादुर भंसाली, मुकेश काबरा, जगदीश जेथलिया, अशोक पोरवाल, प्रवीण सोडाणी, राजेश भदादा, शांतिलाल डाड दिनेश काबरा, महेश मंडोवरा, मनोज सोमानी, कमलेश सोमानी, प्रकाश गंडोडिया, नंदिता भंडारी, विकास कचोलिया, अंकित लखोटिया, निरंजन गग्गड़, प्रवीण सोडाणी, रामनिवास जागेटिया, दिनेश काबरा, आशीष चेचानी, श्रीमती आरती-निलेश डाड, श्रीमती भावना-नरेन्द्र मंडोवरा, श्रीमती ज्योति-धर्मेन्द्र बियानी, राजेश सोमानी, हसमुख हेड़ा, दिनेश हेड़ा, राजेन्द्र काबरा, सतीश सोडाणी, कमलेश काबरा, रामनिवास लड्ढा, अरविन्द चेचानी, मनोज सोमानी, लादूलाल सोनी, मुकेश सोमानी, अरूण बाहेती, सुशील तोषनीवाल, अर्चित मूंदड़ा, रोनक भदादा, अश्विन तोतला, सुधीर सोनी आदि की पूरी टीम काम रही थी।



**▸▸ वॉलीबॉल शूटिंग (नॉक आउट पद्धति)-** इसमें कुल 10 टीमों ने अलग-अलग क्षेत्र से प्रतिनिधित्व किया। इसमें 100 खिलाड़ियों ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता 19 से 21 मई तक चली। प्रथम स्थान पर शास्त्रीनगर टीम, द्वितीय स्थान पर आर.के.आर.सी. टीम व तृतीय संजय कॉलोनी टीम रही। अतिथि के रूप में राधेश्याम सोमानी, रामकुमार चेचाणी, गोविंद सोढाणी, मुकेश अजमेरा, अशोक मूंदड़ा व के.एम. हेड़ा उपस्थित रहे।



**▸▸ क्रिकेट कप 2017 (नाक आउट पद्धति)-** इसमें 18 टीमों के 252 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस बार खिलाडियों को स्पोर्ट्स किट व टी-शर्ट पहनकर खेलना अनिवार्य किया गया। इसमें स्टेट व राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों ने भाग लिया। 125 फ्लड लाइट का इस्तेमाल किया गया एवं मैच के लिए आवश्यक सफेद रंग की बाल जयपुर से मंगवाई गई। कामेंट्री रोशन देवपुरा ने की। श्री माहेश्वरी बचत समिति का विशेष सहयोग रहा सत्येन्द्र बिरला, ओमप्रकाश मालू, कैलाश सामरिया, फतेहलाल जेथलिया, संजय जागेटिया, प्रहलाद नवाल, कैलाशचन्द्र मूंदड़ा (संजय कालोनी), प्रहलाद राय लड्ढा, राजेश तोषनीवाल, राधेश्याम चेचानी, राजेन्द्र कचोलिया, सत्यनारायण मूंदड़ा आदि मौजूद थे। क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तिलकनगर टीम ने द्वितीय स्थान शास्त्रीनगर टीम ने व तृतीय स्थान आर.के.आर.सी. टीम ने प्राप्त किया। समापन समारोह में राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष राजकुमार काल्या, प्रदेश युवा अध्यक्ष सीपी नामधरानी, जिलाध्यक्ष प्रदीप लड्ढा चित्तौड़गढ़, युवा संगठन के राजेंद्र गगरानी, महासभा सदस्य अर्जुन मूंदड़ा, ओमप्रकाश तोषनीवाल, शिव कासट, नगर परिषद की सभापति ललिता समदानी, रामेश्वर काबरा, सांसद सुभाष बहेड़िया, उद्योगपति लादूराम बांगड़ श्री माहेश्वरी बचत समिति का विशेष सहयोग रहा सत्येन्द्र बिरला, ओमप्रकाश मालू, कैलाश सामरिया, फतेहलाल जेथलिया, संजय जागेटिया, प्रहलाद नवाल, कैलाशचन्द्र मूंदड़ा (संजय कालोनी), प्रहलाद राय लड्ढा, राजेश तोषनीवाल, राधेश्याम चेचानी, राजेन्द्र कचोलिया, सत्यनारायण मूंदड़ा, आदि मौजूद थे।



**▸▸ टेबल टेनिस जूनियर -** सीनियर इस प्रतियोगिता में कल 28 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसमें अंडर-14, अंडर-19 व सीनियर वर्ग का आयोजन किया गया। इसके समापन पर श्याम बिड़ला, बनवारी सोमानी, गोपाल सोमानी, ओम गट्टानी, सुरेश बिरला आदि अतिथि थे। इसमें अंडर 14 में प्रथम राघव सोमानी, द्वितीय कौशल सोमानी, तृतीय अस्तित्व अजमेरा, अंडर 19 में प्रथम सौम्य राठी, द्वितीय जयेश सोनी, तृतीय हार्दिक मूंदड़ा, सीनियर ग्रुप में प्रथम हर्षित राठी, द्वितीय श्याम बिरला, तृतीय शुभम काबरा रहे। प्रतियोगिता के सहयोगकर्ता मेल जोल क्लब भीलवाड़ा थे।



**▸▸ बैडमिंटन-(महिला पुरुष, बालक-बालिका)-** इस प्रतियोगिता में 116 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता अंडर-15, अंडर-19 मेंस सिंगल, मेंस डबल, वूमन सिंगल में हुई। इसके समापन

पर मुख्य अतिथि श्याम सोमानी व कृष्णगोपाल जाखेटिया थे। अंडर-15 बॉयज में प्रथम माधव काबरा, द्वितीय केशव समदानी, अंडर 15 बॉयज डबल में कृष्णमाधव असावा, माधव काबरा, द्वितीय केशव समदानी, माधव समदानी रहे। अंडर 19 बॉयज में प्रथम राघव डाड, द्वितीय कृष्ण माहेश्वरी तथा बॉयज डबल में राघव डाड, राघव मूंदड़ा, द्वितीय मिहिर लोहिया, मोहित समदानी रहे। गर्ल्स अंडर 19 सिंगल में प्रथम इंदिका जागेटिया, द्वितीय छवि सोमानी रहीं। मेंस सिंगल में प्रथम संदीप काबरा, द्वितीय गुड्डू मंडोवरा, मिक्स डबल में प्रथम धर्मेंद्र अजमेरा, रामेश्वर सोमानी, द्वितीय अनूप तोषनीवाल, गुड्डू मंडोवरा, वुमेंनस सिंगल में प्रथम स्नेहलता जागेटिया, द्वितीय विधि बिड़ला रहीं। इस प्रतियोगिता के सहयोगकर्ता महेश बचत एवं साख समिति भीलवाड़ा थी।



**शतरंज-** इस प्रतियोगिता में 48 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसमें जूनियर, सीनियर एवं गर्ल्स वर्गों की प्रतियोगिताऐं आयोजित की गईं। जूनियर में प्रथम केशव समदानी, द्वितीय देवांश राठी, तृतीय सौम्य बिड़ला रहे। बालिका वर्ग में प्रथम शिरीन लोहिया, द्वितीय सृष्टि तोषनीवाल, तृतीय कृति तोषनीवाल रहीं। सीनियर में प्रथम सुमित जागेटिया, द्वितीय नारायण लखोटिया, तृतीय मनीष लोहिया रहे। समापन पर मुख्य अतिथि दिनेश मालीवाल, रवि बाहेती, क्षितिज सोमानी, कल्पेश सोमानी थे। प्रतियोगिता के सहयोगकर्ता नगर माहेश्वरी युवा संगठन भीलवाड़ा थे।



**कैरम-** इस प्रतियोगिता में 108 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसमें बालक वर्ग के जूनियर में प्रथम सौम्य बिरला, द्वितीय तनिष्क सोमानी एवं जूनियर डबल में प्रथम करण हुरकट व आशीष लड्ढा, द्वितीय विवेक बाहेती व अंश बाहेती, तृतीय प्रियांशु काबरा व अक्षत काबरा रहे। बालिका जूनियर में प्रथम हर्षिता जवर, द्वितीय शीलवी सोमानी, तृतीय चेष्टा हुरकट रही। सीनियर वर्ग में प्रथम प्रमोद चेचाणी, सीनियर डबल्स में प्रदीप बल्दवा, ओमप्रकाश मालानी रहे। सहयोगकर्ता नगर माहेश्वरी युवा संगठन भीलवाड़ा था।

**रस्साकस्सी-** इस प्रतियोगिता में महिला व पुरुष वर्ग के कुल 128 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। पुरुष वर्ग में प्रथम संजय कॉलोनी टीम रही एवं द्वितीय आरकेआरसी व्यास टीम रही। महिला वर्ग में प्रथम आरकेआरसी व्यास टीम रही। द्वितीय तिलकनगर टीम रही। समापन पर मुख्य अतिथि मुकेश चेचाणी, वसंत मूंदड़ा, शिव लाहोटी, पार्षद मंजू चेचाणी, छीतरमल लड्ढा, बीएल माहेश्वरी थे। सहयोगकर्ता जिला माहेश्वरी युवा संगठन भीलवाड़ा था।

**कपल गेम-** इस प्रतियोगिता में 22 प्रतिभागियों ने भाग लिया। आधा मिनिट के कपल गेम में बेलून गेम, बिस्किट गेम, गेम चोटी बनाओ गेम आदि आयोजित हुए। प्रथम अनुप्रिया-अभिनव बंग, द्वितीय दीपिका-अर्पित बाहेती, तृतीय शैफाली-रवि कासट रहे। सहयोगकर्ता जिला माहेश्वरी युवा संगठन था।



**साइकिल रेस-** कुल 56 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। बालक वर्ग में प्रथम राघव तोषनीवाल, द्वितीय राघव डाड, तृतीय संभव समदानी। बालिका वर्ग में प्रथम नेहा बाहेती, द्वितीय सपना चेचाणी, तृतीय छवि माहेश्वरी रही। पुरुष वर्ग में प्रथम पीयूष बांगड़, द्वितीय प्रतीत कचोलिया, तृतीय प्राचीर समदानी, महिला वर्ग में प्रथम चेतना जागेटिया, द्वितीय कविता दरगड़, तृतीय हीरामणि जगेटिया रहीं। राजेंद्र त्यागी पुलिस सीईओ अतिथि थे। सहयोगकर्ता आरकेआरसी व्यास माहेश्वरी युवा संगठन भीलवाड़ा था।

**दौड़ प्रतियोगिता-** इसमें कुल 308 खिलाड़ियों ने भाग लिया। अतिथि ओमप्रकाश नरानीवाल, मधु जाजू, गीता मूंदड़ा, वीणा मोदी, बद्रीलाल लड्ढा, महेंद्र माहेश्वरी, कृष्णगोपाल राठी थे। सहयोगकर्ता आरकेआरसीए महेश सेवा संस्थान भीलवाड़ा था।

**चेयर रेस-** इस प्रतियोगिता में कुल 270 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। 8 से 15 वर्ष बालिका वर्ग में प्रथम श्रेया नुवाल, द्वितीय निशिका महाजन, तृतीय रक्षिता सोमानी, 15 से 30 वर्ष बालिका वर्ग में प्रथम रितिका सोमनी, द्वितीय कनिका राठी, तृतीय अंजलि भराड़िया, 30 से ऊपर महिला वर्ग प्रथम नीतू सोमानी, द्वितीय इंदिरा सोमानी, तृतीय कोमल जागेटिया। 8 से 15 वर्ष बालक प्रथम अशत काबरा, द्वितीय स्वयं सोमानी, तृतीय शुभम काबरा, 15 से 30 वर्ष युवक प्रथम हर्षित माहेश्वरी, द्वितीय रविकुमार कास्ट, तृतीय सचिन काबरा रहे। 30 से ऊपर पुरुष वर्ग प्रथम बसंत मूंदड़ा, द्वितीय दिलीप कास्ट रहे। मुख्य अतिथि प्रवीण सोडानी, रामचंद्र मूंदड़ा व महावीर समदानी थे।

**महेश टैलेंट सर्च-** 21 मई को महेश शिक्षा सदन भीलवाड़ा में आयोजित महेश टैलेंट सर्च परीक्षा में 480 विद्यार्थियों ने भाग लिया। मुख्य प्रभारी प्रदीप लाठी ने बताया सातवीं, आठवीं के कस्वी कोगटा, अभिनव माहेश्वरी, हर्ष नकलक, राघव मोदी व नौवीं व दसवीं के विशाल



चेचाणी, श्रुति माहेश्वरी, रिद्धिमा माहेश्वरी, अमन काबरा तथा 11वीं व 12वीं के रचित तापड़िया, चारु सोमानी, मालविका बाहेती, आयुष काबरा श्रेष्ठ रहे। प्रतियोगिता तथा प्रभारी कैलाशचंद काबरा, निशा सोनी, महेश देवपुरा, मुरलीधर बाहेती, बीसी सोमानी, चंद्रप्रकाश मालू आदि थे। सहयोगकर्ता के रूप में L2C-NPA ke VERTEX ACADEMY का विशेष सहयोग रहा।

**क्विज कॉम्पीटिशन -** महेश नवमी महोत्सव के तहत गत 27 मई को महेश पब्लिक स्कूल में मेगा क्विज कॉम्पीटिशन आयोजित की गई। इसमें 250 से ज्यादा बच्चों ने भाग लिया। विजयसिंह पथिक नगर माहेश्वरी समाज संस्था के सहयोग से आयोजित मेगा क्विज कॉम्पीटिशन में जूनियर वर्ग व सीनियर वर्ग में भोपालगंज प्रथम रहा। प्रभारी बनवारीलाल सोमानी, रविकुमार बाहेती, ने बताया कि प्रदीप लाठी, मुरलीधर बाहेती, घनश्याम नुवाल के नेतृत्व में कॉम्पीटिशन में प्रश्न पूछे गये। प्रारंभ में 5-5 बच्चों के 25 ग्रुप बनाये गये। इनमें कई राउंड के बाद 6 ग्रुप को चुना गया। इनमें से जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान भोपालगंज-ए के पलक जागेटिया, केशव गग्गड़, अनुज राठी, मयंक काबरा, ध्रुव मूंदड़ा द्वितीय विजय सिंह पथिक नगर व तृतीय भोपालगंज बी रही। सीनियर वर्ग में भोपालगंज ए में मालविका बाहेती, ईशिका काबरा, श्रेयांश पोरवाल, मुदित काबरा, अक्षत मेलाना, प्रथम व आरकेआरसी व्यास ए द्वितीय, आरकेआरसी व्यास बी तृतीय, शास्त्रीनगर बी चतुर्थ रहा। विजेताओं को राधेश्याम सोमानी, अनीला अजमेरा, शिखा भदादा, कृष्णगोपाल जागेटिया, भेरूलाल काबरा, फतेहलाल जेथलिया ने पारितोषिक प्रदान किया। क्विज कॉम्पीटिशन का शुभारंभ डॉ. बीएम मालू, डॉ. बीएस अजमेरा, डॉ. डीएल काष्ट व डॉ. रामपाल राठी ने किया।

## झंवर ने दी समर्पित सेवा

**▸▸ सफलता के सारथी-** समाजसेवी अनिल झंवर को मुख्य खेल प्रभारी बनाया गया। जिनके दिन रात मेहनत से इस खेल कूद प्रतियोगिता में चार चांद लगे। श्री झंवर पूर्व मंत्री भोपालगंज माहेश्वरी सभा, खेल मंत्री जिला माहेश्वरी युवा संगठन भी रह चुके हैं अभी वर्तमान में संयुक्त मंत्री श्री नगर माहेश्वरी सभा भीलवाड़ा व सचिव एलआईसी स्पोर्ट्स एवं क्रिएशन क्लब भीलवाड़ा के सदस्य हैं व कार्यकारिणी सदस्य जिला कैरम संघ से जुड़े हुए हैं। उन्होंने बताया कि प्रथम बार विशिष्ट मेहमानों के साथ साथ सभी खिलाडियों को समय-समय पर नाश्ता व शीतल पेय भी उपलब्ध कराया गया तथा सोशल मीडिया का भरपूर सहारा लिया गया। इससे खिलाड़ियों एवं समाजजनों में अपार उत्साह था। खेलकूद प्रतियोगिता को एक मंजिल तक पहुंचाने के लिए 15 दिनों तक अपनी ऑफिस से छुट्टी भी थी।

**▸▸ साइकिल रैली -** को सफल बनाने में गोपाल मेलाना, नवरत्न गट्टानी, अभिषेक कोठारी, ओमप्रकाश काबरा, अरुण मुछाल, राकेश माहेश्वरी, आशीष पोरवाल, बलवंतराय लड्ढा, सुरेश बहेड़िया, सुमित जागेटिया, कैलाश सोनी राजेश सोनी, राजेश चेचानी, मुकेश लाठी, रामेश्वर सोमानी, विनय मूंदड़ा, बीबी गुप्ता, आरती दरगाह, सुनील जागेटिया, अनिल गुप्ता, राजेंद्र कोगटा, संदीप लड्ढा, अमित मेलाना, कैलाश अजमेरा व ओमप्रकाश अजमेरा थे।

**कैलाश अजमेरा, मुख्य खेलकूद प्रभारी -**

कैलाश अजमेरा सामाजिक एवं खेल क्षेत्र में एक अपनी अलग पहचान है। इनका सामाजिक स्तर पर तो बहुत ही योगदान है ही, साथ ही स्वयं भी एक राष्ट्रीय बैडमिंटन के खिलाड़ी हैं और अभी भी बैडमिंटन खेलते हुए राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करते है। वर्तमान में आप भारत विकास परिषद राजस्थान मध्य प्रांत के महासचिव है एवं भीलवाड़ा जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष राजस्थान बैडमिंटन संघ में चयन समिति के अध्यक्ष एवं राजस्थान बैडमिंटन संघ के संयुक्त सचिव भी है। इसके साथ और भी कई दायित्व आपके पास है। भीलवाड़ा जिला क्रीडा परिषद के भी आप सक्रिय सदस्य है।



## रचनात्मक प्रतियोगिताओं ने दिखाई प्रतिभा

नगर माहेश्वरी महिला मंडल की अध्यक्ष गायत्री मूंदड़ा व सचिव वीणा मोदी ने बताया कि सभी रचनात्मक प्रतियोगिताओं में कुल 736 प्रतिभागियों ने भाग लिया। यह प्रतियोगिताएँ 3 दिन महेश पब्लिक स्कूल में सायंकाल 4 से 6 बजे तक चली। इनमें महिलाओं, बच्चों व बालिकाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

### मीड ब्रेक एक्टीवेशन का हुआ आयोजन

श्री नगर माहेश्वरी सभा के तत्वावधान में महेश नवमी महोत्सव के अवसर पर दिल्ली से आईं सुगंदा लड्ढा द्वारा बच्चों को प्रशिक्षण दे प्रतियोगिता करवाई गई। इसमें बच्चों को आँखों पर पट्टी बाँधकर कलर पहचानना, नोट के सीरियल पढ़ना-अखबार पढ़ना, मोबाइल पर मैसेज पढ़ना, किसी भी वस्तु का आकार एवं तस्वीर आदि पहचाना का विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। इससे बच्चों के मेमोरी एकाग्रता, आत्मवश्विास, तर्कशक्ति आदि का विकास होता है। श्री नगर माहेश्वरी महिला मंडल अध्यक्ष गायत्री मूंदड़ा, सचिव वीणा मोदी, पूर्व सभापति नगर परिषद मधु जाजू, शिखा भदादा आदि उपस्थित थीं। दो दिन के प्रशिक्षण कार्यक्रम में 61 बच्चों ने भाग लिया।

**▸▸ अंताक्षरी प्रतियोगिता-** इसमें 280 प्रतिभागियों की अलग-अलग महिला संगठनों की टीमों ने भाग लिया। प्रथम शास्त्री नगर माहेश्वरी महिला संगठन, द्वितीय बापूनगर माहेश्वरी महिला संगठन, तृतीय आरकेआरसी व्यास माहेश्वरी महिला संगठन रहा। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में गायत्री मूंदड़ा, वीणा मोदी, मधु लड्ढा, पुष्पा मूंदड़ा, सुमन सोनी, सुमन बाहेती का विशेष सहयोग रहा। इस प्रतियोगिता की संयोजक नगर माहेश्वरी महिला संस्थान व संजय कॉलोनी महिला मंडल था।

**▸▸ स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता-** इसकी संयोजक चंद्रशेखर आजाद नगर महिला मंडल था। सचिव सोनल माहेश्वरी ने बताया 3 वर्ष तक के बच्चों का डॉक्टर ने परीक्षण किया। टीकों के बारे में, ग्रोथ के बारे में, और उनके हाव भाव, वजन, हाइट आदि बातों को ध्यान में रखते हुए परीक्षण किया। 33 बच्चों ने भाग लिया। अंजू सोमानी, रेणु कोगटा, किरण जागेटिया का सहयोग रहा।

**▸▸ एकल नृत्य प्रतियोगिता-** संयोजक भोपालगंज माहेश्वरी महिला संगठन था। अध्यक्ष निशा सोनी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 15 वर्ष से अधिक आयु की 16 युवतियों ने भाग लिया। प्रथम स्थान अव्या सोमानी, द्वितीय प्रिया जवर, तृतीय रौनक मुछाल रहीं। राज राठी, मधु काबरा व विनीता तोषनीवाल का विशेष सहयोग रहा।

**▸▸ देशभक्ति गीत प्रतियोगिता-** संयोजक आजादनगर माहेश्वरी महिला संगठन रहा। अध्यक्ष मानकंवर काबरा ने बताया कि कुल 33 प्रतिभागियों ने भाग लिया जो 7 से 18 वर्ष के थे। प्रथम श्रेया खटौड़, द्वितीय रितिका दरगड़ रहीं। निर्णायका कृष्णा राठी व सुनीता माहेश्वरी रहीं। रेखा राठी, मीना तोषनीवाल व कृष्णा लड्ढा का विशेष सहयोग रहा। प्रतिभागियों एवं अतिथियों को अध्यक्ष मानकंवर काबरा की ओर से द्वारकेश मुखवास पैकट बांटे गए।

**▸▸ गोटा पत्ती व फूलों के गहने बनाओ प्रतियोगिता-** संयोजक काशीपुरी महिला संगठन रहा। यह प्रतियोगिता विवाहितों के लिए थी। अध्यक्ष गायत्री बिड़ला ने बताया 20 महिलाओं ने भाग लिया। इसमें चेतना जागेटिया प्रथम, आरती खटौड़ द्वितीय और नीलम दरगड़ तृतीय रहीं। निर्णायक नेहा मोदी व पूजा सोमानी रहीं। शीला जागेटिया, संध्या आगीवाल, रंजना बिरला का विशेष सहयोग रहा।

**▸▸ चित्र बनाओ व रंग भरो प्रतियोगिता-** संयोजक वसंत विहार महिला मंडल रहा। अध्यक्ष शशि अजमेरा ने बताया कि 115 प्रतिभागियों ने भाग लिया। स्पर्धा 9 से 15 वर्ष तक के बच्चों के लिए थी। प्रथम नव्या डाड, द्वितीय रश्मि बांगड़, तृतीय पार्थ तोषनीवाल रहे। रंग भरो प्रतियोगिता में प्रथम तुषार चेचाणी, द्वितीय रिशिका जागेटिया, त2तीय खुशी जागेटिया रहीं। यह 5 से 9 वर्ष तक के बच्चों के लिए थी। निर्णायका नेहा मोदी, श्वेता भदादा थी। स्नेहलता मैलाना, वंदना गुप्ता, कुसुम गट्टानी का विशेष सहयोग रहा।

**▸▸ मोनो एक्टिंग प्रतियोगिता-** संयोजक सुभाष नगर माहेश्वरी महिला मंडल रहा। अध्यक्ष उर्मिला अजमेरा ने बताया 15 महिलाओं ने भाग लिया जो 18 वर्ष से ऊपर की थी। प्रथम स्थान निशा काकानी, द्वितीय चेतना कास्ट, तृतीय प्रीति डाड रही। निर्णायक सोनल जाजू, वसुंधा लड्ढा रहीं। इंदिरा अजमेरा, भारती बाहेती, लीला राठी का विशेष सहयोग रहा।

**▸▸ विचित्र वेशभूषा ( फैंसी ड्रेस )-** संयोजक बापूनगर माहेश्वरी महिला मंडल व तिलक नगर माहेश्वरी महिला मंडल रहा। 30 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रथम दिव्यांशी सोमानी, द्वितीय अक्षत माहेश्वरी और तृतीय श्लोक माहेश्वरी रहे। स्पर्धा 7 से 15 वर्ष तक के बच्चों के लिए थी। विभा तोषनीवाल, ममता नुवाल, सपना नकलक, शशिकला डाड का विशेष सहयोग रहा।

**▸▸ लिफाफा बनाओ प्रतियोगिता-** संयोजक विजय सिंह पथिक नगर माहेश्वरी महिला मंडल रहा। अध्यक्ष आशा माहेश्वरी ने बताया कि





प्रतियोगिता विवाहितओं के लिए थी। 14 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रथम दयमंती लोहिया, द्वितीय लीला काबरा, तृतीय निमिता काबरा रही। अलग-अलग तरह के अनेक लिफाफे बनाए गए। निर्णायक शिखा अजमेरा, सोनल भदादा रहीं। स्नेहलता तोषनीवाल व सीमा बिरला का विशेष सहयोग रहा।

**▸▸ वन मिनट गेम एवं नेल आर्ट-** संयोजक आर केआरसी महिला मंडल था। अध्यक्ष वंदना नुवाल ने बताया कि 150 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रथम मधु मोदी, द्वितीय मंजू पोरवाल, तृतीय संगीता माहेश्वरी रहीं। यह प्रतियोगिता 18 वर्ष से ऊपर की महिलाओं के लिए थी। निर्णायक दयमंती लोहिया व हरिता मालानी रही। इंदिरा हेड़ा जतन हिंगड़, संगीता मूंदड़ा का विशेष सहयोग रहा।

**▸▸ प्रांतीय वेशभूषा-** संयोजक शास्त्री नगर महिला मंडल रहा। अध्यक्ष अंकिता राठी ने बताया इसमें 15 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रथम नूपुर माहेश्वरी, द्वितीय सीमा भंडारी, तृतीय चेतना जागेटिया रहीं। निर्णायक एकता लड्ढा, रश्मि भदादा रहीं। मंजू मोदानी, वीना डाड, अन्नू मोदी का सहयोग रहा।

**▸▸ दीप प्रज्वलन एवं रंगोली सजावट-** भीलवाड़ा शहर के हृदयस्थल कहे जाने वाले सूचना केंद्र चौराहे पर 1 जून शाम को 7 बजे भव्य व आकर्षक रंगोली महेश नवमी महोत्सव 2017 के नाम से बनाई गई। इसमें भगवान महेश का लोगों को ''सेवा त्याग व सदाचार'' लिखा हुआ था जिसको 40 महिलाओं द्वारा तैयार किया गया। रंगोली पर मोमबत्ती द्वारा आकर्षक रोशनी की गई। इस अवसर पर समाज के अनेक पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।



## ये बने सफलता के कर्णधार

**केदारमल जागेटिया नगर अध्यक्ष व केदारमल गगरानी नगर मंत्री-** बहुत ही सौम्य व शिष्ट व्यवहार, धीर, गंभीर व्यक्तित्व के धनी, उनके नेतृत्व में पहली बार महेश नवमी पर्व का विशाल आयोजन हुआ। इस बार का जो कार्यक्रम हुआ वह अपने आप में स्मरणीय है। उनकी तरफ से जिन-जिन विभागों की जिन-जिन व्यक्तियों को जिम्मेदारी सौंपी गई, उन्होंने तत्परता से कार्य को संपादित किया।

**अतुल राठी संयोजक-** पहली बार महत्वपूर्ण दायित्व मिला पहले कभी इतने सक्रिय नहीं दिखे परंतु अपने दायित्वों का निर्वहन बहुत ही सुंदर व अच्छी तरीके से किया। इस पूरे महोत्सव में पहली बार समाज के प्लेटफॉर्म पर दिखाई दिए व अपनी सकारात्मक सोच से एक गहरी छाप छोड़ी।

**सुरेशचंद्र कचोलिया सह-संयोजक-**नगर सभा का कार्यालय तो समय-समय पर ही खुलता था परंतु उनका व्यावसायिक स्थल आयोजन का केंद्र बिंदु रहा। सभी के बीच में समन्वय करने का कार्य कचोलिया जी ने सहजता से किया।

**गोपाललाल नराणीवाल-**कूपन वितरण समिति के मुख्य प्रभारी श्री नराणीवाल के नेतृत्व में 10 मई को सभी 15 क्षेत्रीय संगठनों के अध्यक्ष व मंत्री के साथ शहर के 14 वितरण केंद्रों पर टिकट पहुंचाए गए। जहां दोबारा आवश्यकता हुई उनको पूर्ति की गई और 30 तारीख तक का हिसाब सभी से लिया गया। इस बार 14500 कूपन वितरित किए गए एवं 30 तारीख बाद 150 रुपए के लगभग 400 कूपन बांटे गए। मुख्य सहयोगी अशोक बिड़ला, सुंदरलाल तुरकिया, दिनेश कोठारी, रूपलाल लाहोटी, राजेंद्रप्रसाद बिरला, अरविंद चांडक, कमलेश लाठी, दिनेश लड्ढा आदि थे।

**प्रीतम काबरा-चौराहा सजावट समिति मुख्य प्रभारी-**हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शहर के लगभग छोटे व बड़े 15 चौराहों को सजाया गया। इन पर लाइटिंग, फ्लैक्स लगाए गए। मुख्य सहयोगी बने गोपाल बल्दवा और अशोक मालू। बड़े चौराहे के लिए 11000 और छोटे चौराहे के लिए 7000 की राशि रखी गई। 15 चौराहों को सजाने में संगम इंडिया, राधाकिशन सोमानी, संदीप हुंडई, नव्या फैशन, नगर माहेश्वरी सभा, नवरत्न अजमेरा, महेश सेवा समिति, सत्कार शूटिंग, मनोनया शूटिंग, अयोध्या इंटरप्राइजेस, आकाश होंडा, गुडविल शूटिंग, नितिन स्पिनर्स, नरानीवाल परिवार आदि का सहयोग रहा।

**केदार जागेटिया-पेयजल समिति मुख्य प्रभारी-** श्री जागेटिया 10 सालों से पानी संबंधित कार्य देख रहे हैं। इस कार्य में मुख्य सहयोग चारभुजा पदयात्री संघ के साथ रतनलाल लाठी, अरविंद चेचानी, सुशील तोषनीवाल, कैलाश गगरानी का रहा। श्री जागेटिया वाटर रिचार्जिंग व वाटर मैनेजमेंट के लिए निःशुल्क सेवाएं देते हैं।

**रमेशचंद्र नामधरानी- प्रभारी भोजन निर्माण समिति, स्टोर समिति व क्रय समिति-**श्री नामधराणी 1980 से सामाजिक भोजन की व्यवस्था देख रहे हैं। इस बार 16000 व्यक्तियों के लिए भोजन तैयार किया गया। भोजन निर्माण में 42 टीन घी, 13 बोरी आटा, 15 कट्टे शक्कर, 58 टीन तेल, 70 हलवाई के साथ 80 वर्करों ने मिलकर भोजन तैयार किया। भोजन निर्माण में सत्यनारायण सोमानी, कैलाशचंद्र जेथलिया, बिहारीलाल सोमानी, रामेश्वरलाल सोनी, रामगोपाल बाहेती, ओम समदानी, कैलाश मूंदड़ा, रमेश दरगड़, सुनील काबरा, कृष्णगोपाल जाखेटिया, रमेश बाहेती, केदार नुवाल का विशेष सहयोग रहा।

**सुभाष बाहेती-भोजन परिवहन समिति मुख्य प्रभारी-**भोजन निर्माण स्थल से लेकर काउंटर तक पहुंचाने का कार्य समिति ने किया। इसमें चार हाथ ठेले लगाए गए। हर काउंटर पर छह व्यक्ति लगाए गए। निर्माण समिति के चार सदस्य मोबाइल से कांटेक्ट करते रहे। सभी काउंटर पर प्रभारी की नियुक्ति की गई। रामेश्वर ईनानी, गोपाल सोमानी, घनश्याम बल्दवा, रौनक भदादा, सत्यनारायण बसेर, धर्मेंद्र बसेर, मुरली काकानी का सहयोग रहा।

**प्रदीप शारदा-प्रसाद वितरण समिति मुख्य प्रभारी-**शोभायात्रा के समापन पर आजाद चौक में प्रसाद वितरण का कार्य किया। सुशील राठी, ओमप्रकाश काबरा, शांतिलाल काबरा, बृजमोहन जागेटिया, अशोक सोमानी, सूर्यप्रकाश लड्ढा, देवेंद्र हिंगड़, महावीर अजमेरा, प्रकाश गंडोडिया, अमित तोषनीवाल, ओमप्रकाश जागेटिया, अशोक मरोठिया, सुरेशचंद्र गट्टानी, भगवानस्वरूप गुप्ता, नंदकिशोर राठी, श्याम लड्ढा, रामकिशोर सोमानी, भागचंद सोमानी, मनोज नकलख, प्रीतम बाहेती, मनोहर जवर का सहयोग रहा।

**विजय लड्ढा ( पार्षद )- स्वच्छता समिति प्रभारी-**श्री लड्ढा के नेतृत्व में कार्यक्रम में हर जगह साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा गया। नगर परिषद की सभापति व परिषद टीम का विशेष सहयोग रहा। सत्यनारायण लढ़ा, मुरली ईनाणी, आशीष कालिया, शिव बाहेती, अर्चित तोतला, अभिजीत तोतला का सहयोग रहा।

**कैलाशचंद्र मूंदड़ा- परिवहन समिति प्रभारी-**इस बार 8 बसें लगाईं। इसमें 4 बसें संगम स्कूल और 4 बसें महेश स्कूल की थीं जो भीलवाड़ा के सभी क्षेत्रों से व्यक्तियों को भोजन स्थल पर लाने व छोड़ने के लिए निःशुल्क लगाई गई थीं। सभी सह प्रभारी ने बड़ी जिम्मेदारी से सवारियों को बसों में बिठाया और उनको वापस नियत स्थान पर छोड़ा। सभी को गाड़ी नंबर व मोबाइल नंबर दिए गए। इस व्यवस्था में मुख्य प्रभारी कैलाशचंद्र हेडा व सहप्रभारी महेशचंद्र आगाल, दिनेशचंद्र बांगड़, शिवप्रकाश सोनी, शोभालाल बांगड़, रामनिवास भूतड़ा, गोपाल पलौड़, ओमप्रकाश काबरा का सहयोग रहा।

**अनुराग कोठारी, कमल किशोर भदादा -प्रभारी वाहन पार्किंग व्यवस्था-** इस बार व्यवस्था नवयुवक मंडल सांगानेर द्वारा की गई। इसके लिए लगभग 20 से 25 बीघा की जगह को व्यवस्थित किया गया और लगभग इस व्यवस्था को संभालने के लिए 16 गार्डों की व्यवस्था की गई। साथ ही नवयुवक मंडल के 25 से 30 सदस्यों ने व्यवस्था संभाली। करीब 5 हजार से अधिक वाहन आने के बावजूद किसी तरह की कोई भी अनहोनी नहीं हुई।

**दिलीप लाहोटी- प्रभारी काउंटर भोजन एवं कैटरिंग-** इनके अनुसार 24 काउंटर बनाए थे। लगभग 250 कैटरिंग के व्यक्ति और लगभग 150 समाज के कार्यकर्ता थे। सभी क्षेत्रीय सभा, युवा संगठन, महिला संगठन, मरुधरा माहेश्वरी संगठन का सहयोग मिला। प्रभारी मनीष बहेड़िया, प्रेमशंकर झंवर, रामराय गट्टानी, रामपाल काबरा, बालमुकुंद डाड, कैलाश सोमानी, मुकेश अजमेरा, पुरुषोत्तम गगराणी, सुरेश जाजू, महेंद्र काकाणी, मुकेश काबरा, शांतिलाल डाड, दिनेश काबरा, कैलाश आगीवाल, कैलाश जागेटिया, गोपाल मेलाना, अनिल अजमेरा, अशोक चेचानी का सहयोग रहा।

**राजेंद्र भदादा सुरक्षा समिति मुख्य प्रभारी-**कार्यक्रम में किसी प्रकार की अव्यवस्थाएं न हों इसके लिए जहां जहां भी सिक्योरिटी गार्ड की आवश्यकता थी वहां लगाए गए। 3 दिन के लिए 24 सिक्योरिटी गार्ड की व्यवस्था की गई। अरविंद पोरवाल, अशोक भदादा, देवीलाल तोषनीवाल, विजय सोडाणी व मनोज सोनी का सहयोग मिला।

**राजेंद्रकुमार पोरवाल व कृष्णगोपाल राठी-मुख्य प्रभारी कार्यालय समिति -** कार्यकर्ताओं के कार्य को ध्यान में रखते हुए उनको जिम्मेदारी दी गई और समय-समय पर मीटिंग करके फॉलो किया। उनको कार्य करने का तरीका बताया। लगभग डेढ़से 2 महीने तक कार्यालय सुचारू रूप से खुला। सबसे पहले वित्त समिति को सक्रिय करके प्रिंटिंग का कार्य सुचारु रूप से चालू किया। इस कार्य के लिए लक्ष्मीनारायण मूंदड़ा व राधेश्याम अजमेरा का विशेष सहयोग रहा।

**महावीर समदानी प्रचार प्रसार समिति मुख्य प्रभारी-** प्रचार-प्रसार के लिए एक महीने पहले से डिसाइड कर लिया कि 16 दिवसीय कार्यक्रम को 20 दिनों तक किस प्रकार हाइलाइट करना है। विमोचन से लेकर स्नेहभोज तक के कार्यक्रमों के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस का न्यूज कवरेज वृहद स्तर पर किया। सहयोगी बने शंकर सोनी, पंकज पोरवाल, मुकेश राठी और संजय लड्ढा।

**रमेश राठी कार्ड वितरण समिति मुख्य प्रभारी-** शहर की विशेष हस्तियों को निमंत्रण दिए गए। प्रशासनिक अधिकारी, राजनीतिक क्षेत्र के व्यक्ति, शहर के अन्य समाजों के मुख्य व्यक्ति शामिल थे। सुनील कोठारी, भारत मंडोवरा का इसमें विशेष सहयोग रहा।

**नरेंद्र नुवाल व रमेश बाहेती प्रभारी टेंट, मंच एवं पांडाल समिति-** महेश नवमी कार्यक्रम में जहां आवश्यकता थी समय से पूर्व व्यवस्था की गई। इसके लिए पहले से टेंट वाले को और डेकोरेशन वाले को निर्देश दिए गए। दिनेश बिरला, संपत माहेश्वरी, दिनेश सोनी, दिनेश शारदा, श्याम समदानी, नवरतन सोमानी, नटवर बाहेती, अनिल काबरा, लक्ष्मीनारायण काबरा, मुकेश चेचानी, अनिल मूंदड़ा, आजाद बाहेती का सहयोग रहा।

**सुशील तोषणीवाल व रामचन्द्र मूंदड़ा की सेवाओं को सराहा-**

महेश नवमी कार्यक्रम में श्री तोषणीवाल और श्री मूंदड़ा की सेवाओं को सभी सराहा। श्री तोषणीवाल ने सभी कार्यक्रमों में अपनी भागीदारी निभाते हुए बगैर स्वार्थ के हंसतें हुए सेवाएं दी हैं। हर कोई इनकी सेवाओं के लिए वाह-वाह सुशील जी कहे बगैर नहीं रहा। साथ ही मूंदड़ा जी ने भी अपनी सेवाओं की अमिट छाप छोड़ी है। इन दोनों को कार्य करने के लिये कोई कहता नहीं, अपने आप समाज कार्य में जुट जाते हैं। चाहे तिलक लगाना हो या चाय पिलाना हो, चाहे जल पिलाना हो, चाहे आंखों में दवाई डालना हो, चाहे परोसगारी करनी है बगैर किसी के कहे सेवाओं में लग जाते हैं।

# ग्रामीण क्षेत्रों में भी चली सेवा गतिविधियां व धूमधाम से मनाई महेश नवमी



**गंगापुर.** स्वर्गीय शुभकरण जी समदानी की पुण्य स्मृति में समदानी परिवार एवं माहेश्वरी समाज के संयुक्त तत्वावधान में अग्रसेन भवन में आयोजित शिविर में 101 यूनिट रक्तदान हुआ। समाज अध्यक्ष शांतिलाल समदानी ने बताया कि रक्त संग्रहण रामस्नेही चिकित्सालय की टीम द्वारा किया गया। शिविर में तहसील अध्यक्ष मनोहरलाल सोमानी, युवा अध्यक्ष राजेश समदानी, शिविर संयोजक श्याम सुंदर, पवन समदानी, रक्तदान प्रभारी संजय समदानी, प्रतीक जागेटिया, सत्यनारायण बियानी, अनिल बहेड़िया, दामोदर लड्ढा, बसंत समदानी सहित समाज के गणमान्यजन मौजूद थे।

**गंगापुर.** प्रातः भगवान महेश की पूजा अर्चना की गई। शोभायात्रा शाम 4 बजे बड़े मंदिर से शुरू होकर पुनः बड़े मंदिर पहुंची। यात्रा में अनेक सामाजिक संस्थओं ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। भगवान महेश के भव्य चित्र की झांकी सजाई गई। काफी वर्षों से गंगापुर में समाज दो धड़ो में विभक्त था, परंतु प्रबुद्ध समाजजनों के सहयोग से महेश नवमी पर पूरा समाज एक हुआ। इसके चलते समाजजनों में उत्साह दोगुना हो गया।

**दानियों की कोटड़ी.** कोटड़ी में महेश नवमी कार्यक्रम के तहत युवा संगठन के सौजन्य से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। अध्यक्ष राजकुमार काबरा ने बताया कि 31 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। शिविर में राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष राजकुमार काल्या, ओमप्रकाश तोषनीवाल, जिलाध्यक्ष क्षितिज सोमानी, प्रदेश युवा अध्यक्ष सीपी नामधरानी, प्रदेश मंत्री जगदीश लड्ढा, जिला मंत्री नरेंद्र मंडोवरा, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष लोकेश आगाल, भीलवाड़ा जिला माहेश्वरी सभा उपाध्यक्ष मुरलीधर काबरा आदि मौजूद थे। सूरत से आए पुनीत काबरा ने अपनी पत्नी के साथ रक्तदान किया।

**मांडलगढ़.** महेश नवमी महोत्सव के तहत तहसील माहेश्वरी सभा मांडलगढ़ ने रक्तदान शिविर लगाया। युवा संगठन अध्यक्ष विनोद सोनी ने बताया शिविर में 78 यूनिट रक्त का संग्रहण किया गया।

**मांडलगढ़.** तहसील स्तरीय कार्यक्रम के तहत महेश नवमी मनी। शोभायात्रा बावड़ी से शुरू होकर मुख्य बाजार आदि होती हुई माहेश्वरी भवन पहुंची। यहां सभा हुई। शोभायात्रा का विभिन्न सामाजिक संगठनों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। ड्रोन कैमरे से भी पुष्पवर्षा की गई। श्री महेश सेवा समिति मांडलगढ़के नवनिर्मित महेश भवन का लोकार्पण भी किया गया। मुख्य अतिथि रामपाल सोनी पूर्व सभापति अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा, लोकार्पणकर्ता सुभाषचंद्र बहेड़िया सांसद भीलवाड़ा, राजकुमार काल्या राष्ट्रीय युवा संगठन अध्यक्ष थे। अध्यक्षता आरएल नौलखा पूर्व उपसभापति पश्चिमांचल ने की। अति विशिष्ट अतिथि देवकरण गग्गर उपसभापति थे। विशेष अतिथियों में कैलाशचंद्र कोठारी प्रदेश अध्यक्ष, राधेश्याम सोमानी पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, सीपी नामधारणी प्रदेश युवा अध्यक्ष एवं अजय काबरा राष्ट्रीय संगठन मंत्री थे। इस अवसर पर क्षेत्र के कई राजनेता भी मौजूद थे। नगर अध्यक्ष मानसिंग मूंदड़ा ने सभी का स्वागत करते हुए नवनिर्मित महेश भवन के बारे में विस्तार से बताया। तहसील अध्यक्ष गोवर्धनलाल झंवर ने सभी का आभार प्रकट किया। अंत में स्नेह महाभोज का आयोजन हुआ।

## स्वास्थ्य शिविर में दी लकवा व हृदय रोग से बचाव की जानकारी

जायंड्स हॉस्पीटल के न्यूरो फिजिलशियन डॉ. अरविंद शर्मा ने बताया कि 4.30 घंटे के अंदर लकवा रोगी को मेडिकल सहायता हिमल जाये तो उसे ठीक करना संभव है। डॉ. शर्मा ने एक्यूट स्ट्रेक मनेजमेंट पर अपना लेक्चर सी.एम.आई. में देते हुए बताया कि ब्रेन की नस में अटकाव धब्बा हो तो 12 सैंकड में ब्रेन की नसों को एन्जयोग्राफी कर रोगी के ठीक किया जा सकता है। इसी तरह नई टेकनिक से ब्रेन सोनोग्राफी कर ब्रेन की छोटी-छोटी बीमारियों की पहचान कर ईलाज करना संभव हो गया है। सी.एम.ई. में दूसरा लेक्चर वरिष्ठ कार्डियोलोजिस्ट डॉ. संदीप अग्रवाल ने सर्जिकल ओफशन ऑफ हार्ड फेलियर के टोपिक पर स्पीच देते हुए कहा 40 वर्ष से अधिक उम्र होने पर एक साल में सभी को ई.सी.जी. व टी.एम.टी. नियमित कराना चाहिए। साथ ही उन्होंने हृदय रोग नहीं हो इस हेतु 30 मिनिट का नियमित व्यायाम मोर्निंग वॉक खान पीन में जंक फुड को दूर रखना जैसी महत्वपूर्ण बातें बता कर रोगियों को जागरुक करने की कोशिश की। दोनों ही सूपर स्पेश्यलिस्ट इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के बेनर तले आयोजित सी.एम.ई. में व्याख्यान दे रहे थे।

## सांस्कृतिक संध्या ने मोहा मन

महेश नवमी की पूर्व संध्या पर 2 जून सायं 6 बजे से नगर परिषद टाउन हाल में सप्तरंगी सांस्कृतिक संध्या का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य प्रभारी एस.एन. गगड ने बताया कि राजस्थान के संपूर्ण रंग एवं रस से भरपूर एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देखकर सारे दर्शक मंत्रमुग्ध हो गये। अतिथियों के रूप में आर.एल. नौलखा, देवकरण गगड़, कैला कोठारी, ललिता समदानी आदि उपस्थित थे। इसमें समाज के पुरुष-महिला एवं बच्चों सहित 60 से ज्यादा कलाकारों ने हिस्सा लिया। श्री गगड ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रों से किया गया व अनुप माहेश्वरी द्वारा सुंदर शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुति की गई। प्रभारी रीणा डाड ने बताया कि सप्तरंग एवं रसों से ओत-प्रोत कार्यक्रम में केसरिया बालम, पधारो म्हारा देश, धरती धोरारी, घुमेरदार लहगों, पणिहारी बादूसारा बीरा, लडली लुमा, झूमा, बादार बगड़ी, हिवडे से दूर मत जाय आदि की प्रस्तुति दी। भैरूजी की लुरा गीतों की प्रस्तुति बगडावत राग में एस.एन. गगड द्वारा गाते ही पूरा पाण्डाल भक्ति एवं लोक कला में सरोकार हो गया। चंग एवं होली नृत्य प्रस्तुत किये गये। गायिक सुरभि समदानी की मीरा भजन की प्रस्तुति के साथ नगर की प्रसिद्ध कत्थक नृत्यांगना रमा पचीसिया ने प्रस्तुति दी। इस अवसर पर 62 प्रतिभाओं को पारीतोषिक देकर सम्मानित किया गया।



# शुभकामना संदेश

## समाज में एकरूपता लानी चाहिए



महेश नवमी के पावन पर्व पर भारत वर्ष के समाजजनों को हार्दिक शुभकामनाएं। महेश नवमी, भगवान शिवर के प्रतिरूप में मनायी जाती है एवं जिस प्रकार भगवान शिव ने विश्व कल्याण के लिए हलाहल विष पीकर भी विश्व को स्नेह, सदभाव व शान्ति से रहने की राह दिखायी वैसे ही समाज के कर्णधारों को मिलकर समाज के दुर्बल वर्ग के उत्थान के लिए निरन्तर प्रयास कर समाज में एकरूपता लानी चाहिए। महेश नवमी हमारे लिए अनंत मंगलकारी हो। **आर.एल. नौलखा**

पूर्व उपसभापति पश्चिमांचल,अ.भा. माहेश्वरी महासभा

## एकता में ही शक्ति



महेश नवमी पर्व की सभी को शुभकामनाएँ देते हुए कामना करता हूँ कि यह समाज में नवीन सामंजस्य व एकता का सूत्रपात करे। वर्तमान दौर प्रजातांत्रिक दौर है, जिसमें बहुमत ही शक्ति है। माहेश्वरी समाज वर्तमान में वैसे ही अल्पसंख्यक है, ऐसे में यदि हम आपसी एकता को बनाए नहीं रख पाये तो हम अपनी पहचान ही खो देंगे। अतः आइये इस पावन पर्व पर सामंजस्य व एकता का संकल्प लें।

**सुभाषचंद्र बहेड़िया**, सांसद भीलवाड़ा

## शिवमय बनाएँ अपना मन



यह पर्व सभी के लिये मंगलमय हो, ऐसी भगवान महेश से कामना करता हूँ। इस पावन पर्व पर अपने आराध्य भगवान महेश के आदर्शों को अंगीकार करना ही हमारा परम लक्ष्य होना चाहिए। भगवान महेश ने जगत अर्थात स्वजनों के हित के लिये हलाहल पान करके भी सभी को अमृत दिया था। ठीक यही भावना हमें भी समाज में रखना है। हर बुराई को समाज से दूर रखकर हमें सभी के बीच स्नेह व अपनत्व के अमृत को ही सींचता है। तभी इस पर्व को मनाने की सार्थकता होगी।

**कैलाशचंद्र कोठारी**, प्रदेशाध्यक्ष, दक्षिणी राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी सभा

## हम सब साथ-साथ



महेश नवमी पर्व की बधाई देते हुए भीलवाड़ा में हुए सफल आयोजन के लिए भी सम्पूर्ण समाज को बधाई देती हूँ। इस बार यहाँ जो भव्य आयोजन हुआ इसने समाज की शक्ति व एकता को अत्यंत सकारात्मक प्रकट किया। इसका पूरा शहर प्रत्यदर्शी बना और इतना ही नहीं इस स्थिति को देखकर हर कोई माहेश्वरी समाज की प्रशंसा किये बिना भी न रह पाया। वास्तव में यह अविस्मरणीय आयोजन था। इसी प्रकार का सामंजस्य सदैव बना रहे, यही भगवान महेश से कामना करती हूँ।

**ललिता समदानी**, सभापति नगर परिषद भीलवाड़ा

## गर्व से कहें हम माहेश्वरी हैं



समाज के उत्पत्ति पर्व की सभी समाजजनों को शुभकामनाएँ। यह पावन पर्व वास्तव में आत्मचिंतन का पर्वहै। इस पर्व पर आत्मचिंतन से अपने आपको व अपनी संस्कृति को जानें। इससे निश्चय ही आपको गर्व होगा और आप गर्व से कहेंगे "हम हैं माहेश्वरी"।

**ममता मोदानी**

उपसभापति - अ.भा. माहेश्वरी महिला संगठन

## सुधार की करें अपने से शुरुआत

महेश नवमी पर्व की शुभकामनाएँ देते हुए मैं इस पावन पर्व पर भगवान महेश की तरह अपने समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर करने की अपील करता हूँ। याद रखें समाज सुधार सिर्फ बातों से नहीं होता। उसकी शुरुआत करनी पड़ती है। हमें इसकी शुरुआत अपने आपसे और अपने घर से करनी होगी। जब हम ऐसा करेंगे तो पूरे समाज में परिवर्तन होने में समय ही नहीं लगेगा।

**दीनदयाल मारू**

कार्यवाहक जिलाध्यक्ष-भीलवाड़ा जिला माहेश्वरी सभा

## सद्भाव का विकास हो



महेश नवमी पर्व की शुभकामनाएँ देते हुए समाज में सद्भाव व समन्वय की भगवान महेश से कामना करता हूँ। यह महेश नवमी पर्व इसी मामले में वर्तमान में मिसाल बना है। कोई भी सफलता बिना एकता के संभव नहीं और इस पावन पर्व ने यह सिद्ध कर दिखाया है।

**नवनीतलाल मंत्री,**

अध्यक्ष राजसमंद जिला माहेश्वरी सभा

## अहिंसा की ज्योत जलाते चलें



महेश नवमी पर्व की शुभकामनाएँ देते हुए सभी से उत्पत्ति की पौराणिक कथा का स्मरण करने की अपील करता हूँ। इस वृत्तांत के अनुसार भगवान महेश ने हमारे हाथों से शस्त्र लेकर हमें कलम व तराजू सौंपकर वैश्य धर्म प्रदान किया था। इसका अर्थ है, हमें हिंसक से अहिंसक बनाया था। अहिंसा ही परम मानवता है, और हम वहीं हैं। इस पावन पर्व पर हम समस्त मूक प्राणियों की जीवन रक्षा का भी संकल्प लेकर इस पुनीत पर्व के उद्देश्य को साकार करें।

**बाबूलाल जाजू**, सम्पादकीय सलाहकार श्री माहेश्वरी टाईम्स



## सामंजस्य ही हमारी संस्कृति

समाज के उत्पत्ति पर्व की शुभकामनाएँ देते हुए इस पावन पर्व से प्रेरणा लेने की सभी से अपील करता हूँ। यह पर्व आपसी सामंजस्य व स्नेह की प्रेरणा देता है। भगवान महेश के यहाँ मूषक, सिंह, बैल, सर्प, मयूर आदि सभी हैं। फिर भी सामंजस्य है। यही भावना हमारे संस्कारों में निहित है और इसी के कारण हम उन्नति के पथ पर अग्रसर हैं। तो आईये इस पावन पर्व पर शपथ लें कि अपने हर निजी स्वार्थ को परे रखकर हम परिवार भावना को समाज में महत्व देंगे।

**राधेश्याम चिचानी**, अध्यक्ष - श्री महेश सेवा समिति, भीलवाड़ा



## अपनों से ही है हर खुशी

अपनों से ही हर खुशी होती है और उनके बिना सबकुछ अधूरा है। इसी को तो महेश नवमी पर्व ने भीलवाड़ा में व्यक्त किया है। सभी के साथ ने यहाँ आयोजित कार्यक्रम को इतना गरिमामय बना दिया कि मीडिया और हर भीलवाड़ा वासी भी माहेश्वरी समाज से प्रभावित हुए बिना नहीं रहा। मैं इस पावन पर्व की सभी को शुभकामनाएँ देते हुए सभी के साथ से उपजी इस खुशी को इसी तरह कायम रखने की, अपील करता हूँ।

**कन्हैयालाल खटौड़**

अध्यक्ष -भीलवाड़ा ग्रामीण सहयोग संस्थान



## प्रतिभा का प्रदर्शन जरूरी

महेश नवमी पर्व की सभी स्वजनों को बधाई देते हुए इस पावन पर्व पर समाज के मंच पर प्रस्तुति देने वाली सभी प्रतिभाओं का भी अभिनंदन करता हूँ। हमारा समाज प्रतिभा सम्पन्न समाज है और शायद यह भगवान महेश की विशेष अनुकंपा है। यदि हम समाज को सफलता के शिखर पर देखना चाहते हैं, तो समाज की इन प्रतिभाओं को प्रदर्शित होने व निखरने का अवसर देना भी हमारा कर्तव्य है। इस आयोजन में हुआ यह प्रयास अत्यंत सराहनीय है।

**प्रहलाद नवाल**, अध्यक्ष संजय कॉलोनी, माहेश्वरी समाज संस्थान



## हमारा समाज है मिसाल

इतिहास गवाह है कि अपनी करनी और कथनी दोनों से हमारा समाज सभी के लिये मिसाल था और आज भी है। इस बात को भीलवाड़ा माहेश्वरी समाज ने अपनी एकता, परस्पर अपनत्व व भाईचारे से सिद्ध कर दिखाया। जो भव्य कार्यक्रम भीलवाड़ा में सम्पन्न हुआ, वह अत्यंत दुष्कर कार्य था, लेकिन समाज के इन्हीं आदर्शों ने इसे आसान बना दिया। मैं समस्त समाजजनों का अभिवादन करते हुए सभी स्वजनों को महेश नवमी पर्व की शुभकामनाएँ देता हूँ।

**अंकित बांगड़**, जिलाध्यक्ष हिन्दू जागरण मंच भीलवाड़ा



## सभी का साथ ही हमारी शक्ति

महेश नवमी के इस पावन पर्व की सभी को शुभकामनाएँ देते हुए अत्यंत हर्षित हो रहा हूँ। हर्ष का कारण भीलवाड़ा माहेश्वरी समाज की आपसी एकता है। इस एकता का जो दृश्य महेश नवमी पर्व के दौरान दिखाई दिया, उसने मन को प्रसन्न कर दिया। इस पर्व पर हमें भविष्य में भी अपनी इस एकता को इसी तरह बनाये रखने की शपथ लेना चाहिये, जिससे अन्य संगठनों के लिये हम प्रेरणा बन सकें।

**नारायण लड्ढा** - अध्यक्ष

आर.के. एवं आर.सी. व्यास नगर माहेश्वरी सेवा संस्थान



## अपने संस्कारों को नमन

महेश नमवी पर्व वास्तव में अपने आदर्श संस्कारों का पुनर्स्मरण व उन्हें नमन ही है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में तो इसका औचित्य और भी अधिक बढ़गया है, क्योंकि इसी से तो हमारी भावी पीढ़ी अपने आप को पहचानेगी और गर्व करेगी। अंत में मैं इस पावन पर्व की सभी को शुभकामना देते हुए इस पावन पर्व को आगामी वर्ष और भी अधिक उत्साह से मनाने की अपील करता हूँ।

**अशोक बाहेती**

कार्यकारी मण्डल सदस्य- अ.भा. माहेश्वरी महासभा



## मंगलमय हो यह महेश नवमी

महेश नवमी पर्व की सभी को शुभकामनाएँ देते हुए भगवान महेश से कामना करता हूँ कि यह पर्व पूरे समाज के लिये मंगलमय सिद्ध हो। इस पावन पर्व के आदर्शों को अपनाते हुए अनावश्यक दिखावे व अपव्यय से दूर रहने की शपथ लेनी चाहिए। यदि मात्र यह अपव्यय होने वाला धन ही समाजहित में लगे तो कितना विकास हो सकता है, इसकी कल्पना नहीं की जा सकती।

**दिनेश काबरा,**

अध्यक्ष श्री महेश बचत एवं साख समिति भीलवाड़ा



## समाज का गौरव

महेश नवमी के पावन पर्व पर सभी समाजजनों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं समाज के सभी समाजजनों से विनम्र निवेदन कि समाज की प्रगति एवं एकता के लिए सदैव कार्य करते रहे एवं आने वाले समय में समाज की एकता के लिए सभी समाजजन कंधे से कंधा मिलकर चले यही भगवान महेश से शुभकामनाएं है। जय महेश

**जगदीश जैथलिया**

अध्यक्ष - माहेश्वरी सहयोग संस्थान



## युवा शक्ति ही भावी शक्ति

युवा वर्ग ही समाज का भी भविष्य है। अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि भीलवाड़ा का युवा वर्ग सम्पूर्ण समाज के साथ है। जिस तरह यहाँ युवाओं ने महेश नवमी पर्व की जिम्मेदारी सम्भाली और विभिन्न कार्यक्रमों में भागीदारी की वह शुभ संकेत हैं। मैं महेश नवमी पर्व की शुभकामनाएँ देते हुए समस्त युवाओं से अपील करता हूँ कि अपने आपको पहचानें और अपने माहेश्वरी होने पर गर्व करें।

**मुकेश काबरा,**
अध्यक्ष- पुराना शहर माहेश्वरी युवा संगठन



## अपनत्व भरा पर्व

पर्वों का औचित्य ही परस्पर स्नेह की वृद्धि है। महेश नवमी पर्व भी यही संदेश देता है। हमें अत्यंत हर्ष है कि भीलवाड़ा में हुए भव्य व सफल आयोजन ने इसी उद्देश्य की प्रतिपूर्ति की है। सभी को इस पावन पर्व की शुभकामना देते हुए भावी पीढ़ी को भी इसका महत्व समझाने की सभी स्वजनों अपील करता हूँ।

**रामप्रकाश काबरा**
अध्यक्ष - श्री आजाद नगर माहेश्वरी सेवा समिति, भीलवाड़ा


।। जय महेश ।।

With Best Compliments From

A Product of

GOODWILL
&
SWASTIKA

SUITINGS & SHIRTING

SONA TEXTILES PVT. LTD.

Sales Office

Swastika Chambers Ganesh Mandir Road, Gandhi Nagar, Bhilwara (Raj.)-311001

Works

Village-Badesara Thehsil Shahpura, distt. Bhilwara (Raj.)
Tel. : (O) 01482-246301, 246302, 247021, 247022, Fax : 01482-247023
Shahpura : Tel (F) : 01482-222271] 222084
Bhilwara (Unit II) : Tel (F) : 01482-260828, (Unit III) : Tel (F) : 01482-260368, 260080
E-mail : goodwill1@bsnlnet.in



क्रिकेट को आमतौर पर पुरुषों का खेल माना जाता रहा है। लेकिन आपको यह जानकार आश्चर्य होगा कि वुमन्स क्रिकेट के क्षेत्र में विश्व में भारत की जो पहचान बनी हुई है, वह माहेश्वरी नारी हैं, स्मृति मानधना। उनका बल्ला भी उसी जोश-खरोश के साथ चलता है, जिस जोश से हमारे पूर्वज शस्त्र चलाते थे।

## क्रिकेट जगत की शाईनिंग स्टार

# स्मृति मानधना

▶▶ हेमेन्द्र सोनी, लातुर

पता ही नहीं चला कब लड़कियों ने बेलन की तरह बल्ले को भी सहजता से थाम लिया। लड़कियों के लिये चाहरदीवारी और सीमाएँ तय करने वाला समाज अचानक महिला क्रिकेट में रुचि लेने लगा। डायना एडुलजी और शांता रंगस्वामी से लेकर मिताली राज और झूलन गोस्वामी तक के नाम लोगों की जुबान पर चढ़गए। इन्हीं नामों के बीच पूर्ण शालीनता से उभरा एक नाम... है, स्मृति मानधना। सांगली दक्षिण पश्चिम महाराष्ट्र का छोटा सा जिला है, कर्नाटक की सीमा को छूता हुआ। पहले लोग सांगली को जानते थे दत्तात्रेय भगवान के श्री क्षेत्र औडुम्बर स्थित मंदिर के कारण। अब एक कारण और जुड़ गया है और वह है स्मृति मानधना का निवास नगर। स्मृति वर्तमान में बी.कॉम की छात्रा हैं।

### देश के लिए बनीं शान

स्मृति टी-20 और एक दिवसीय मैचों की बैटिंग की शुरुआत करती हैं, तो कुछ उसी अंदाज में जैसे सहवाग, सचिन और सौरभ करते थे। क्रिकेट के इस छोटे फॉर्मेट में पहली गेंद से ही नजरें जमानी होती है और बल्ला चलाना होता है। समाचार चैनलों ने अपनी आजादी लेते हुए उन्हें कभी मंधाना कहा तो कभी मांधाना पर माहेश्वरी समाज जल्दी ही अपनी इस विशेष टैलेंट रखने वाली बेटी को जान गया। पहले इंग्लैंड व बांग्लादेश, फिर ऑस्ट्रेलिया का दौरा, बाद में श्रीलंका के विरुद्ध शृंखला, उसके बाद महिला विश्व कप। स्मृति दिन दूनी रात चौगुनी प्रगति करते हुए भारतीय महिला क्रिकेट टीम का एक आवश्यक और अभिन्न हिस्सा बन गई हैं। वर्तमान में वे टेस्ट, वनडे और टी-20 में भारत का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। महिला विश्व कप के लिए 15 मई 2017 को घोषित भारतीय टीम में स्मृति मानधना शामिल हैं। दुर्भाग्यवश उन्हें चोट के बाद वापसी करनी पड़ी।

### स्वयं का जुनून व पिता का साथ

वे, अंग्रेजी कहावत की भाषा में कहें तो, "क्रिकेट खाती-पीती और जीती हैं। जिस उम्र में अन्य बच्चे कार्टून देखते थे, वे क्रिकेट देखती थीं। स्मृति के पिता श्री निवासजी ने, जो स्वयं भी जिला स्तर तक क्रिकेट खेल चुके हैं, बेटी की क्रिकेट के प्रति दीवानगी को पहचाना। उसके बाद तो स्मृति घर पर नहीं होती तो सांगली के छत्रपति शिवाजी स्टेडियम या चिंतामनराव कॉलेज के मैदान में क्रिकेट खेलते मिल जाती। पिता का प्रोत्साहन व कुशल प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण ने उनकी प्रतिभा को इस तरह निखारा कि वे धीरे-धीरे क्रिकेट प्रेमियों की शान बनती चली गईं।

### आईसीसी वर्ल्ड कप में बनी जीत की शिल्पी

गत दिनों आयोजित आईसीसी वर्ल्ड कप टूर्नामेंट में आयोजित वुमन्स क्रिकेट मैच में स्मृति ने वह कर दिखाया जो हर क्रिकेट प्रेमी की 'स्मृति' में अंकित हो गया। गत दिनों आयोजित इंग्लैंड के खिलाफ मैच में स्मृति ओपनर के रूप में उतरी और मात्र 72 गेंद पर उन्होंने 90 रन बनाकर जीत की पृष्ठभूमि तैयार कर दी। उनके इस योगदान के लिये उन्हें 'मैन ऑफ द मैच' के खिताब से नवाजा गया।

## इस तरह चली शिखर यात्रा

खाना पकाने और ड्राइविंग की शौकीन स्मृति ने वर्ष 2007-08 में महाराष्ट्र अंडर 15 में खेलना शुरू किया तो फिर वे रुकी नहीं। वर्ष 2012 में बड़ौदा में अंडर 19 क्रिकेट मैच में स्मृति ने केवल 151 गेंदों पर गुजरात के खिलाफ 224 रन बनाए। इसी की बदौलत 2014 के इंग्लैंड दौरे के लिये स्मृति का चयन भारतीय टीम में हुआ। आस्ट्रेलिया के दौरे में श्रृंखला विजय की शिल्पकार स्मृति ही थीं। बीसीसीआई और एमसीए ने स्मृति को ''वूमन क्रिकेटर ऑफ द ईयर'' से सम्मानित किया। वर्तमान में स्मृति भारतीय क्रिकेट टीम की हर प्रकार के मैच की प्रमुख खिलाड़ी हैं। इतना ही नहीं उनकी पहचान वुमन्स क्रिकेट में वैसी ही सफलता की शिल्पी के रूप में है, जैसी मेन्स टीम में सचिन, गावस्कर, कपिल देव, धोनी आदि की रही है।

## कोई भी परिस्थिति बाधा न बन पाई

''मेरी स्पर्धा सिर्फ मुझ से है, मुझे किसी और को नहीं स्वतः को ही सिद्ध करना होता है। मैं हर नए दिन पिछले दिन से अच्छा करना और खेलना चाहती हूँ।'' यह कहती हुए उनकी आँखों में एक जुनून दिखाई देता है। स्मृति ने कभी शिकायत नहीं कि सांगली छोटी जगह है। यहाँ बड़े शहरों जैसी सुविधाएँ नहीं है, यहाँ यह नहीं है, वह नहीं है। वह पिच पर जाते ही बदल जाती हैं। जैसे अर्जुन को चिड़िया की आँख दिख रही थी, उसे गेंदबाजों के हाथों की जुम्बिश और गेंद भर दिखाई देती है। उनका कहना है कि मेरी माता (स्मृति) और पिता (श्रीनिवास) व भाई श्रवण (श्रवण भी जिलास्तर पर खेलते हैं) सदा मेरा हौसला बढ़ाते रहे। जब मैं 9 वर्ष की थी तो बिना किसी नानुकूर के उन्होंने जम्मू में क्रिकेट खेलने जाने दिया था। वे अपना जीवन सूत्र बतलाती हैं। ''सपने देखिये और उन्हें पूरा करने में जुट जाइये- असंभव कुछ भी नहीं है। बस जिद होनी चाहिये, जीतने का विश्वास और लगन होनी चाहिये।'






All about vastu
Total Solution in Vastu

The Symbol of Trust, Efficiency & Integrity

।।ॐ।।
हरी ॐ तत सत्। तत् किम।।

K.C.R. Toshniwal
Master-Five Elements & Senses

29 Years of Repute
Since 1989
vaidehi
vastu-shilp consultancy

1101,2,3 Capri Heights, Sundervan, Vastu Prestige Lane,
Near Citi Mall, Off New Link Road,
Andheri (W), Mumbai-400053 India

Ph.: ++91 22 26334113 (Mon. to Sat. 10 AM to 6 PM)
Personal No.: 09869467489, 09223268177
Email : vaidehivastu@gmail.com



**प्रतिभा को कोई बाधा नहीं रोक सकता। वह तो एक रोशनी की तरह है जो अंधकार को चीरकर भी प्रकट हुए बिना नहीं रहती। इसी का उदाहरण हैं, नासिक निवासी छात्र वेदांत मूंदड़ा, जिन्होंने नेत्र ज्योति न होते हुए भी 12वीं की परीक्षा में 90.31 प्रतिशत अंक हासिल किये हैं।**

## बिना नेत्रों के सफलता का ध्वज

# वेदांत मूंदड़ा

▶▶ SMT टीम

नेत्र ज्योति के बिना सम्पूर्ण जीवन ही अंधकारमय हो जाता है। जीवन की सारी खुशियाँ इसी चीरस्थायी अंधकार में खोकर रह जाती हैं। लेकिन यदि मन में उत्साह व आत्मविश्वास है, तो इस अंधत्व के अंधकार को भी परास्त किया जा सकता है। नासिक के छात्र वेदांत मूंदड़ा के सामने भी यही चुनौती थी, लेकिन उनके हौसले के आगे हर चुनौती बौनी साबित हो गई। वेदांत आँखों से देख नहीं सकते लेकिन गत दिनों घोषित 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में उन्होंने 90.31 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने शिक्षा संस्थान केटीएचएम कॉलेज में दिव्यांग छात्र-छात्राओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया। पूरे कॉलेज में उनका सामान्य छात्रों में भी प्रतिष्ठापूर्ण स्थान है। कॉमर्स संकाय के अंतर्गत वेदांत ने अर्थशास्त्र में सर्वाधिक 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। इस परीक्षा में उन्होंने सभी विषयों में विशेष योग्यता प्राप्त की है। उल्लेखनीय है कि वेदांत ने कक्षा 10वीं की परीक्षा में पूरे राज्य के दिव्यांग विद्यार्थियों में सर्वाधिक अंक प्राप्त किये थे।

### बचपन से नहीं है नेत्रहीन

दैनिक समाचार पत्र लोकमत के नासिक विज्ञापन विभाग प्रबंधक उमेश मूंदड़ा के सुपुत्र हैं, वेदांत। वेदांत बचपन से नेत्रहीन नहीं थे, लेकिन नेत्र ज्योति क्या होती है, इसका उन्हें एहसास ही नहीं है। जब वे मात्र डेढ़वर्ष के थे, तभी किसी बीमारी के कारण उनकी नेत्र ज्योति चली गई थी। माता-पिता ने काफी ईलाज करवाया इसके बावजूद कोई लाभ नहीं हुआ। आखिरकार परिवार ने इसे नियति का निर्णय मानकर स्वीकार कर ही लिया।

### चहुंमुखी प्रतिभा सम्पन्न

वेदांत ने नेत्र दृष्टि की कमी को अपनी प्रतिभा से पूरी करने का जैसे संकल्प ही ले लिया है। पढ़ाई के क्षेत्र में तो वे अव्वल हैं ही और भविष्य में सीए बनने का सपना संजोये हैं। इसके साथ ही उनकी प्रतिभा यहीं तक सीमित नहीं रही। संगीत, कला और खेलकूद लगभग किसी भी क्षेत्र में वे अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने में पीछे नहीं हैं।


महेश नवमी की हार्दिक शुभकामनाएं

लातुर अर्बन को-ऑप. बँक लि., लातूर

लातूर अर्बन को-ऑप.बँक लि.लातूर

मुख्यालय – स्व.रामगोपालजी राठी व्यापारी संकुल, शिवाजी नगर, लातूर

फोन – (02382) 259502 / 03 / 04 फॅक्स – 255235

Web Site : www.laturbank.co.in Email : info@laturbank.co.in **IFSC Code - IBKL0497LUC**

पैशावर विश्वास ठेवण्यापेक्षा... विश्वासावर पैसे ठेवा...

बँकेची आर्थिक स्थिती (30.03.2017 अखेर) (आकडे रु. लाखात)

ठेवी – 38351.62 कर्जे – 25219.93 भागभांडवल – 1413.13 निव्वल नफा – 306.87

बँकेची भविष्यातील वाटचाल होम बैंकीग/इंटरनेट बैंकीग कार्यक्षेत्र सम्पूर्ण महाराष्ट्र



श्री. प्रदीपकुमार रामगोपालजी राठी

अध्यक्ष

श्री आदिनाथ बसवंतराव सांगवे – उपाध्यक्ष

संचालक मंडल – श्री रामबिलासस पांडुरंग लोया, श्री विठ्ठलराव व्यंकटराव चित्ते, श्री सुरेन्द्र अनंतराय पाठक, श्री भिमाशंकर जगदेव देवणीकर, श्री शरणप्पा सिद्धमल स्वामी, (कलेमल), श्री महमद ईस्माइल शेख, श्री विकास मारोती धोत्रे, श्री प्रदीप रघुनाथराव बेद्रे, श्री जुगलकिशोर पांडुरंग झंवर, श्री दिलीप रावसाहेब माने, श्री प्रेमचंद रंगलाल बियाणी, श्री व्यंकटराव मुकुंदराव गर्जे, सौ. शुभदा विवेक रेड्डी, श्रीमती रत्नमाला निवृत्ती अंभोरे, सीए कविता अमिताव चक्रबोर्ती, सीए दिपक शामसुंदरजी मालीवाल, सीए चंद्रप्रकाश नंदलालजी भन्साळी, सीए सचिन श्रीनिवासजी भट्टड

मुख्य कार्यकारी अधिकारी- श्री घोलबा के.एस. सरव्यवस्थापक - श्री खटोड एस.एच.

*With best Compliments from*

SR Group

**SHREE RAM LIME PRODUCTS PVT LTD**
**SHUBHAM MINERALS & CHEMICALS**
**SHREE RAM CARGO PVT LTD**
**SRC CHEMICALS PVT LTD**
**LAKHOTIA ASSOCIATES**
**SHREE RECYCLERS**

**MFG.OF**
- Mining
- Fluorspar
- Ferro alloys
- Quick lime / Dolomite

**TRADING**
- Steel
- Graphite
- Sponge iron
- Anthracite Coal

**SERVICES**
- Finance
- E waste
- Ball bearing
- Logistic & Warehouse

**Offices: DAUSA, DELHI, HOSPET, JAIPUR, JODHPUR, PUNE, & VIZAG**

**CORP OFFICE :**
Archies Court, Shankar Seth Road, PUNE 411042 (Mh)
P: +91 20 26434078-82 E: pune @shreeram.net
Web: www.shreeram.net Web: www.logisticsjunction.com

Net Protector
NPAV
**Total** Security

**PC, Laptop**
**Tablet, Mobile**
सुरक्षा

PC Kaa Doctor
Net Protector
AntiVirus

WEST COAST LABS CHECKMARK
Internationally
Tested & Certified
ISO 9001:2008

WhatsApp
92.72.70.70.50
98.22.88.25.66

**Computerised Horoscope**

**Most Advanced Mathematical Software in India**

**Windows**
based Software

- Accurate Calculations
- Accurate Charts
- Full Screen VIEW Facility
- Use any printer - Dot Matrix or Inkjet or Laser.

Call: 922.566.48.17
98.22.88.25.66

**Choice of 6 Languages**
English
Marathi
Hindi
Gujarati
Kannada
Telugu

**Kundali 2018**

www.kundalisoftware.com

# बीसीएएस के प्रथम राजस्थानी अध्यक्ष बने नारायण पसारी

स्व. सीए श्री रामगोपाल पसारी के सुपुत्र एवं सीए ओमप्रकाश पसारी के अनुज, सीए नारायण पसारी बॉम्बे चार्टर्ड अकाउंटेंटस सोसायटी मुंबई से पिछले दो दशकों से संबद्ध हैं। हाल ही में, सीए नारायण पसारी इस संस्था के 69वें अध्यक्ष निर्विरोध रूप से वर्ष 2017-18 के लिए चुने गये। पसारी 8 जुलाई को इस संस्था के अध्यक्ष के रूप में कार्यभार ग्रहण करेंगे। इसी संस्था के बीसीएएस फाउंडेशन के आप ट्रस्टी भी हैं। उल्लेखनीय है कि श्री पसारी पहले राजस्थानी व्यक्ति हैं, जिन्हें इस संस्था के 1949 में गठन के बाद अध्यक्ष चुना गया है।

## राजस्थान की मिट्टी के सपूत

श्री पसारी का जन्म राजस्थान के ग्राम डोडवाना (जिला नागौर) के मूल निवासी परिवार में सीए श्री रामगोपाल पसारी के यहाँ हुआ था। बचपन से ही श्री पसारी मुंबई में ही निवासरत थे। श्री पसारी मुंबई विवि से वाणिज्य स्नातक रहे हैं। वे प्रसिद्ध कॉलेज नरसी मौंजी कॉलेज के पूर्व छात्र हैं। उनकी प्रारंभिक शिक्षा मुंबई के ख्याति प्राप्त विद्यालय सेंट जैवियर्स हाईस्कूल से हुई है। श्री पसारी अपने स्कूल एवं कॉलेज, दोनों के पूर्व छात्र संगठनों के संस्थापक ट्रस्टी व निदेशक हैं। आप इन विद्या मंदिरों को किसी न किसी रूप में सहायता प्रदान करने हेतु हमेशा तत्पर रहते हैं। श्री पसारी ने वर्ष 1986 में सीए की परीक्षा उत्तीर्ण की। पिछले 30 वर्षों का उनका व्यावहारिक अनुभव एवं ज्ञान प्रशंसनीय है। इस दौरान उन्होंने कई कंपनियों को अनेक प्रकार की समस्याओं से उबरने हेतु मार्गदर्शन दिया। पूर्व में श्री पसारी को सीए इंस्टिट्यूट की पश्चिम इकाई द्वारा इसके संपादक मंडल में नामित किया गया था। आप इस इकाई द्वारा प्रकाशित डब्ल्यूआईआरसी संदर्भ पुस्तिका में भी निरंतर रूप से सामग्री उपलब्ध करवाते रहे हैं। सीए इंस्टिट्यूट द्वारा उन्हें सहकर्मी समीक्षक नामित किया गया है। सीए इंस्टिट्यूट के वित्तीय समीक्षा सूचना मंडल के सम्मानित सदस्य भी हैं।

## अत्यंत प्रतिष्ठित संस्था है बीसीएएस

बॉम्बे चार्टर्ड अकाउंटेंट्स सोसायटी की स्थापना सन् 1949 में हुई एवं वर्तमान में इस संस्था के पूरे देश में 9 हजार से भी ज्यादा सदस्य हैं। विदित हो कि सिर्फ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ही इस संस्था के सदस्य बन सकते हैं। यह संस्था विभिन्न सरकारी एवं संवैधानिक अधिकारियों एवं सरकार के समक्ष विभिन्न कानूनी पहलुओं एवं संविद प्रक्रिया को सरल एवं सुगम बनाने के उद्देश्य में समय-समय पर प्रतिवेदन प्रस्तुत करती है। यह संस्था एक पेशेवर मासिक पत्रिका बीसीएएस जनरल का प्रकाशन करती है जो कि 12 हजार से अधिक व्यक्तियों, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स एवं अन्य पेशेवरों द्वारा पढ़ी जाती है। यह संस्था अकाउंटिंग (लेखाकर्म), अंकेक्षण, वित्त, प्रत्यक्ष करों, अंतरराष्ट्रीय करों, एवं कपटपूर्ण व्यवहारों की पहचान जैसे विभिन्न विषयों पर निरंतर रूप से शिक्षण प्रशिक्षण हेतु विभिन्न प्रकार के शैक्षणिक कार्यक्रमों एवं कार्यशालाओं का आयोजन भी करती है।

## देश/समाज सेवा में भी संस्था सक्रिय

संस्था के विभिन्न शैक्षणिक प्रकाशनों को विभिन्न वर्गों द्वारा उचित प्रतिसाद मिला है। यह संस्था सामाजिक महत्व के भी कई कार्य कर रही है। जिसमें, लेखाकर्म एवं अंकेक्षण कार्यशाला, धर्मादा ट्रस्ट कार्यशाला, सूचना का अधिकार कार्यशाला एवं वस्तु एवं सेवा कर कार्यशाला प्रमुख हैं। इस संस्था द्वारा प्रायोजित फाउंडेशन एक पंजीकृत ट्रस्ट है। संस्था द्वारा इस ट्रस्ट का गठन विभिन्न प्रकार के सहायता कार्यक्रमों के उचित प्रकार से संचालन हेतु किया गया था। ट्रस्ट द्वारा संग्रहित राशि विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं जैसे कि गुजरात में भूकंप, उत्तराखंड में बाढ़ से तबाही, तमिलनाडु में भारी वर्षा एवं महाराष्ट्र में सूखे की स्थितियों से उबरने के लिए पीड़ित जनसमुदाय के सहायतार्थ खर्च की गई है।



**राजस्थान की धरा ने देश को कई सीए दिये हैं, जो देश की अर्थव्यवस्था में अपना योगदान दे रहे हैं। इसके बावजूद वर्ष 1949 में गठित बॉम्बे चार्टर्ड अकाउंटेंट्स सोसायटी (बीसीएएस) के नेतृत्व का सौभाग्य किसी राजस्थानी को नहीं मिला था। बीसीएएस के प्रथम राजस्थानी अध्यक्ष चुने जाने का गौरव हाल ही में प्राप्त किया है, डोडवाना जिला नागौर के मूल निवासी नारायण पसारी ने।**

महेश नवमी के पावन पर्व की समस्त माहेश्वरी बन्धुओं को
हार्दिक शुभकामनाएं

विनोद कुमार खटौड़

पूर्व प्रदेश अध्यक्ष – झारखंड–बिहार प्रादेशिक माहेश्वरी सभा
कार्यसमिति सदस्य – अ.भा. माहेश्वरी महासभा

सी-43, कृष्णा अपार्टमेंट,बोरिंग रोड, पटना (बिहार)
मो-098350-25088



# राजयोग का कारण भी हैं केमद्रुम योग




केमद्रुम योग ज्योतिष में निर्मित एक महत्वपूर्ण योग है। वृहज्जातक में वराहमिहिर के अनुसार यह योग उस समय होता है, जब चंद्रमा के आगे व पीछे वाले भावों में ग्रह न हो अर्थात चंद्रमा से दूसरे और चंद्रमा से द्वादश भाव में कोई भी ग्रह नहीं हो। यह योग इतना अनिष्टकारी नहीं होता, जितना कि वर्तमान समय के ज्योतिषियों ने इसे बना दिया है। व्यक्ति को इससे भयभीत नहीं होना चाहिए। क्योंकि यह योग व्यक्ति को सदैव बुरे प्रभाव नहीं देता, अपितु वह व्यक्ति को जीवन में संघर्ष से जूझने की क्षमता एवं ताकत देता है। जिसे अपनाकर जातक अपना भाग्य निर्माण कर पाने में सक्षम हो सकता है और अपनी बाधाओं से उबर कर आने वाले समय का अभिनंदन कर सकता है। चंद्र को मन का कारक माना गया है। सामान्यतः यह देखने में आया है कि मन जब अकेला हो तो वह इधर-उधर की बातें अधिक सोचता है। ऐसे में सोच सकारात्मक होनी चाहिए। अच्छे कर्म में ध्यान लगाए तो ऐसे जातक अपने बलबूते पर कामयाब होते हैं। किसी के अधीन रहना उनके लिए अच्छा नहीं रहता, ऐसे जातक सृजनात्मक होते हैं, कलाकार होते हैं, कलात्मक होते हैं। कुछ बुराइयाँ से बचकर रहें, तो केमद्रुम योग से युक्त कुंडली के जातक कार्यक्षेत्र में सफलता के साथ-साथ यश और प्रतिष्ठा भी प्राप्त करते हैं।

**ज्योतिष के केमद्रुम योग को अत्यंत कष्टप्रद कहा गया है। ऐसा जातक घोर आर्थिक व पारिवारिक परेशानियों से जूझता है, लेकिन हकीकत में देखा जाए तो कई ऐसे लोग हैं, जिनकी जन्म कुंडली में केमद्रुम योग है, इसके बावजूद उन्होंने जीवन में शिखर की सफलता हासिल की। आईये देखें ऐसा क्यों?**

## योग भंग से राजयोग का कारक भी

यदि इसके सकारात्मक पक्ष का विस्तारपूर्वक विवेचन करें तो हम पाएंगे कि कुछ विशेष योगों की उपस्थिति से केमद्रुम योग भंग होकर राजयोग में परिवर्तित हो जाता है। इसलिए किसी जातक की कुंडली देखते समय केमद्रुम योग की उपस्थिति होने पर उसको भंग करने वाले योगों पर ध्यान देना भी आवश्यक है, तत्पश्चात ही फलकथन करना चाहिए। व्यवहार में ऐसा पाया गया है कि कुंडली में गजकेसरी, पंचमहापुरुष जैसे शुभ योगों की उपस्थिति होने पर केमद्रुम योग से युक्त कुंडली के जातक कार्यक्षेत्र में सफलता के साथ-साथ यश और प्रतिष्ठा भी प्राप्त करते हैं। ऐसे में क्या कहा जाये? क्या शास्त्रों में लिखी बातों को असत्य या निर्मूल कहकर केमद्रुम योग की परिभाषा पर प्रश्न चिह्न लगा दिया जाये? वस्तुतः सत्यता यह है कि केमद्रुम योग के बारे में बताने वाले अधिकांश विद्वान इसके नकारात्मक पक्ष पर ही अधिक प्रकाश डालते हैं। जो पूर्णतः असैद्धांतिक एवं अवैज्ञानिक है। कुछ विशेष योगों की उपस्थिति से केमद्रुम योग भंग होकर राजयोग में बदल जाता है।

## कैसे होता है केमद्रुम भंग

जब कुंडली में लग्न से केंद्र में चंद्रमा या कोई ग्रह हो तो केमद्रुम योग भंग माना जाता है। योग भंग होने पर केमद्रुम योग के अशुभ फल भी समाप्त होते हैं। कुंडली में बन रही कुछ अन्य स्थितियां भी इस योग को भंग करती हैं, जैसे चंद्रमा सभी ग्रहों से दृष्ट हो या चंद्रमा शुभ स्थान में हो या चंद्रमा शुभ ग्रहों से युक्त हो या पूर्ण चंद्रमा लग्न में हो या चंद्रमा दसवें भाव में उच्च का हो या केंद्र में चंद्रमा पूर्ण बली हो अथवा कुंडली में सुनफा, अनफा या दुरुधरा योग बन रहा हो, तो केमद्रुम योग भंग हो जाता है। यदि चंद्रमा से केंद्र में कोई ग्रह हो तब भी यह अशुभ योग भंग हो जाता है और व्यक्ति इस योग के प्रभावों से मुक्त हो जाता है। कुछ अन्य शास्त्रों के अनुसार यदि चंद्रमा के आगे-पीछे केंद्र और नवांश में भी इस प्रकार की ग्रह स्थिति बन रही हो तब भी यह योग भंग माना जाता है। केमद्रुम योग होने पर भी जब चंद्रमा शुभ ग्रह की राशि में हो तो भी भंग हो जाता है। इसके अलावा गुरु और चंद्र की दृष्टि एक साथ ही भाव पर पड़ी रही हो तो या त्रिकोण में सभी ग्रहों का होना जहां केंद्र में सभी ग्रह हो तब भी यह योग भंग हो जाता है।

## योग भंग से राजयोग

केमद्रुम योग जिसे एक अशुभ योग माना जाता है, यदि किसी प्रकार भंग हो जाता है, तो यह पूर्ण रूप से राजयोग में बदल जाता है। इसलिए किसी जातक की कुंडली देखते समय केमद्रुम योग की उपस्थिति होने पर उसे भंग करने वाले उपर्युक्त योगों पर निश्चय ही ध्यान देना चाहिए। उसके बाद ही फलकथन करना चाहिए। केमद्रुम योग को भंगकर राजयोग में परिवर्तित करने वाले उपर्युक्त योगों की सत्यता की पुष्टि महात्मा गांधी, नेल्सन मंडेला, जुल्फिकार अली भुट्टो, भैरवसिंह शेखावत, बिल गेट्स, देवानंद, राजकपूर, ऋषि कपूर, शत्रुघ्न सिन्हा, अमीषा पटेल, अजय देवगन, राहुल गांधी, शंकरदयाल शर्मा, ईजमाम उल हक, जवागल श्रीनाथ, पी. चिदंबरम, मेनका गांधी, वसुंधरा राजे, अर्जुनसिंह तथा अनुपम खेर आदि सुप्रसिद्ध जातकों की कुंडली में स्वतः कर सकते हैं।



# आयोजन की चुनौती का समाधान बनता इवेंट मैनेजमेंट

**कोई भी कार्यक्रम आयोजित करना है, "चुनौती" इसके विचार के साथ ही प्रारंभ हो जाती है। यहां करेंगे? कैसे करेंगे? कितना खर्च आऐगा? आदि-आदि। वास्तव में ये चुनौतियाँ छोटी नहीं होतीं। इनसे निपटते-निपटते आयोजक की तो खुशियाँ ही जिम्मेदारियों में दफन सी हो जाती हैं। इन्हीं चुनौतियों का समाधान बनकर उभर रहा है, इवेंट मैनेजमेंट। इसमें आयोजक कह सकता है, नो टेंशन।**

▶▶ सुरेश जाजू, संचालक Bask जयपुर

इवेंट मैनेजमेंट विभिन्न प्रकार के इवेंट्स के प्रबंधन की कला है। आमतौर पर इवेंट मैनेजर्स संगीत शो, अवॉर्ड नाइट्स, डीलर मीट्स, कॉर्पोरेट क्लायंट्स के लिए टीम बिल्डिंग इवैंट्स, वेडिंग्स और इंगेजमेंट्स, बर्थडे पार्टीज, अलमनाई मीट्स, स्कूलों और कॉलेज के ऐनुअल इवेंट्स लगभग हर सामुदायिक आयोजन आदि को मैनेज करते हैं। एक इवेंट मैनेजर किसी खास इवेंट को सफल बनाने के लिए हरसंभव प्रयास करता है। एक इवेंट मैनेजर क्लाइंट या कंपनी के बजट को ध्यान में रखकर प्रोग्राम का आयोजन करते हैं, होटल या हॉल बुक करने, साज-सज्जा, एंटरटेनमेंट, लंच-डिनर के लिए खास तरह के मेन्यू को तैयार करवाने, गेस्ट का स्वागत तक की व्यवस्था इवेंट मैनेजमेंट ग्रुप में शामिल लोगों को करनी होती है। सफल इवेंट मैनेजमेंट की विशेषता ही ग्राहक के बजट के अनुरूप श्रेष्ठ से श्रेष्ठ व्यवस्था प्रदान करना है। यही विशेषज्ञता उन्हें इस क्षेत्र में सफलता प्रदान करती है। इसके साथ ही यही विशेषता उन्हें लाभ में भी पहुंचाती है। कोई भी आयोजन ग्राहक स्वयं अपने स्तर पर जितने खर्च में निपटा लेता है, इवेंट मैनेजमेंट ग्रुप उससे कम या उसी खर्च में उससे भी अच्छी व्यवस्था प्रदान कर देते हैं। कारण उनके सतत व्यावसायिक संबंध होते हैं।

## क्यों है यह वक्त की मांग

इवेंट मैनेजमेंट की शुरुआत ही सुविधाजनक आयोजन की सोच से हुई है। उदाहरण के लिये कोई वैवाहिक आयोजन ही ले लीजिये। जिन्होंने भी अपने स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किये हैं, वे इन आयोजनों की चुनौतियों तथा परेशानियों से अच्छी तरह परिचित हैं। जिस दिन विवाह की तारीख तय होती है, उसी दिन से चुनौतियां प्रारंभ हो जाती हैं। आमंत्रण पत्रिका छपवाना, वैवाहिक स्थल की बुकिंग, बैंड व म्यूजिक सिस्टम, डेकोरेशन, टेंट, पंडित, कैटर्स, हलवाई आदि से लेकर कई छोटी-छोटी ऐसी जिम्मदारियाँ रहती हैं, जो आयोजकों को चकरी बनाकर रख देती हैं। उन्हें कार्यक्रम का आनंद लेना तो दूर ठीक से तैयार होने की फुर्सत तक नहीं मिलती। जितने दिन का भी कार्यक्रम रहता है, वह पूरा समय इतनी भारी व्यस्तता में गुजरता है कि उनकी रात की नींद भी हराम हो जाती है। फिर जब अंतिम रूप से खर्च का हिसाब लगता है, तो वह तय बजट से काफी अधिक ही होता है। निर्धारित बजट वालों को तो यह स्थिति भारी परेशानी में लाकर खड़ा कर देती है। यही कारण है कि आमतौर पर मकान निर्माण व वैवाहिक आयोजनों को बड़ी चुनौती के रूप में देखा जाता है। वैसे वर्तमान दौर में वैवाहिक आयोजन तो फिर भी छोटे आयोजनों की श्रेणी में पहुंच गये हैं, कई सामाजिक व सामूहिक आयोजन तो अत्यंत वृहद रूप में ही होते हैं।

## क्या करता है इवेंट मैनजमेंट ग्रुप

आप इवेंट मैनेजमेंट ग्रुप से पूरे कार्यक्रम या केवल उसके विशेष आयोजनों की व्यवस्था करवा सकते हैं, यह आप पर निर्भर है। इवेंट मैनेजमेंट ग्रुप आपके उस कार्यक्रम की पूरी कार्ययोजना मय खर्च के बनाकर आपको देते हैं। इसके लिये पार्टी और ग्रुप के बीच करार होता है। इसके बाद ग्रुप अपने सम्पर्कों से इस कार्ययोजना को मूर्तरूप देने में जुट जाता है। उसके लिये ये व्यवस्थाएं उनका रुटिन वर्क होती हैं, जो आपके लिये चुनौती हैं। कारण यह है कि इसके लिये उनके सतत संपर्क हैं और वे ऑफिस में बैठे-बैठे ही वह सब व्यवस्था कर लेते हैं, जिसके लिये आपको भटकना पड़ता है। उनके पास हर व्यवस्था को सम्पन्न करने वालों की टीम होती है, जो सहजता से सभी खर्च का पूर्वानुमान दे देती है, जिससे बजट भी कभी नहीं बिगड़ता।

## धोखाधड़ी से रहें सतर्क

वास्तव में इवेंट मैनेजमेंट ग्रुप को अपने कार्यक्रम की जिम्मेदारी सौंपकर कई परेशानियों से बचा जा सकता हैं लेकिन याद रखें यदि आप किसी गलत ग्रुप के चक्कर में फंस गये, तो यह आपके लिये परेशानी का कारण भी हो सकता है। इसके लिये सर्वप्रथम तो उस ग्रुप की मार्केट रेपुटेशन जरूर पता कर लें। इसके बाद भी जिम्मेदारी सौंपते समय सतर्क रहें। आयोजन की शर्तों को तय करते समय पूरी सतर्कता बरतें। निर्धारित खर्च के अलावा कोई अन्य छुपा खर्च न हो इसका ध्यान रखें। आयोजन के विस्तार (मेहमानों की संख्या आदि) को लेकर भी स्थिति स्पष्ट कर लें। ऐसा न हो कि जिस खर्च का करार हुआ हो, कार्यक्रम के बाद आपको उसके अतिरिक्त बिल थमा दिये जाएं। इसके साथ ही हर आयोजन व सामग्री के स्तर को पहलें ही ऑन पेपर्स स्पष्ट कर लें। अन्यथा आपके अनुकूल व्यवस्था न रहने पर विवाद की स्थिति बन सकती है। याद रखें कार्यक्रम आपका है और उसकी सफलता या असफलता पर आपकी प्रतिष्ठा अधिक टिकी है। अतः हर वह स्थिति बिल्कुल स्पष्ट कर लें, जहां से ग्रुप अपने मुनाफें का अतिरिक्त रास्ता निकाल सकता है।

# शिव पूजा में वर्जित क्यों हैं शंख



▶▶ पवनकुमार राठी, बीकानेर

हिंदू धर्म को विश्व के सभी धर्मों में सबसे पुराना और वेदों पर आधारित धर्म माना जाता है। यह अपने गर्भ में विभिन्न देवी-देवताओं की उपासनाओं, मतों, धार्मिक ग्रंथों और दर्शनों को समेटे हुए है। हिंदू धर्म के लोग अपनी-अपनी आस्था के अनुसार अपने इष्ट देव को मानते हैं। हिंदू धर्म की मान्यताओं के अनुसार पांच प्रमुख देवता हैं विष्णु, गणेश, सूर्य, शिव और शक्ति, जो शक्तियों के अलग-अलग रूप हैं। हिंदू धर्म के इन प्रमुख देवताओं में भगवान शिव को देवों के देव महादेव कहा जाता है। भगवान शिव के 108 नाम हैं।

**शंख देव पूजा का एक अत्यंत महत्वपूर्ण अवयव है। वैज्ञानिक रूप से देखें तो इसकी ध्वनि मात्र से वातावरण शुद्ध होता है। इसकी इतनी पवित्रता के बावजूद भी शिव पूजा में शंख निषिद्ध है। आखिर ऐसा क्यों? आईये तलाशें पौराणिक मान्यताओं के आईने में कारण**

भगवान शिव को सभी विद्याओं का जनक भी माना जाता है। वे तंत्र से लेकर मंत्र तक और योग से लेकर समाधि तक प्रत्येक क्षेत्र के आदि और अंत हैं। यही नहीं वे संगीत के आदि सृजनकर्ता भी हैं, और नटराज के रूप में कलाकारों के आराध्य भी हैं। कोई भी प्रार्थना, पूजा-पाठ, आराधना, मंत्र, स्तोत्र और स्तुतियों का फल तभी प्राप्त होता है जब आराधना विधि-विधान और शास्त्रोक्त तरीकों से की जाए। शिव उपासना में शंख का प्रयोग वर्जित माना गया है। पौराणिक मान्यता के अनुसार भगवान शिव की पूजा में शंख का प्रयोग नहीं होता। इन्हें शंख से न तो जल अर्पित किया जाता है और न ही शंख बजाया जाता है।

पुरातन कथा के अनुसार एक समय श्री राधा रानी गोलोक धाम से कहीं बाहर गई हुई थीं। भगवान श्रीकृष्ण अपनी सखी विरजा के साथ विहार कर रहे थे। संयोगवश उसी समय श्री राधा रानी वहां आ गईं। सखी विरजा को साथ अपने प्राण प्रिय श्रीकृष्ण के साथ देखकर श्री राधा रानी को बहुत क्रोध आया। क्रोध में उन्होंने कुछ ऐसे शब्दों का प्रयोग किया जिससे विरजा को बहुत लज्जा महसूस हुई। लज्जावश विरजा ने नदी का रूप धारण कर लिया और वह नदी बनकर बहने लगी। श्री राधा रानी के क्रोध भरे शब्दों को सुनकर भगवान श्रीकृष्ण के मित्र सुदामा को बहुत बुरा लगा उन्होंने श्री राधारानी से ऊँचे स्वर में बात की। इससे क्रोधित होकर श्री राधारानी ने सुदामा को दानव बनने का शाप दे दिया। आवेश में आए सुदामा ने भी हित-अहित का विचार किए बिना श्री राधा रानी को मनुष्य योनी में जन्म लेने का श्राप दे दिया। श्री राधा रानी के श्राप से सुदामा शंखचूर नाम के दानव बने। दंभ के पुत्र शंखचूर का वर्णन शिवपुराण में भी मिलता है। यह अपने बल के आवेश में तीनों लोकों का स्वामी बन बैठा और साथ ही साधु-संतों को सताने लगा। साधु-संतों की रक्षा के लिए भगवान शिव ने शंखचूर का वध कर दिया। शंखचूर श्री विष्णु और देवी लक्ष्मी का परम प्रिय भक्त था। भगवान विष्णु ने इसकी हड्डियों से शंख का निर्माण किया इसलिए विष्णु एवं अन्य देवी देवताओं को शंख से जल अर्पित किया जाता है। भगवान विष्णु को शंख इतना प्रिय है कि इससे जल अर्पित करने पर भगवान विष्णु अतिप्रसन्न हो जाते हैं, लेकिन भगवान शिव की पूजा में शंख का न तो प्रयोग होता है और न ही जल दिया जाता है, और न ही भगवान शिव की पूजा में शंख बजाया जाता है क्योंकि भगवान शिव ने शंखचूर का वध किया था। इसलिए शंख भगवान शिव की पूजा में वर्जित माना जाता है।




कालू बियानी
98291-63640



॥ जय महेश ॥
महेश नवमी की हार्दिक शुभकामनाएं
॥ जय महेश ॥

चारभुजा ट्रेक्टर्स
ऑथोराईज्ड डीलर-स्वराज ट्रेक्टर्स
शास्त्रीनगर चौराहा, हरनी महादेव रोड, जिला भीलवाड़ा - 311001 (राज.)
सेल्स, सर्विस, स्पेयर पार्टस एवं अन्य साधन



अनिल सोमानी
94142-59591

SWARAJ

# कैसा फल देंगे वक्री शनिदेव



**कर्मफल प्रदाता क्रूर ग्रह शनिदेव अपनी गति परिवर्तित कर वक्र गति से राशि परिवर्तन कर चुके हैं। वे गत 21 जून से आगामी 26 अक्टूबर तक धनु राशि से वृश्चिक राशि में भ्रमण करेंगे। इस दौरान वृश्चिक राशि में शनि के भ्रमण का फल तो मिलेगा ही साथ ही वह भी वक्रगति का। आईये जानें कैसे रहेंगे वक्री शनिदेव?**

▸▸ डॉ. महेश शर्मा, जयपुर ( मो. 94143-70518

गोचर भ्रमणवश शनिदेव 21 जून से 26 अक्टूबर तक वक्री होकर धनु राशि से वृश्चिक राशि में भ्रमण करेंगे। इस दौरान समस्त राशियां इनके शुभाशुभ प्रभाव से प्रभावित होंगी। किसी जातक की जन्म कुण्डली में यदि जन्म के समय शनि ग्रह वक्री हो तो गोचर में वक्री होने पर उस ग्रह से संबंधित कार्य पूरे हो जाते हैं। शनिदेव स्वयं महादेव के सृजन हैं, महादेव ने इन्हें कर्मफल दाता की उपाधि दी है, जिसका प्रयोग कर वे अकर्मण्य व्यक्तियों को प्रताड़ित करते हैं, ताकि वे सन्मार्ग पर चलने के लिए उत्प्रेरित हो सकें। व्यक्ति यदि सन्मार्ग पर नहीं लौटते हैं तो महादेव ने शनि को दंडाधिकारी का पद देकर उन्हें दंडित करने का दायित्व सौंपा है, ताकि प्रकृति में शक्ति-संतुलन और न्याय कायम रह सके। इन शक्तियों का प्रयोग करते वक्त शनिदेव अन्यायी व्यक्तियों के पाप कर्मों को न तो भूलते हैं और न ही क्षमा करते हैं और उन्हें शनैः शनैः दंडित अवश्य करते हैं। कर्मनिष्ठ और ईमानदार व्यक्तियों को शनि सुख-सुविधायें प्रदान करते हैं।

## वक्री ग्रह और उसका फल

वक्री ग्रहों के संबंध में ज्योतिष प्रकाशतत्व में कहा गया है कि-''क्रूरा वक्रा महाक्रूराः सौम्या वक्रा महाशुभा।।'' अर्थात क्रूर ग्रह वक्री होने पर अतिक्रूर फल देते हैं तथा सौम्य ग्रह वक्री होने पर अति शुभफल देते हैं। जातक तत्व और सारावली के अनुसार यदि शुभग्रह वक्री हो तो मनुष्य को राज्य, धन, वैभव की प्राप्ति होती है किन्तु यदि पापग्रह वक्री हो तो धन, यश, प्रतिष्ठा की हानि होकर प्रतिकूल फल की संभावना रहती है। जन्म समय में वक्री ग्रह जब गोचरवश वक्री होता है तो वह शुभफल प्रदान करता है, बशर्ते ऐसे जातक की शुभ दशान्तर्दशा चल रही हो। फलित ज्योतिष के अनुसार जब कोई ग्रह किसी राशि में गतिशील रहते हुए अपने स्वाभाविक परिक्रमा पथ पर आगे को न बढ़कर पीछे की ओर (उलटा) गति करता है तो वह वक्री कहा जाता है। जो ग्रह अपने परिक्रमा पथ पर आगे को गति करता है वह मार्गी कहा जाता है। वक्री ग्रह कुण्डली में जातक विशेष के चरित्र-निर्माण की क्रिया में सहायक होते हैं। जिस भाव और राशि में वह वक्री होते हैं उस राशि और भाव संबंधी फलादेश में काफी कुछ परिवर्तन आ जाता है। सूर्य एवं चंद्र मार्गी ग्रह हैं, ये कभी भी वक्री नहीं होते हैं, राहु व केतु वक्री ग्रह हैं। ये कभी भी मार्गी नहीं होते हैं। अन्य सभी ग्रह कभी मार्गी, तो कभी वक्री होते रहते हैं। अक्सर जब कोई ग्रह अपने परिक्रमा पथ पर सूर्य के निकट पहुंच जाता है तब वक्री हो जाता है। किंतु कुछ समय बाद वह फिर से मार्गी हो जाता है।

## कब होते हैं शनि वक्री

शनि ग्रह सूर्य की परिक्रमा 29 वर्ष 5 माह 16 दिन 23 घंटा और 16 मिनट में पूर्ण करता है। स्थूल मान से शनि एक राशि पर लगभग 30 माह, एक नक्षत्र पर 400 दिन और नक्षत्र के एक चरण पर 100 दिन रहता है। यह प्रतिवर्ष लगभग 4 माह वक्री और 8 महिने मार्गी रहता है। सूर्य से 15 अंश की दूरी पर शनि ग्रह अस्त हो जाता है। अस्त होने के 38 दिन बाद उदय होता है, उदय के 135 दिन बाद मार्गी होता है और मार्गी के 105 दिन बाद पश्चिम दिशा में पुनः अस्त हो जाता है। जन्म समय में शनि वक्री हो तो गोचर में शनि के वक्री होने पर अशुभ शनि के प्रभाव से व्यक्ति को राहत मिलती है। वक्री शनि तनाव व संघर्ष से मुक्ति देता है। ऐसे समय में जातक उत्साह के साथ नई योजनायें बनाता है और जागरुकता के साथ कार्य-व्यवसाय करता है। परन्तु जन्मकुण्डली में सिंह व धनु राशि का शनि हो तो अनुकूल न होकर प्रतिकूल प्रभाव देता है।

## शनि की साढ़ेसाती व ढैया भी बदलेगी

गोचर भ्रमणवश जब शनि किसी जातक की राशि से बारहवें, प्रथम या द्वितीय स्थान में हो, तो यह शनि की साढ़ेसाती कहलाती है। चौथे या आठवें स्थान पर शनि संचार करे तब ढैया कहलाती है। शनि के वृश्चिक राशि में वक्री होते ही तुला राशि पर शनि की साढ़ेसाती प्रारम्भ होगी जबकि वृश्चिक और धनु राशि पर साढ़ेसाती यथावत चलती रहेगी। मकर राशि के जातक साढ़ेसाती के प्रभाव से मुक्त हो जाएंगे। कन्या और वृषभ राशि से शनि की ढैया उतर कर सिंह और मेष राशि पर शुरू होगी। परंतु ध्यान रखें जिनकी जन्म कुंडली में शनि श्रेष्ठ स्थान उच्च, स्वग्रही या मित्र राशि में हो और दशांर्तदशा श्रेष्ठ चल रही हो तो उनके लिए शनि ढैया और साढ़े साती काल अशुभ न होकर शुभ फलदायक ही रहेगा। परंतु चंद्र और शनि अशुभ ग्रहों से युक्त होकर अशुभ भावों में बैठे हों तो ढैया और साढ़े साती नेष्ट फलप्रद होती है। शनि की दृष्टि विच्छेदात्मक होती है। यह जिस राशि अथवा भाव पर दृष्टि डालता है उस भाव से संबंधित फलों में प्रायः न्यूनता लाता है। शनि 3, 7 व दसवें स्थान को पूर्ण दृष्टि से देखता है। वृश्चिक राशि में वक्री शनि मकर राशि को तृतीय पूर्ण दृष्टि से देखेगा, परन्तु मकर राशि का स्वामी होने के कारण अशुभ फल प्रदान नहीं करेगा। सप्तम पूर्ण

दृष्टि अपनी मित्र राशि वृष पर और दशम पूर्ण दृष्टि सिंह राशि पर रहेगी, जो शनि की शत्रु राशि है।

## अशुभ शनि से कैसे बचें

शनि की ढैया और साढ़े साती से प्रभावित व्यक्तियों को मानसिक अशांति, धनाभाव, शारीरिक कष्ट, नौकरी-व्यवसाय में परेशानी आदि कष्ट हो सकते है। जिनकी ढैया साढ़ेसाती नेष्ट फलप्रद हो उन्हें शनि के अनिष्ट फल निवारणार्थ शनि की प्रिय वस्तुओं का यथाशक्ति दान करना चाहिए। शनि मंत्र का जप और व्रत करना चाहिए। न्याय पर चलें और कर्मनिष्ठ बनें। कुष्ठ रोगी, अपंग, बेसहारा तथा वृद्धों का सम्मान एवं यथासंभव मदद करें। शनि का दान किसी वृद्ध ब्राह्मण, असहाय, दीन-हीन गरीब व्यक्ति को अपनी सामर्थ्य के अनुसार दक्षिणा सहित दान करना शुभ होता है।

## शनि की शांति के आसान उपाय

**शनि को रिझायें-**शनि जयंती को सायंकाल सरसों के तेल का दीपक जलाकर शनि मंत्र 'ऊँ प्रां प्रीं प्रौं सः शनये नमः' का जप करें। मंत्र का जप प्रत्येक शनिवार को जारी रखें। हनुमानजी की उपासना करें। पक्षियों को दाना डालें और पानी के परिंडे रखें। पौधे लगाएं।

**शनि के व्रत-**भक्तिपूर्वक शनिवार का व्रत करें। शनि महाराज का तेलाभिषेक कर कंगन, खीर, कचौरी, काले गुलाब जामुन आदि का भोग लगाएं। लौहवान युक्त रुई की वर्तिका (बत्ती) बनाकर उसे कड़वे तेल में डालकर संध्या के समय पीपल के वृक्ष के नीचे दीपक जलायें।

**शनि के दान-** अनिष्ट फल निवारणार्थ शनि की प्रिय वस्तुओं तिल, तेल, कुलथी, उड़द, काला वस्त्र, काला पुष्प, जूता, कस्तूरी, नीलम, कटेला, स्टील या लौह पात्र, सप्त धान्य (जौ, गेहूँ, चांवल, तिल, कागनी, उड़द, मूंग), आदि का दान किसी वृद्ध ब्राह्मण, दीन-हीन, गरीब व्यक्ति, अपंग, बेसहारा आदि को अपनी साम्थर्य के अनुसार दक्षिणा सहित करना शुभ होता है। न्याय पर चलें और कर्मनिष्ठ बनें। कुष्ठ रोगी, अपंग, बेसहारा तथा वृद्धजनों का सम्मान एवं यथा संभव उनकी मदद करें।

**शनि के मंत्र जप-**शनि के वैदिक मंत्र 'ऊँ शन्नो देवीरभिष्टऽआपो भवन्तुपीतये शय्योरभिस्रवन्तु नः' का यथा शक्ति जाप करें। दशरथ कृत 'शनि स्तोत्र', शनि दसनाम स्तोत्र, गजेंद्र मोक्ष आदि का पाठ करें। शनिवज्र पंजर कवच के शमी, खेजड़ा अथवा पीपल वृक्ष के पास सात बार पाठ करना विशेष फलदायी होता है।

**छायादान-** स्टील के बर्तन में सरसों का तेल भरें। उसमें एक सिक्का डालकर शनिवार के दिन प्रातः अपना चेहरा देखें और इस तेल को आक के पौधे पर डालें अथवा शनि मंदिर में दान करें। ऐसा पांच शनिवार तक करें। अंतिम शनिवार को तेल के साथ उस बर्तन का भी दान कर दें। तेल चढ़ाते समय शनि मंत्र का जप करें।

## 12 राशियों पर प्रभाव

**मेष-** इस राशि पर सुवर्ण पाया से शनि की ढैया प्रारम्भ होगी। व्यावसायिक उलझनें बढ़ेंगी। खर्च अधिक होगा। मानसिक तनाव, पारिवारिक क्लेश जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। कठोर परिश्रम से कुछ लाभ की संभावना बनेगी। सुविवेक से कार्य करना उचित रहेगा।

**वृष-** शनि का प्रवेश लोह पाद से होने के कारण आय के कुछ साधन बनते रहेंगे। मांगलिक कार्य संपादित होंगे एवं शुभ कार्यों पर खर्च होने के योग बनेंगे। शनिदेव की सप्तम पूर्णदृष्टि इस राशि पर रहेगी। कारोबार में बाधा, आय कम तथा खर्च अधिक होंगे।

**मिथुन-** इस राशि पर शनि पाया सोने से आएगा। बिगड़े कामों में सुधार होगा। आकस्मिक लाभ भी होंगे। आपकी राशि से शनि छटे स्थान पर होने से शत्रु हावी होने की कोशिश करेंगे, सावधान रहें। विषम परिथितियों के बावजूद निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे।

**कर्क-** ताम्र पाया से पंचमस्थ शनि के कारण उच्च विद्या प्राप्ति, पदोन्नति, धन लाभ, उत्साह में वृद्धि तथा विवाह आदि सुखों की प्राप्ति होगी।

**सिंह-** शुभ रजत पाद से शनि की ढैया प्रारम्भ होगी। व्यापार में प्रगति, राज्य पक्ष से सम्मान, धन-धान्य समृद्धि एवं ऐश्वर्य वृद्धि के योग बनेंगे। दशम वक्र दृष्टि के कारण विवादों से बचें, स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या-** तृतीयस्थ शनि शुभ रहेगा। भूमि, मकान, वाहनादि, सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। परंतु शनि का पाया लोहा होने से धन का अपव्यय तथा शासन का भय रहेगा, स्त्री/पति तथा संतान की चिंता होगी।

**तुला-** तांबे के शुभ पाया से शनि की साढ़ेसाती प्रारम्भ होगी। धन लाभ, स्त्री-पुत्र सुख, धन लाभ, स्वास्थ्य लाभ होगा।

**वृश्चिक-** इस राशि पर सोने के पाया से शनि की साढ़ेसाती रहेगी। फलस्वरुप शरीर कष्ट, तनाव एवं संघर्ष अधिक रहेगा। आय कम, खर्च अधिक बढ़ेगा। स्वजनों, मित्रों से विवाद, बुद्धि मालिन्य और शासन से भय की संभावना रहेगी।

**धनु-** इस राशि से शनि के बारहवें स्थान पर आने से साढ़ेसाती प्रारम्भ होगी। पारिवारिक एवं व्यवसायिक उलझनें बढ़ेंगी। परन्तु शनि पाया रजत होने के कारण विद्या प्राप्ति, वाहन, आकस्मिक धनलाभ होते रहेंगे।

**मकर-** इस राशि पर शनि लोह पाया से लाभ स्थान में आएगा। परिश्रम के बाद धन लाभ एवं उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। प्रतिष्ठा में वृद्धि, सुख, क्रय-विक्रय में संतुष्टि। उत्साह तथा धैर्य में वृद्धि से बिगड़े काम बनेगें, नई योजनाएं सफल होंगी।

**कुंभ-** इस राशि पर दशमस्थ शनि का प्रवेश ताम्र पाया से होगा। धनलाभ, व्यापार लाभ, राज्यकार्य से लाभ मिलेगा।

**मीन-** इस राशि पर शनि का प्रवेश चांदी के पाया से नवम भाग्य स्थान में होगा। अतः भाग्योन्नति के अवसर मिलेंगे। व्यापार लाभ, ऐश्वर्य वृद्धि के योग हैं।




**देश ही नहीं बल्कि विश्व में काँच उद्योग में ''काँच के बादशाह'' के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान रखने वाले प्रख्यात उद्यमी श्री सी.के. बाबू नहीं रहे। आपने एच मार्का वाले ग्लास की कंपनी ''एचएनजी'' को एक छोटे से उद्योग से यह शिखर का सम्मान प्रदान करवाया था। श्री सोमानी का गत 17 मई को कोलकाता में देहावसान हो गया।**

▶▶ घनश्याम करनानी, हावड़ा



# नहीं रहे काँच के बादशाह

# सी.के.बाबू

वर्तमान में एचएनजी अपने 5 प्लांटों से 1800 टन ग्लास का उत्पादन करने वाली शीर्ष कंपनी है। इस कंपनी के उत्पाद न सिर्फ भारत बल्कि विश्व के अधिकांश देशों में अत्यंत लोकप्रिय हैं। सन् 2002 में कंपनी ने अपने उत्पाद से विदेशी कंपनी ''ऑवन्स ब्रोसवे'' को पछाड़कर विश्व स्तर पर अपनी विशिष्ट छवि बनाई थी। ग्लास मेन के रूप में विख्यात श्री सोमानी अपने योगदानों के लिये अंतरराष्ट्रीय फोइनेक्स अवॉर्ड से भी सम्मानित हुए थे।

## संघर्ष से जीवन की शुरुआत

सी.के. बाबू के नाम से विशिष्ट पहचान रखने वाले चंद्रकुमार सामोनी का लंबा जीवन कई उतार-चढ़ाव से भरा रहा। सन् 1933 में 25 जून को कोलकाता में जन्मे श्री बाबू के पिता स्व. मुरलीधर सोमानी जूट बैग, मलमल के कपड़े व शेयर मार्केट का छोटा-मोटा व्यवसाय करते थे। जीवन की विषमताओं का प्रथम प्रहार मात्र 10 वर्ष की अबोध आयु में ही पिता के देहावसान से हो गया। उच्च शिक्षा 'सेंट जैवियर्स कॉलेज'' से प्राप्त की। आजादी के पूर्व वर्ष 1946 में श्री सोमानी जब कॉलेज में पढ़ ही रहे थे, तभी काँच की दुनिया ने खींच लिया। सोमानी परिवार का मैन्यूअल प्रोसेज पर आधारित एक छोटा सा ग्लास प्लांट पश्चिम बंगाल के हावड़ा में था, लेकिन वह श्रमिक समस्या के कारण लंबे समय से बंद पड़ा था। वर्ष 1946 में उनके परिवार ने ऑटोमेटिक मशीनें लगाकर 'ग्रीन फील्ड ग्लास प्रोजेक्ट की तरह उसे आरंभ करने का निर्णय लिया।

## सतत बढ़ते सफलता की ओर कदम

श्री सोमानी की मेहनत रंग लाई। मात्र 12 वर्षों में ही एचएनजी इतना समर्थ हो गया कि उसने अपना अगला कदम बहादुरगढ़-हरियाणा में सन् 1964 में एक और प्लांट की स्थापना के साथ रखा। वे आगे बढ़े तो फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। वर्तमान में समूह के देश में कुल 5 प्लांट हैं और मात्र 15 टन प्रतिदिन की क्षमता से आरंभ उद्योग आज प्रतिदिन 1800 टन से भी अधिक का काँच दुनिया को दे रहा है। भारत में तो समूह का अपना स्थान है ही, साथ ही यह नेपाल, नाइजीरिया, फिलीपिंस, इंडोनेशिया आदि देशों में भी बड़ी मात्रा में माल निर्यात कर रहा है।

## समाजसेवा के पथ के भी सच्चे सेवक

बाबूजी ने अपने व्यवसाय व परिवार के साथ ही मानवता की सेवा में भी यशशक्ति भागीदारी की। प्रसिद्ध तीर्थ ऋषिकेश में आपने अपनी माता की स्मृति में जनहितार्थ ''जानकीदेवी सोमानी भवन'' धर्मशाला का निर्माण करवाया। कोलकाता सुनेत्र आई हॉस्पिटल में भी अपने डेढ़करोड़ रुपए का योगदान दिया तथा सर्जिकल यूनिट की स्थापना की। यहाँ आने वाले 20 प्रतिशत रोगियों को निःशुल्क, 30 को रियायती दर पर शेष सभी को 50 प्रतिशत शुल्क पर चिकित्सा सुविधा दी जाती है। इस अस्पताल का उद्देश्य लाभ कमाना नहीं है। शुल्क केवल उपकरणों के आधुनिकीकरण में काम आता है। बहादुरगढ़ हरियाणा में उनके सहयोग से बाल भारती विद्यालय संचालित हो रहा है।

DISTRIBUTORS FOR :
Carilite Luggage at its best
HARISSONS WORLD WIDE
ELEGANT SOFT LUGGAGE
Prime SOFT LUGGAGE
Monica's Bags & Luggage
POLO CLUB
SONADA
Got it Bags
and all Imported Brands and Duffels
Love ever, Hurt Never

Muralidhar Loya
DATTATREYA AGENCIES
Spl. in International Luggage & Complimentary Bags
Mfrs. & Wholesale Dealers in all types of
▸ Air Bags ▸ School Bags ▸ Luggage Bags
▸ Suitcase ▸ Trolleys Etc.,
# 4-7-723 & 724, Television Hotel Lane, Esamia Bazar, Hyd-27.
Tele: 2465 2248, Fax: 2473 4256, Cell : 93910 22956, 93900 36959
E-mail : dattaloya2000@gmail.com



हरतालिका तीज मात्र अखंड सौभाग्य की कामना से किया जाने वाला व्रत मात्र नहीं है, बल्कि इसमें पति-पत्नी के मधुर रिश्तों की मिठास भी शामिल है। वास्तव में देखा जाए तो यह उनके परस्पर प्रेम की अभिव्यक्ति है, जो उनके रिश्तों को और भी मजबूत करने में सहायक होती है।

## अखंड सौभाग्य की कामना का पर्व

# हरतालिका तीज

वर्तमान दौर में आधुनिकता के नाम पर नारी अपनी संस्कृति की कई गौरवशाली परम्पराओं को त्यागती जा रही है, लेकिन हरतालिका तीज जैसे व्रत की यदि वे आधुनिकता के नाम पर अनदेखी करती हैं, तो बहुत बड़ी भूल करती हैं। वास्तव में देखा जाये तो यह सिर्फ एक धार्मिक व्रत नहीं है, बल्कि इसका अपना मनोवैज्ञानिक महत्व है। रिश्तों को मजबूत बनाये रखने के लिये परस्पर प्रेम की अभिव्यक्ति की सर्वाधिक आवश्यकता होती है और यह व्रत वास्तव में देखा जाये तो उन्हीं पवित्र भावनाओं की सशक्त अभिव्यक्ति है।

### कौन कर सकते हैं व्रत

आमतौर पर हरतालिका तीज के बारे में यह धारणा है कि यह सौभाग्यवती स्त्रियों का व्रत है, जिसे वे अखंड सौभाग्य की कामना से करती है। लेकिन वास्तविकता में यह अधूरी जानकारी है। श्रेष्ठ वर की कामना से इसे अविवाहित युवतियाँ भी कर सकती हैं और पूरे परिवार की खुशहाली के लिये विधवा भी। इस पर्व में समस्त प्रकार के सुखों की कामना छुपी है। अतः किसी के लिये भी यह प्रतिबंधित नहीं है। कई युगल जोड़े भी एक-दूसरे के दीर्घ जीवन की कामना से यह व्रत करते हैं।

### परम्पराओं में हरतालिका

हरतालिका व्रत में क्षेत्रों के अनुसार परम्पराओं में भिन्नता है। एक समानता हर जगह है कि इस दिन गौरी-शंकर का पूजन किया जाता है। आम बोली में इसे बूढ़ी तीज भी कहा जाता है अर्थात् सबसे बड़ी तीज। हमारे क्षेत्र में प्रचलित परम्पराओं के अनुसार इस दिन सास अपनी बहू को सुहाग का सिंधारा देती है। नवविवाहिता बहू के लिये तो इस सिंधारा का विशेष महत्व है। बहू इस दिन अपनी सास के चरण स्पर्श कर उन्हें रुपये देती है। सिंधारा में सम्पूर्ण सुहाग सामग्री शामिल होती है।

### व्रत कैसे करें

- सर्वप्रथम 'उमामहेश्वरसायुज्य सिद्धये हरितालिका व्रतमहं करिष्ये' मंत्र का संकल्प करके मकान को मंडल आदि से सुशोभित कर पूजा सामग्री एकत्र करें।
- संध्या समय स्नान करके शुद्ध व उज्जवल वस्त्र धारण करें।
- पश्चात पार्वती तथा शिव की सुवर्णयुक्त (यदि यह संभव न हो तो मिट्टी की) प्रतिमा बनाकर विधि-विधान से पूजा करें। इसके बाद सुहाग की पिटारी में सुहाग की सारी वस्तुएँ सजाकर रखें।
- इन वस्तुओं को पार्वतीजी को चढ़ाएँ।
- शिवजी को धोती तथा अंगोछा चढ़ाएँ।
- पश्चात सुहाग सामग्री किसी ब्राह्मणी को तथा धोती-अंगोछा ब्राह्मण को दे दें।
- तत्पश्चात तेरह प्रकार के मीठे व्यंजनकर सजाकर रुपयों सहित सास को देकर उनका चरण स्पर्श करें।
- इस प्रकार पार्वती तथा शिव का पूजन आराधना कर कथा सुनें।

### शास्त्रों के अनुसार व्रत का फल

इस दिन गौरी-शंकर का पूजन किया जाता है। मान्यता के अनुसार इस व्रत को कुमारी तथा सौभाग्यवती स्त्रियां ही करती हैं लेकिन शास्त्र में इसके लिए सधवा-विधवा सबको आज्ञा है। इसे बुढ़ी तीज भी कहते हैं। इस दिन सासें बहुओं को सुहाग का सिंधारा देती हैं। बहुएं पांव छूकर सास को रुपए देती हैं। अखंड सौभाग्य की कामना के लिए स्त्रियाँ हरतालिका तीज का विशिष्ट व्रत रखती हैं। उत्तम वर की कामना से इस व्रत को कुंवारी कन्याएँ भी करती हैं। यह व्रत भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया को किया जाता है। 'हर' शिव का ही एक नाम है और चूँकि शिव आराधना इस व्रत का मूलाधार है, इसलिए इसका नाम हरतालिका व्रत रखा गया। जहाँ तक 'हरि' का सवाल है, यह भगवान विष्णु का एक नाम है। हरितालिका को लेकर भी पौराणिक कथाएँ उपलब्ध हैं, जिनके अनुसार पार्वतीजी ने एक बार सखियों द्वारा 'हरित' यानी अपहृत होकर एक कन्दरा में इस व्रत का पालन किया था, इसलिए कालांतर में इसका नाम हरितालिका प्रसिद्ध हुआ। इस व्रत के लिए हरतालिका या हरितालिका दोनों ही शब्दों का उपयोग किया जाता है। ग्रंथों में भी दोनों शब्दों का प्रयोग हुआ है।

# डाक टिकटों पर सुशोभित माहेश्वरी




माहेश्वरी समाज का राष्ट्र को दिया गया योगदान कितना महत्वपूर्ण है, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि समाज की 5 विभूतियों पर भारतीय डाक विभाग विशेष टिकट जारी कर चुका है। इन पाँच डाक टिकट में से तीन बिरला परिवार के स्व. श्री घनश्याम बिरला, स्व. श्री कृष्णकुमार बिरला और स्व. श्री आदित्य विक्रम बिरला के लिये जारी किये गये। एक डाक टिकट विदर्भ केसरी स्व. श्री ब्रिजलाल बियाणी के लिए एवं एक डाक टिकट स्व. श्री रामगोपाल माहेश्वरी पूर्व अध्यक्ष अभा माहेश्वरी महासभा के लिए जारी किया गया। किसी भी समाज विशेष की विभूतियों पर जारी डाक टिकटों के मामले में माहेश्वरी समाज शीर्ष पर ही है।

▶▶ कृष्णचंद्र टवाणी, किशनगढ़

## स्व. श्री घनश्यामदास बिरला

पद्म विभूषण स्व. श्री घनश्यामदास बिरला के 90वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में भारतीय डाक विभाग ने 50 पैसे मूल्य के भूरे रंग के 2 लाख टिकट 11 जून 1984 को जारी किये। इस टिकट में स्व. श्री जी.डी. बिरला के चित्र के साथ बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस, पिलानी (राजस्थान) का चित्र भी है। आपका जन्म 10 अप्रैल 1894 ई. में राजस्थान के पिलानी ग्राम में राजा बलदेवदास बिरला के यहाँ हुआ था। आपकी शिक्षा-दीक्षा घर पर ही हुई। 13 वर्ष की अवस्था में 1907 ई. में आप कलकत्ता आये। स्वाधीनता संग्राम के दौरान आप कांग्रेस एवं सत्याग्रहियों को आर्थिक सहयोग देते रहते थे। कलकत्ता, बम्बई और दिल्ली के ''बिड़ला भवन'' तो राष्ट्रीय नेताओं के लिए निवास स्थल ही बन गये थे। आपने देश और समाज की सेवा के लिए भामाशाह की परम्परा का निर्वाह किया। सन् 1919 में उद्योग जगत में पदार्पण किया और सन् 1980 तक आपकी देश-विदेश में लगभग 200 औद्योगिक इकाइयाँ हो गई थीं।

आपकी शिक्षा के प्रति विशेष लगन थी। अतः आपने 1929 में बिड़ला एजुकेशन ट्रस्ट के अंतर्गत बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एवं साइंस की स्थापना की, जो शिक्षा के लिए सर्वश्रेष्ठ केंद्र बन गया। आप वर्ष 1915 में महात्मा गाँधी के संपर्क में आये थे तथा गाँधीजी से सन् 1924 में आपके अत्यधिक नजदीकी संबंध हो गये थे। सन् 1930 से गाँधीजी बिरला हाउस दिल्ली में ही ठहरने लगे थे तथा उन्होंने अंतिम साँस भी वहीं ली थी। गाँधीजी के अतिरिक्त आप गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर, पंडित मदनमोहन मालवीय, सीआर दास, लाला लाजपत राय, मोतीलाल नेहरू, सरदार पटेल, मौलाना अब्दुल कलाम आजाद, डॉ. राजेंद्र प्रसाद, राजगोपालाचार्य आदि के भी निकट संपर्क में रहे। गांधीजी तथा अंग्रेजों के बीच आपने सेतु का कार्य किया। आपने सन् 1931 में इंग्लैंड में दूसरे गोलमेज सम्मेलन में गाँधीजी के साथ भाग लिया। श्रीकृष्ण की गीता के कर्मयोग के दर्शन में आप बहुत विश्वास करते थे तथा ''कृष्ण वंदे जगदगुरुम'' आपकी सर्वश्रेष्ठ दार्शनिक कृति है। सन् 1957 में आपको भारत सरकार द्वारा उद्योग एवं व्यापार में विशेष उपलब्धि के लिये पद्मविभूषण अलंकरण से नवाजा गया। आप मृत्यु पर्यंत तक सक्रिय रहे। आपका स्वर्गवास 11 जून 1983 को लंदन में हुआ।

## विदर्भ केसरी स्व. श्री ब्रिजलाल बियाणी




स्वतंत्रता सेनानी स्व. श्री ब्रिजलाल जी बियाणी की स्मृति में भारतीय डाक विभाग ने 22 जून 2002 को बहुरंगी चार रुपए मूल्य वाले उनके चित्र के 4 लाख डाक टिकट जारी कर उन्हें सम्मान प्रदान किया। माहेश्वरी समाज की जिन विभूतियों ने समाज के हृदय को अधिक स्पर्श किया, उनमें जननायक श्री ब्रिजलालजी बियाणी की सर्वप्रथम गणना होती है। श्री बियाणीजी के जीवन पर जब हम दृष्टिपात करते हैं तो हमें एक ऐसे व्यक्तित्व के दर्शन होते हैं। जिसका समाज सुधार, राजनीति, साहित्य आदि सभी दिशाओं में योगदान रहा। श्री बियाणी का जन्म हाथरून, जिला अकोला में 6 दिसंबर 1895 में हुआ। 1920 में गाँधीजी के आह्वान पर कानून की द्वितीय वर्ष की पढ़ाई छोड़कर स्वाधीनता संग्राम में कूद पड़े और अपने सुखी जीवन का त्याग कर दिया। विदर्भ में कांग्रेस संगठन को सशक्त बनाने में आपकी मुख्य भूमिका थी। आप छात्र जीवन से ही राजनीतिक चर्चा में भाग लेने लगे थे। विदर्भ कांग्रेस के आप 13 वर्षों तक अध्यक्ष रहे। 15 अगस्त 1947 को मराठवाड़ा में यूनियन जैक के उतरने पर निजाम के झंड के स्थान पर तिरंगे को फहराकर आपने राष्ट्रीय भावना का परिचय दिया था।

स्वतंत्रता के पूर्व और उपरांत सक्रिय राजनीति में विभिन्न कार्यपालिकाओं की सदस्यता में 1948 से 1952 तक लोकसभा दिल्ली के निर्वाचित सदस्य के साथ आप संविधान सभा के सदस्य भी रहे। 1952 में पुराने मप्र की असेम्बली के सदस्य और पं. रविशंकर शुक्ल के मंत्रिमंडल में 4 वर्ष तक वित्तमंत्री, विदर्भ में इंटक के संस्थापक अध्यक्ष, 1957 से 1959 तक बम्बई असेम्बली के सदस्य रहे। सामाजिक क्रांति

के अग्रदूत श्री बियाणी ने पर्दा-प्रथा, वृद्ध-विवाह, बाल-विवाह जैसी कुरीतियों का जमकर विरोध किया। आप विधवा विवाह के पक्षधर थे। ''सुधार घर से ही प्रारंभ होता है'' उक्तिनुसार आपकी धर्मपत्नी सौ. सावित्री देवी ने पर्दे को त्यागकर आपके सार्वजनिक जीवन में कंधे से कंधा मिलाकर आपका साथ दिया। ये अन्यों के लिए तत्कालीन समाज में एक उदाहरण था। आपने एक मात्र पुत्र कमलकिशोर का अंतरजातीय विवाह किया। माहेश्वरी समाज में कोलवार माहेश्वरियों को लेकर पंचायत के ''सामाजिक बहिष्कार'', अधिकार के विरुद्ध श्री बियाणी ने जेहाद छेड़ा। आपकी प्रेरणा से 1927 के महासभा के पंढरपुर अधिवेशन में आपके प्रधानमंत्रित्व में आयोजित सम्मेलन में इसके विरुद्ध प्रस्ताव पारित हुआ। 24 सितंबर 1968 को श्री बियाणी का महाप्रयाण हो गया।

## स्व. श्री कृष्णकुमार बिरला

सुप्रसिद्ध उद्योगपति, राज्यसभा सदस्य एवं हिंदुस्तान टाइम्स ग्रुप के




चेयरमैन श्री कृष्णकुमार बिरला की स्मृति में भारतीय डाक विभाग ने 13 मार्च 2009 को 5 रुपए मूल्य के 4 लाख टिकट जारी कर आपको सम्मान प्रदान किया। आपका जन्म 11 नवंबर 1918 को पिलानी में हुआ। आप स्व. श्री घनश्याम बिरला के ज्येष्ठ पुत्र थे। डॉ. कृष्णकुमार बिरला के कुशल, उदार और आशावादी निर्देशन ने हिंदुस्तान टाइम्स और एचटी मीडिया के हिंदी प्रकाशनों में विशेषकर दैनिक हिंदुस्तान, कादम्बिनी, नंदन, साप्ताहिक हिंदुस्तान आदि को बुलंदी पर पहुँचा दिया था। आपने सैकड़ों उद्योगों की स्थापना एवं सफल संचालन करके राष्ट्र के औद्योगिक विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान किया। उद्योगपति के अलावा आप एक जाने माने सांसद भी थे। 18 वर्षों तक राज्यसभा सदस्य रहे। आप 1961 में कोलकाता के शेरिफ बने एवं 1971 में पांडेचेरी विवि ने आपको डाक्टरेट की मानद उपाधि से भी सम्मानित किया था। 30 अगस्त 2008 को 90 वर्ष की आयु में आपका दिल्ली में निधन हुआ था।

## स्व. श्री रामगोपाल माहेश्वरी

सुप्रसिद्ध पत्रकार, नवभारत दैनिक पत्र के संस्थापक श्री रामगोपाल




माहेश्वरी की 20 नवंबर 2012 को जन्म शताब्दी के अवसर पर डाक विभाग द्वारा 5 रुपए मूल्य के चार लाख डाक टिकट जारी कर उनकी सेवाओं का सम्मान किया था।

''बाबूजी'' के नाम से लोकप्रिय श्री रामगोपाल माहेश्वरी का जन्म जयपुर (राजस्थान) के समीप मंडोलाई में 20 नवंबर 1911 को हुआ था। महात्मा गाँधी के विचारों से प्रभावित होकर श्री माहेश्वरी कम उम्र में ही स्वतंत्रता आंदोलन में शामिल हो गए। वे अपनी पूरी जिंदगी खादी पहनते रहे और वे सादा जीवन में विश्वास रखते थे। महात्मा गाँधी के अनुयायी, श्रीकृष्णदास जाजू से भी वे प्रभावित थे। 22 वर्ष की आयु में उन्होंने माहेश्वरी समुदाय के मुख्य पत्र 'माहेश्वरी'' का संपादन और प्रकाशन आरंभ कर दिया। पत्रकार के रूप में अपने कॅरियर की शुरुआत की और उन्होंने पाक्षिक प्रकाशन ''नवराजस्थान'' का भी उत्तरदायित्व लिया जिसकी शुरुआत अकोला में श्री ब्रिजलाल बियानी द्वारा की गई थी। श्री माहेश्वरी ने 8 फरवरी, 1934 को नागपुर से ''नवभारत'' नामक पाक्षिक समाचार-पत्र प्रारंभ किया। शीघ्र ही नवभारत एक दैनिक प्रकाशन बन गया और यथासमय कई अन्य शहरों से भी इसके संस्करण छपने लगे। बाबूजी ने राष्ट्र के स्वतंत्रता आंदोलन के लिए ''नवभारत'' को एक माध्यम बना दिया। 1939 में उन्हें नजरबंद किया गया। भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान, उन्हें नागपुर सेंट्रल जेल में रखा गया। श्री माहेश्वरी हिंदी भाषा के एक महान संरक्षक थे। वे सक्रिय रूप से समाज कार्य से भी जुड़े थे और कुरीतियों के उन्मूलन की दिशा में भी काम किया।

वे महिलाओं के उद्धार के प्रबल समर्थक थे। अपनी पत्नी कौशल्या देवी के साथ उन्होंने महिलाओं के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और पर्दा प्रथा व मृत्यु के समय की जाने वाली कठोर रस्मों का विरोध किया। माहेश्वरी समुदाय द्वारा वर्ष 1994 में श्री रामगोपाल माहेश्वरी को ''समाज शिरोमणि'' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। नैतिक पत्रकारिता में उनके योगदान के लिए उन्हें पंडित माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विवि भोपाल की ओर से ''पत्रकार शिरोमणि'' के सम्मान से सम्मानित किया गया था। आप माहेश्वरी महासभा के दो सत्र 1967 एवं 1972 में सभापति रहे। 13 सितंबर 1999 को नागपुर में आपका निधन हो गया।

## स्व. श्री आदित्य विक्रम बिड़ला




भारत के शीर्ष उद्योगपति माहेश्वरी समाज की महान विभूति स्वर्गीय श्री आदित्य विक्रम बिरला की स्मृति में भारतीय डाक विभाग ने 14 जनवरी 2013 को 5 रुपए मूल्य के 31 लाख टिकट जारी कर गौरवान्वित किया था। आपका जन्म 14 नवंबर 1943 को पिलानी में हुआ। आप भारतीय उद्योग जगत के सचमुच के ''आदित्य'' थे। आपके नेतृत्व में तीव्र गति से आदित्य विक्रम उद्योग समूह का विकास विस्तार हुआ और आप औद्योगिक दुनिया के 'शिरोमणि' बने। आपकी दूरदृष्टि, वैज्ञानिक सोच और कलात्मक रुचि ने, आपको श्रेष्ठ इंसान बनाया। आप सामाजिक सरोकारों से सदा सराबोर थे। उद्योग, व्यापार और आर्थिक क्षेत्र में देश को अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा दिलाने में आपका अप्रतीम योगदान था। पुरानी और नई पीढ़ी के बीच सेतु थे। अपने औद्योगिक प्रतिष्ठानों की विश्व में सफलता के साथ-साथ वे भारतीय रिजर्व बैंक के सेंट्रल बोर्ड, एयर इंडिया, आईसीआईसीआई तथा आईएलएफएस के डायरेक्टर थे। आप एशियन इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, मनीला के बोर्ड ऑफ गवरनर्स के सदस्य तथा फिलीपिंस के मानद कौंसल जनरल के पदों से सम्मानित थे। भारत सरकार ने आपकी अप्रतीत योग्यताओं के मद्देनजर रखकर आपको अनेक सरकारी प्रतिनिधि मंडलों में सम्मिलित किया था। 1992 में तत्कालीन वित्त मंत्री डॉ. मनमोहनसिंह के नेतृत्व में आप जापान गये। आपको अनेक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। इनमें प्रतिष्ठित ''बिजनेसमैन ऑफ ईयर'' तथा जेआरटी टाटा अवॉर्ड फॉर कार्पोरेट लीडरशिप प्रमुख हैं। एक अक्टूबर 1995 को मात्र 52 वर्ष की अवस्था में आपका अमेरिका में असामयिक देहावसान हो गया था।

## आपणी बोली

- स्वाति जैसलमेरिया, जोधपुर

# 'सरकारी अफसर'



खम्मा घणी सा हुक्म आप और म्हे सब ही इण बात सुं अच्छी तरह वाकिफ हां कि सरकारी दफ्तर सुं काम करावणों कितों मुश्किल है। एक बार म्हे बिजली रे बिल में नाम चेंज करावण वास्ते सरकारी कार्यालय में गया हुक्म वठे बैठा एक अफसर बोलियां काम में 10 -15 दिन टाइम लागी अबार स्टाफ कोनी ... या केने महोदय साहब निकल गया म्हे दूसरा अफसर कने गया। वे बोले काम हूँ जाई सा काले 5000 रुपया लेने पधारजो ... और हुक्म दूसरे ही दिन काम हूँ गयो। उन दिन लाग्यो ऐड़ा अफसर हुवणा चईजे जो तेज़ी सुं काम कर सके। जो नियमों सुं बारे निकलण रा तरीका निकाल सके। जो कानून री दरार ढूंढ सके ...पर दूजे ही क्षण या विचार आयो हुक्म की आ भृष्टाचार आपा ही तो फैला रिया हो.. और यो ही कारण है अपणे देश में ईमानदारी सुं काम री आदत खत्म हूती नजर आ रही है ।

आपाणे सरकारी दफ्तर में दो तरह का अफसर है एक सुणे ही नही और हुक्म दूसरा बेकायदा ढंग सुं काम फटाफट कर देवे। और दूजे किस्म का ऑफिसर किन्ही तरह सुं कानून री भाषा ने आपरी भाषा में तब्दील कर देवे। इन्ही कारण ईमानदारी रे मामले में आपा इता नीचे है कि शर्म सुं नज़र ही झुक जावे। सरकार प्रशासनिक कोटे में बेईमान ऑफिसर ने पुरस्कृत भी कर देवे ।

हुक्म एक अफसर संजीव चतुर्वेदी ने उनी कार्यकुशलता पर केंद्र सरकार 'ज़ीरो' अंक दियो , जबकि उन्ही पार्टी री राज्य सरकार दस में सुं साढ़े नो नम्बर देने चुतर्वेदी जी ने 'रमन मैग्सेसे पुरस्कार' सुं सम्मानित कियो अने ओ साबित कर दियो की दोष दिल्ली वालों रो नही इन शासन व्यवस्था, समाज और खास जनों ने ईमानदार अधिकारी कतई नही सुहावे । आपाणे नेताओं में प्रशासनिक अधिकारियों रे खून में बेईमानी बसगी हुक्म आज री व्यवस्था पर आ बात जरूर केवणी पड़ी कि--

ईमानदारी तो दिखे नही ओर बेईमान मलाई चाटता नज़र आवे ।

# माहेश्वरी हाइकू

*5150 वां वर्ष*
*चहूँ ओर है हर्ष*
*उत्पति पर्व*

*वैष्णव हिन्दू*
*सतहत्तर खांपे*
*महेश वंश*

*महेश अंश*
*बारह लाख बस*
*विचारणीय*

*महेश पुत्र*
*मारवाड़ी बाणियां*
*जै राजस्थान*

*कर्मठ इंसान*
*स्वाभिमान है प्राण*
*भिक्षा हराम*

*रग रग में*
*उद्योग व्यवसाय*
*रक्त समान*

*कुर्ता पजामा*
*लहंगा चुनड़ीया*
*साज श्रृंगार*

*जीवों में जान*
*गऊ मात समान*
*महेश महान*

*पेड़ देवत्व*
*प्रकृति अमृतुल्य*
*ईश सदृश*

*तीज त्यौहार*
*आस्था श्रद्धा विश्वास*
*ईश आसक्ति*

*अंकित छाप*
*स्वतंत्रता संग्राम*
*शहीद योद्धा*

*परोपकार*
*सम्पति दीनी वार*
*निःस्वार्थ भाव*

*वर्ल्ड फेमस*
*महेश खान पान*
*शुद्ध और शाही*

*रिश्ते अटूट*
*माँ बाप परिवार*
*प्राथमिकता*

*गहरी छाप*
*माहेश्वरी की साख*
*सबसे खास*

***- सौ. सुमिता राजकुमार मूंधड़ा***
***- 7798955888***



# कठिन समस्याएँ आसान उपाय



**हमारे दैनिक जीवन में कई बार ऐसी परेशानियाँ उठ खड़ी होती हैं, जो कहने को तो सामान्य होती हैं, लेकिन वे सबकुछ तहस-नहस कर देती हैं। और तो और इन समस्याओं का कोई समाधान भी नहीं मिलता, क्योंकि हम इनका कारण ही नहीं जानते। आइये जानें कुछ ऐसी ही समस्याओं के बारे में, उनके कारण के साथ उनके आसान उपाय भी।**

हर कोई चाहता है कि उसका परिवार खुशहाल रहे। पति-पत्नी के बीच प्रेम व सामंजस्य रहे। बच्चे पढ़ाई में रुचि लें, आर्थिक स्थिति सही बनी रहे। न तो परिवार में कोई क्लेश हो, न कहीं बाहर। बस हर व्यक्ति की कामना यही होती है, चाहे वह अमीर हो या गरीब। आखिर जीवन की खुशहाली ही तो इन्हीं सूत्रों में निहित है। यदि ये ही न हों तो खुशहाली भला फिर कैसी?

## अचानक यह हो जाता है

परिवार अच्छा चलता रहता है। सर्वत्र खुशहाली रहती है और अचानक दुर्भाग्य प्रारंभ हो जाता है। परिवार का कोई सदस्य अचानक/बेवजह बेतहाशा शराब पीने लगता है। आपके घर में धन की कमी, बरकत और सुख नहीं रहता है। बेवजह पति-पत्नी में झगड़ा होने लगता है। कई बार तो घर परिवार में किसी सदस्य की कम उम्र में अचानक मौत तक हो जाती है।

## क्यों होती हैं ऐसी घटनाएँ?

अचानक होने वाली ऐसी भयानक घटनाएँ या परिवर्तन सहज-स्वाभाविक नहीं होते। इनके कई कारण हो सकते हैं। इन कारणों से ही ये समस्याएँ उठ खड़ी होती हैं। इसके प्रमुख कारणों में शामिल हैं-आपके घर में पितृदोष होना, घरों में पितरों की तस्वीरों का नहीं लगना, एक ही गौत्र में विवाह होना जिसकी वजह से बच्चों की मानसिक स्थिति खराब रहती है व क्लेश के कारण बरकत नहीं होती। इसी प्रकार अतृप्त आत्माओं की शांति नहीं करने के कारण कार्य भी में असफलता मिलती है। वास्तु दोष में ईशान कोण में शौचालय बना होना या अग्नि कोण में बाथरूम का होना एवं घर में कई वर्षों से हवन-पूजन नहीं होना आदि भी कारणों में शामिल हैं।

## क्या हैं इनके आसान उपाय

ऐसी स्थिति में आपको अपने घरों में वर्ष में एक बार हवन-पूजन अवश्य करना चाहिए। एक ही गौत्र में या मामा की गौत्र में विवाह कभी नहीं करना चाहिए। जन्म कुंडली में पितृदोष होने पर उज्जैन/पुष्कर/कालहस्ती/गया/सोरो आदि स्थानों पर जाकर विधि-विधान से पूजा करनी चाहिए। वास्तु दोष वाले मकान में नहीं रहना चाहिए। उसको ठीक करायें। ईशान में वास्तुदोष होने से बीमारी, अग्नि कोण में पानी या बाथरूम हो तो अग्निकांड उत्तेजना को जन्म देते हैं। ईशान कोण में पवित्रता/हरियाली होनी चाहिए। अमावस्या को पितरों की पूजा कराना चाहिए। पूर्णिमा को ब्राह्मण को कच्चा सामान दान दें तथा भगवान सत्यनारायण कथा करनी भी शुभ होती है। घर में पितृदोष निवारण के लिए पुरानी परम्परा (मान्यता/परिपाटी/प्रचलन/संस्कार) और रीति रिवाज का पालन भी किया जा सकता है। गलत, डरावने सपने, श्मशान के सपने आना, बच्चे सपने में दिखाना, रात को सपने में गला दबाना इत्यादि घटना होने पर तुरंत श्री हनुमानजी और कालभैरव का अनुष्ठान अपने घर में करावें।




सुरेश बिड़ला
उपाध्यक्ष- श्री नगर माहेश्वरी सभा भीलवाड़ा
94133 56203

॥ जय महेश ॥



पंकज बिड़ला
94142 60203

॥ जय महेश ॥



गायत्री बिड़ला
अध्यक्ष-काशीपुरी वकील कॉलोनी
माहेश्वरी महिला संगठन, भीलवाड़ा
97849 09129

हिन्दुस्तान टायर ट्रेडिंग
Dealer of Birla & Bridgestone

BIRLA TYRES Unbeatable!
BRIDGESTONE TYRES

जगदीशचन्द्र डाड- 92148 28183
29, ट्रांसपोर्ट नगर, भीलवाड़ा (राज.) - 311001
फोन : 01482-243253

*Scaling New* **Heights** *of* **Perfection**

# BANK SURPASSES ₹ 3300 CRORE BUSINESS







## SALIENT FEATURES

- IMPS – Merchant Payment Service – for online payment of Electricity, Telephone bills and booking flight, bus and hotel bookings.
- Direct RTGS / NEFT Facility.
- RuPay Debit Card facility – Access to more thantwo lakh ATMs of NFS Member Bank's and merchant establishments in the country.
- Point of Sale Services (POS).
- Inward remittance facility from abroad through Western Union Money Transfer.
- e-Tax payment - Income Tax, Service Tax, Excise, VAT etc., and e-Seva facility at select branches.
- Bancassurance for Life Insurance solutions.
- Mutual Fund Business in tie-up with Reliance Capital Asset Management Co. Ltd.
- Acceptance of NR(E) Deposits.
- Foreign Exchange transactions under AD Category-II.
- Basic Savings Bank Deposit Accounts (under "Financial Inclusion").
- Tax Savings Deposit under Section 80C of Income Tax Act.
- Missed Call Service & Statement of Account through e-mail facility.
- CCC - "Customer Contact Centre" - One Stop Hub help-line desk.
- Loans & Advances to Traders, Businessmen, SSIs, Personal Loans, Consumer Loans, Professional Loans, Educational Loans, Housing Loans, Gold Loans & Loans against NSCs, KVPs etc.

* Conditions apply

### FUTURE PLANS

- Introducing VISA Debit Card Facility, e-Lobby and to increase the network of branches.
- *RBI accorded permission for opening of 8 more branches in the states of Telangana, Andhra Pradesh, Gujarat & Rajasthan.*
- *Expansion of Branch Network.*

महेश बैंक MAHESH BANK మహేశ్ బ్యాంక్

**A.P. MAHESH CO-OP. URBAN BANK LTD.**

ESTD. 1978

(Multi-State Scheduled Bank)

H.O. : 5-3-989, 3rd Floor, Sherza Estate, N.S. Road, Osmangunj, Hyderabad - 500 095 (T.S.) INDIA

Tel.: +91 40 2461 5296, 2461 5299, 2343 7100 – 103 / 2343 7105, Fax : +91 40 2461 6427

43 BRANCH Network | NET Banking | RTGS / NEFT Facility | Point of Sale Services | Mutual Fund Services | Easy Credit for Trade & Industry | FOREIGN EXCHANGE FACILITY | Life Insurance Services | 100% CBS BRANCHES Anywhere Banking

E-mail: info@apmaheshbank.com

Website: www.apmaheshbank.com

महेश नवमी के पावन पर्व पर सभी बंधुओं को
हार्दिक शुभकामनाएं



छगनलाल मुंदड़ा

अध्यक्ष
छत्तीसगढ़ स्टेट इंडस्ट्रीयल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड
राज्य मंत्री दर्जा, छ.ग. शासन

छत्तीसगढ़ स्टेट इंडस्ट्रीयल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड

(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम)

प्रथम तल, उद्योग भवन, रिंग रोड क्रमांक–1, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग) 492006
दूरभाष – 0771 - 2583795, मोबाइल – 94252-09191

Email : csidc.cg@nic.in, chhagan_mundra@yahoo.co.in
Websitw : www.csidc.in

श्री ॐ गं गणपतये नमः

# संकेत सितारों के



पं. विनोद रावल
(ज्योतिर्विद)
फोन : 0734-2515326

**मेष.** यह माह आपके लिये धन लाभ देने वाला रहेगा। मान-सम्मान प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कार्यों में सफलता मिलेगी। अपनो से मुलाकात, व्यापार में वृद्धि होगी। उत्सव समारोह में भाग लेंगे। परिवार के साथ घूमने-फिरने का आनंद उठाएंगे, किंतु स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। संतान की ओर भी विशेष ध्यान रखें। लॉटरी, जुआ आदि से दूरी बनाये रखें। राजकीय कार्य पूरे होंगे। मकान-भूमि के विवाद से दूर रहें।

**वृषभ.** यह माह सामान्य व्यतीत होगा। विद्यार्थी को पढ़ाई में रुचि कम रहेगी। जान-पहचान का क्षेत्र बढ़ेगा। संतान के कार्यों पर व्यय अधिक होगा। वाहन खरीदने के योग, विपरीत योनी की ओर रुझान रहेगा, जिससे परेशानी भी उठानी पड़ेगी। नौकरी में भी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। व्यापार में अपने ही धोखा देंगे। यात्रा के सुअवसर प्राप्त होंगे। कोई भी कार्य करें सोच समझकर निर्णय लेंवे। आय कम और खर्च अधिक होगा।

**मिथुन.** यह माह मिश्रित फलदायक रहेगा। ईश्वर में मन लगेगा, अधिक परिश्रम के बाद सफलता मिलेगी। किसी शुभ एवं सामाजिक समारोह में भाग लेंगे। घर-परिवार में खुशी, शांति का वातावरण रहेगा। बड़ों की सेवा से मन में शांति तथा आशीर्वाद का लाभ मिलेगा। कार्य क्षेत्र में सहयोगी ही आगे बढ़जाएंगे। आर्थिक स्थिति डगमगा जावेगी। अनुभवी एवं प्रतिष्ठित लोगों का सहयोग मिलेगा। किसी को कर्ज नहीं दें। नौकरी में प्रमोशन होगा। अपनों के व्यवहार से मन दुःखी होगा।

**कर्क.** यह माह आपके लिये सफलतादायक रहेगा। समाज में मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। सरकारी कार्यों से लाभ होगा। नया व्यवसाय करना श्रेष्ठ रहेगा। गहने, वस्त्राभूषण खरीदेंगे। विपरीत योनी की ओर रुझान रहेगा। राजनीति में रुचि होकर उसमें सम्मान मिलेगा। हास-परिहार में समय व्यतीत होगा। आय के एक से अधिक साधन होंगे। विरोधी सक्रिय रहेंगे। किसी के भरोसे कार्य न छोड़े। नुकसान उठाना पड़ेगा, क्रोध पर काबू रखें।

**सिंह.** इस माह आपको शुभ समाचार प्राप्त होंगे। बिगड़े कार्य बनेंगे। सफलता मिलेगी। व्यापार के कारण बाहर भी जाना पड़ सकता है, किसी पर एकदम विश्वास न करें। संतान के कारण चिंता बनी, धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। जीवन साथी से वैचारिक मतान्तर बने रहेंगे। आय की तुलना में व्यय अधिक होगा। दौड़-धूप अधिक होगी। शुरु कार्य के लिये, प्रयास में सफलता मिलेगी। विरोधी से सावधानी रखें, स्वास्थ्य पर ध्यान रखें।

**कन्या.** इस माह आपका अध्यात्म की ओर झुकाव कार्य क्षेत्र में सफलता रुके कार्य पूरे होंगे। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। घर, परिवार में सुख, शांति नहीं रहेगी। सम्पत्ति का विवाद बना रहेगा। संतान से संबंधी कार्यों की चिंता कम होगी। कार्यक्षेत्र में उन्नति मानसिक तनाव कम और स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रसन्नता का वातावरण रहेगा, यात्रा होगी। जीवन साथी का पूरा सहयोग मिलेगा।

**तुला.** यह माह शुभ और अनुकूल रहेगा। विद्यार्थी वर्ग को परीक्षा इंटरव्यू में सफलता मिलेगी। मित्र एवं रिश्तेदारों से सहयोग मिलेगा। व्यवसाय और नौकरी के लिये समय अनुकूल रहेगा, उन्नति होगी। मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कार्यों में सफलता मिलेगी। समारोह दावत में सम्मिलित होंगे। खर्च अधिक होगा। संतान के संबंधित कार्यों में भाग दौड़ रहेगी। अच्छे लोगों से मुलाकात होगी। हार्दिक प्रसन्नता अनुभव करेंगे। अनायास धन की प्राप्ति होगी।

**वृश्चिक.** इस माह में मन प्रसन्न रहेगा। रुका हुआ धन मिलेगा। पैतृक सम्पत्ति प्राप्त होगी। नया वाहन खरीदेंगे। माता-पिता, परिवार का सुख प्राप्त होगा। अविवाहित के वैवाहिक संबंध तय होंगे। शुभ समाचार मिलेगा। यात्रा के सुअवसर प्राप्त होंगे। लेन-देन में सावधानी बरतें। आर्थिक दृष्टि से यह समय शुभ रहेगा। शत्रु से सतर्क रहें। स्वास्थ्य कुछ नरम-गरम बना रहेगा। खर्च की अधिकता बनी रहेगी।

**धनु.** यह माह आपके लिये भाग-दौड़ भरा रहेगा। कार्य में देरी होगी। उच्चाधिकारियों से अनबन बनी रहेगी। घर-परिवार में कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। माता-पिता का सुख प्राप्त होगा। बौद्धिक कार्यों में सफलता मिलेगी। क्रय-विक्रय में खर्च अधिक करेंगे। आँखों से संबंधित कष्ट होगा। धार्मिक कार्यों में रुचि रहेगी। नौकरी में प्रमोशन से मन प्रसन्न होगा। अचानक यात्रा के योग बनेंगे। जीवन साथी का पूरा सहयोग प्राप्त होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान रखें।

**मकर.** इस माह आपको आनंद एवं परिवार का सहयोग प्राप्त होगा। सुख-सुविधा व भोग विलास की वस्तुएं क्रय करेंगे। ननिहाल पक्ष से शुभ समाचार मिलेगा। नौकरी में अधिकारी वर्ग, भाग्योदय कारक रहेगा। व्यापार में सफलता मिलेगी। धर्म-कर्म और शुभकार्यों के प्रति सम्मान बढ़ेगा। मेहमानों का आगमन बना रहेगा। अचानक लाभ होगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अपने बल पर वातावरण को अनुकूल बना लेंगे। आपकी जीत होगी।

**कुंभ.** यह माह सामान्य है। न्यायालयी प्रकरणों से परेशानी रहेगी। साझेदारी से धोखा मिलेगा। आय की अपेक्षा व्यय अधिक होगा। जीवन साथी के स्वास्थ्य की चिंता बनी रहेगी। मेहनत एवं पराक्रम से विजय, लाभ एवं यश प्राप्त होगा। घर से बाहर जाने के योग परिलक्षित होते हैं। कार्य में आय होगी, व्यय धीरे-धीरे दूर होंगे। व्यवसाय में उन्नति करेंगे। वाहन सावधानी से चलायें। मित्र भी शत्रु बन जाएंगे।

**मीन.** यह माह सुख समृद्धि दायक रहेगा। समाज में मान-सम्मान प्राप्त होगा। कार्यक्षेत्र में सफलता एंव लाभ उठाएंगे। नौकरी में उच्च अधिकारियों से लाभ के सुअवसर मिलेंगे। कला, लेखन कार्यों से आय की प्राप्ति होगी। सामाजिक समारोह, मनोरंजन, उत्सव का आनंद उठाएंगे। दाम्पत्य सुख मिलेगा। वाहन सुख, मकान सुख, प्राप्त होगा। धार्मिक कार्यों में रुचि रहेगी। विपरीत योनी की ओर रुझान बढ़ेगा।

## श्रीमती लक्ष्मीबाई दरक



**वर्धा (महाराष्ट्र).** समाज के वरिष्ठ स्व. श्री रामकिसन दरक की धर्मपत्नी 95 वर्षीय श्रीमती लक्ष्मीबाई दरक का स्वर्गवास गत दिनों हो गया है। आप अपने पीछे पुत्र द्वारकादास, दामोदार, शैलेष सहित तीन पुत्रियों का भरापूरा परिवार छोड़ गई हैं।

## श्रीमती शांता देवी कोगटा



**रायला.** श्यामसुंदर, कृष्ण गोपाल (मंडल अध्यक्ष भाजपा रायला) बाबूलाल व कैलाशचंद्र कोगटा की माताजी श्रीमती शांतादेवी कोगटा धर्मपत्नी स्वर्गीय श्रीरामदयाल कोगटा का स्वर्गवास गत 28 मई को हो गया है। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई हैं।

## श्री पुष्पेंद्र बसेर



**काछोला.** जगदीशचंद्र बसेर के सुपुत्र पुष्पेंद्र बसेर का गत 13 जून को हृदयाघात से मात्र 35 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनके निधन से पूरे काछोला ग्राम में शोक छा गया। दाह संस्कार व उठावने में हजारों लोगों ने श्रद्धांजलि दी है।

## श्रीमती सुमतिदेवी नवाल

**जलगाँव.** समाज की वरिष्ठ सुमतिदेवी-श्यामसुंदर नवाल का गत दिनों स्वर्गवास हो गया। आप मल्टीमीडिया फीचर्स के सीईओ सुशील नवाल की माता थीं। आप अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई हैं।

## श्री जगदीश काबरा

**नासिक.** भाभानगर निवासी जगदीश-भागीरथ काबरा का गत दिनों स्वर्गवास हो गया। आप सिद्धांत डेकोरेटर्स के संचालक संदीप काबरा के बड़े भाई एवं सीए ओमप्रकाश जाजू के साले थे। आप अपने पीछे माता, पत्नी, दो पुत्र, 1 भाई, 3 बहनों सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

## श्रीमती नंदुबाई राठी

**चक्कुर (लातूर).** समाज की वरिष्ठ श्रीमती नंदूबाई-रामगोपाल राठी का 95 वर्ष की उम्र में स्वर्गवास हो गया। आप अपने पीछे भरापूरा-परिवार छोड़ गई हैं।

## श्रीमती प्रेमलता राठी



**जलगांव.** समाज के वरिष्ठ श्री दगडूलालजी-किसनलाल मूंदड़ा (खिरकिया छिपावड वाला) की सुपुत्री श्रीमती प्रेमलता-विट्ठलदास राठी का 68 वर्ष की उम्र में पिपरिया जिला होशंगाबाद (मप्र) में स्वर्गवास हो गया। आप कृष्णकांत मूंदड़ा व ओमप्रकाश मूंदड़ा की बड़ी बहन थीं।

## श्री जमनालाल जी काबरा



**कोटड़ी.** भीलवाड़ा जिला सभा के उपाध्यक्ष मुरलीधर व कृष्णगोपाल काबरा के पिताजी व समाज के वरिष्ठ सदस्य जमनालाल काबरा का स्वर्गवास गत 16 जून को हो गया है। श्री काबरा पौत्र-पौत्री आदि का भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

## श्री राजेंद्र मूंदड़ा

**नासिक.** गोविंदनगर निवासी श्री राजेंद्र-राधाकिशन मूंदड़ा का 50 वर्ष की अवस्था में स्वर्गवास हो गया। आप अपने पीछे पत्नी, 1 पुत्र, 1 पुत्री, भाई-बहन आदि का भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

## डॉ. जगदीश मर्दा

**सीडको (नासिक).** समाज के वरिष्ठ डॉ. जगदीश-मदनगोपाल मर्दा का 70 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। आप डॉ. रूपेश मर्दा के पिता थे। आप अपने पीछे पत्नी, 2 पुत्र, 1 पुत्री सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

## श्रीमती पद्मादेवी बजाज

**ओझर (भीग).** समाज सदस्या श्रीमती पद्मादेवी-विजय बजाज का गत दिनों स्वर्गवास हो गया। आप अपने पीछे पति, 1 पुत्र, 1 पुत्री आदि का भरापूरा परिवार छोड़ गई हैं।

## श्री अजय मूंदड़ा

**सीडको (नासिक).** श्री अजय-विश्वनाथ मूंदड़ा (नगरदेवका वाले) का गत दिनों 55 वर्ष की उम्र में स्वर्गवास हो गया। अपने पीछे भरापूरा शोकाकुल परिवार छोड़ गए हैं।

## श्री दिलीप कलंत्री

**नासिक.** समाजसेवी राजेंद्र कलंत्री के बड़े भाई श्री दिलीप-चंदूलाल कलंत्री का 55 वर्ष की अवस्था में स्वर्गवास हो गया। आप अपने पीछे भरापूरा शोकाकुल परिवार छोड़ गए हैं।

## श्रीमती शांताबाई अटल



**डीग्ररा.** समाज सदस्य ओमप्रकाश अटल की माताजी श्रीमती शांताबाई-गोपीकिशन अटल का 73 वर्ष की अवस्था में स्वर्गवास हो गया। आप डीग्रस के नगर सेवक किशोर साबू एवं सीडको (नासिक) के सामाजिक कार्यकर्ता अजय बजाज की सास थीं।

## श्री सोहनलाल कोगटा



**भीलवाड़ा.** रमेशचंद्र, बनवारीलाल, राजेंद्र प्रसाद, सुरेशचंद्र के पिता श्री सोहनलाल कोगटा (एडवोकेट) का गत 9 जून को 95 वर्ष की अवस्था में दिल का दौरा पड़ने से स्वर्गवास हो गया। श्री कोगटा लंबे समय तक विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े रहे। विशेष कर महेश स्कूल को उन्होंने सक्रिय सेवा दी।

## सेठ श्री मदनलाल मानधन्या



**बाग।** धार जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष, माहेश्वरी समाज बाग के पूर्व अध्यक्ष, पूर्व सरपंच व उपसरपंच सेठ श्री मदनलाल मानधन्या का गत दिनों निधन हो गया। श्री मानधन्या जिला सहकारी बैंक के संचालक भी रहे। उनके निधन से बाग सहित सम्पूर्ण क्षेत्र मे शोक की लहर छा गई। आप कांग्रेस के जिलाध्यक्ष भी रह चुके हैं।

## श्रीनिवास मालाणी

**अमरावती.** समाज के 94 वर्षीय वयोवृद्ध सदस्य श्री. श्रीनिवास मालाणी का गत दिनों देहावसान हो गया। अपनी सादगी पूर्ण जीवन शैली, साहित्यिक रुचि व स्वास्थ्य संबंधी जानकारी के कारण आप संपूर्ण समाज में लोकप्रिय थे। आपने अपने 94 वर्ष के जीवनकाल में कभी बीमारी का मुँह नहीं देखा था। आप ख्यात कृषि वैज्ञानिक डॉ. सूर्यप्रकाश मालानी के पिता थे।

## श्री मुरलीमनोहर गांगूड़ा

**पिपरिया.** कर सलाहकार, समाजसेवी व खेलप्रेमी श्री मुरलीमनोहर गांगूड़ा का गत दिनों देहावसान हो गया। सामाजिक बंधुओं सहित शहर की विभिन्न संस्थाओं द्वारा शोक संवदेना व्यक्त की गई। आप श्री गोपाल गांगूड़ा के बड़े भाई तथा नमन व नवीन के पिता थे।

AN EMOTIONAL
EXPERIENCE
SINCE 1996

A COMPLETE SOLUTION
FOR
PERFECT DESTINATION
WEDDINGS
&
CORPORATE EVENTS...!!



**SERVICES :**

Venue Selection, Theme Decoration, Hospitality, Travel & Logistic, Artist & Celebrity Management, Varmala Concept, Bride & Groom Entry, Sound & Light, Beauticians, Photography & Videography, Choreography, Fire Works, Vendor Management, Venue Management, Corporate Conference, Dealer & Customer Meet, Award Ceremony, Birthday & Anniversary Party, Mehandi Function, Sangeet Programme... and Many More.

**Kanchan Jajoo**
Choreographer & Anchor
Cell : 09314732157

**The Rajasthan's First "Quality Brand Award" Winner Company.**

**Suresh Jajoo**
Director
Cell : 09982221213

BASK
ENTERTAINMENT CO. PVT. LTD
An ISO 9001 : 2015 Certified Company

Head Office : 2nd Floor, Above Zaara Fashion, Opp. Gold Plaza, 2nd B' Road, Sardarpura, Jodhpur (Raj.), INDIA
Phone: +91 291 263 1213 Mobile: +91 998 222 1213 • Visit us at: www.baskentertainment.com
Email : baskentertainment@gmail.com • contact@baskentertainment.com

SERVICES AVAILABLE AT ALL OVER INDIA & ABROAD

CreativePoint

शिवराज सिंह चौहान
मा. मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश शासन

## केनो स्लालॉम वर्ल्ड कप प्राग, चेक रिपब्लिक में
## मध्य प्रदेश वॉटर स्पोर्ट्स अकादमी के खिलाड़ी बने वर्ल्ड नंबर 4!




*"शानदार प्रदर्शन के लिए अकादमी के प्रिंस परमार और चंपा मौर्य एवं प्रशिक्षकों को हार्दिक बधाई."*

यशोधरा राजे सिंधिया
मंत्री, खेल एवं युवा कल्याण, म.प्र. शासन

खेल और युवा कल्याण विभाग मध्य प्रदेश

खेल और युवा कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश

D81513



RNI-MPHIN/2005/14721
Po.-Malwa Division/244/2017-2019
Despatch Date - 02 JULY, 2017

If Undelivered Please Return To
**SRI MAHESHWARI TIMES**
90, Vidya Nagar (Behind Tedi Khajur Dargah),
Sanwer Road, UJJAIN (M.P.) - 456010
Ph. 0734-2526561, 2526761, Mo. : 94250 91161
E-mail : smt4news@gmail.com

FREE REGISTRATION AT www.srimaheshwarimelapak.com